THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर * पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

वर्ष-30 अंक : 320 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन कृ.13, 2082 रविवार, 15 फरवरी-2026

## मोदी वायुसेना के एयरक्राफ्ट से असम के हाईवे पर उतरे:ऐसा करने वाले पहले पीएम

# कांग्रेस आतंकियों को कंधे पर बिठाती है : पीएम

गुवाहाटी, 14 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गुवाहाटी में कहा- कांग्रेस ने देश को खतरे में डालकर रखा था। कांग्रेस ने जब भी सेना के लिए हथियार खरीदे, उसका मतलब हजारों करोड़ का घोटाला था।

उन्होंने कहा-आज की कांग्रेस ऐसे लोगों और विचारों का साथ दे रही है जो देश के खिलाफ सोचते हैं। जो लोग देश को तोड़ने की बात करते हैं या ऐसे नारे लगाते हैं, वे कांग्रेस के लिए सम्मानित बन गए हैं। पीएम पहले चाबुआ एयरफील्ड पहुंचे थे। इसके बाद वे वायुसेना के C-130 एयरक्राफ्ट से डिब्रूगढ़ पहुंचे। प्लेन ने यहां मोरन बाईपास पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) पर लैंडिंग की। मोदी ऐसा करने वाले पहले



प्रधानमंत्री बने। कांग्रेस के समय असम को पाई-पाई के लिए तरसाया जाता था। तब टैक्स के हिस्से के रूप में सिर्फ 10 हजार करोड़ रुपए मिलते थे। भाजपा की सरकार में 5 गुना ज्यादा मिल रहे हैं। जब मैं प्लेन से मोरन हाईवे पर उतरा तो नया इतिहास बन गया। कभी नार्थ ईस्ट का नाम आते ही लोग सोचते थे कि छोड़ो टूटी सड़क मिलेंगी तो कब ही पहुंचेंगे। आज यहां हाईवे पर हवाई जहाज भी लैंड करते हैं। भाजपा सरकार ने 10 साल में ब्रह्मपुत्र पर 5 बड़े पुल बनाए। कांग्रेस की 70 साल की सत्ता में 3 पुल बने। यह बताता है कि कांग्रेस ने असम को समस्या दी और हमने समाधान दिए।

पिछले 12 साल में जब भी कोई नई शुरुआत हुई तो उसका फायदा नार्थ ईस्ट को मिला। वंदे भारत शुरू हुई तो असम नार्थ ईस्ट कनेक्ट हो गया। स्लीपर वंदे भारत भी असम से शुरू हुई। असम के लोगों के वोट के कारण यहां लाखों परिवारों के घर बने। शौचालय बने। पीने का पानी घर तक पहुंचा। इस पुण्य का हकदार भाजपा के बूथ का कार्यकर्ता है। पीएम मोदी का प्लेन आज सुबह करीब 10 बजे मोरन बाइपास पर बनी ईएलएफ पर उतरा। यह एयरस्ट्रिप सैन्य रणनीति के लिए अहम है।

## 'जोर-जोर से झूठ बोलना और दोहराना राहुल गांधी की नीति'

कराईकल, 14 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की किसान नेताओं से मुलाकात के बाद बीजेपी हमलावर है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर भारत-यूएस ट्रेड डील को लेकर किसानों और मछुआरों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। अमित शाह ने शनिवार को कहा कि हाल में किए गए मुक्त व्यापार समझौतों एवं भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में देश के किसानों और मछुआरों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है। उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल पर झूठ बोलकर किसानों एवं मछुआरों को गुमराह करने और भ्रम पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए अमित शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने 'रोजाना झूठ बोलने की एक नई परंपरा शुरू कर दी है।' कराईकल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक बड़ी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, 'झूठ बोलना, जोर-जोर से झूठ बोलना और उसे दोहराना राहुल की नीति है।

## 'जज परफेक्ट हैं, दिखावा नहीं कर सकते'

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत (सीजेआई) ने शनिवार को कहा है कि जुडिशियल लीडरशिप को तब भुगतना पड़ता है, जब जजों के परफेक्ट होने का दावा किया जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि जजों और न्यायिक संस्थानों को हमेशा विकास करने में सक्षम होना चाहिए और सुधारों और बेहतरी के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कॉमनवेल्थ जुडिशियल एजुकेटर्स की 11वीं द्विवार्षिक बैठक में कीनोट एड्रेस के दौरान ये बातें कही हैं।

**'जजों के परफेक्ट होने का दावा नहीं कर सकते'**

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, 'मेरी राय में यह नजरिया संस्था की सराहना करता है, लेकिन इसे फायदा नहीं पहुंचाता। जुडिशियल लीडरशिप को इससे नुकसान नहीं होता कि जज परफेक्ट नहीं हैं, इसे तब दिक्कत होती है, जब यह मान लिया जाता है कि वे परफेक्ट हैं।' सीजेआई का कहना है कि इतिहास में जो सबसे सम्मानित जुडिशियल लीडरशिप हुई है, उन्होंने भी कभी परफेक्शन का दावा नहीं किया, बल्कि सीमाओं के प्रति जागरूक रहे हैं और सीखने और संभावित त्रुटियों के प्रति हमेशा सावधान रहे हैं।






## घाटी में आतंकवादी नेटवर्क पर नकेल, जैश के सक्रिय आतंकियों की जानकारी के लिए लगाए गए पोस्टर



जम्मू, 14 फरवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में पुलिस ने वांछित आतंकियों की जानकारी जुटाने के लिए कई सार्वजनिक स्थानों और चेकपोस्टों पर पोस्टर लगाए हैं। इन पोस्टरों में पाकिस्तानी कमांडर सैफुल्लाह समेत जैश-ए-मोहम्मद के सक्रिय आतंकियों की तस्वीरें और विवरण दिए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र में मुठभेड़ों और खुफिया सूचनाओं के बाद सुरक्षा अभियान को और तेज करने के लिए उठाया गया है। पोस्टर नागरी, देसा, गनपत ब्रिज (डोडा एंट्री पॉइंट) और थथरी जैसे मुख्य स्थानों पर लगाए गए हैं और भविष्य में अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में भी पोस्टर लगाए जाएंगे।

सुरक्षाबलों ने शनिवार सुबह गांधो क्षेत्र के चिली जंगल में एक आतंकवादी अड्डा भी खोजा, जहां खाने-पीने की वस्तुएं और कंबल बरामद हुए। अधिकारियों ने बताया कि इससे इलाके में हाल ही में आतंकियों की गतिविधियों का संकेत मिलता है, जिससे खोज अभियान और तेज कर दिया गया है। पोस्टरों में जनता से अनुरोध किया गया है कि किसी भी विश्वसनीय जानकारी को पुलिस के साथ साझा करें और गोपनीयता का आश्वासन दिया गया है। यह पोस्टर अभियान चेनाब घाटी में आतंकवादी नेटवर्क को तोड़ने के प्रयासों का हिस्सा है।

# पीएम मोदी और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने

## बलिदानी वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि, अदम्य साहस को किया याद

**नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)।**

यय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 2019 में जम्मू और कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले में बलिदान हुए सीआरपीएफ कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उनके अदम्य साहस और बलिदान से हर भारतीय को ताकत मिलती है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 2019 में पुलवामा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को याद कर रहा हूं। उनकी देशभक्ति, दृढ़ संकल्प और सेवा सदैव हमारी सामूहिक स्मृति में अंकित रहेगी। हर भारतीय को उनकी हिम्मत से ताकत मिलती है।

### राहुल गांधी ने बलिदानी वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके साहस और वीरता को याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पुलवामा में 2019 के दुस्साहसी आतंकी हमले में शहीद हुए हमारे वीर जवानों को मेरी भावपूर्ण श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि भारत माता की रक्षा में उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा।



### उपराष्ट्रपति ने भी बलिदानी जवानों को किया याद

दूसरी ओर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि पुलवामा हमले में बलिदान हुए जवानों का सर्वोच्च बलिदान हमेशा राष्ट्र की स्मृति में अंकित रहेगा और हमें एक मजबूत व सुरक्षित भारत बनाने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

### पुलवामा हमला, जिससे रो पड़ा था देश

याद दिला दें कि 14 फरवरी 2019 का काला दिन जब जम्मू और कश्मीर के पुलवामा जिले में एक आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें 78 बसों में यात्रा कर रहे 2,500 सीआरपीएफ जवानों में से 40 शहीद हो गए थे। हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ली थी। इसके जवाब में भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों पर हवाई हमले किए। पुलवामा हमला भारत-पाकिस्तान संबंधों में तनाव बढ़ाने के साथ ही जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा और आतंकवाद पर वैश्विक चर्चा का कारण भी बना। इस दिन को 'ब्लैक डे' के रूप में याद किया जाता है, जब 40 बहादुर सीआरपीएफ जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी।

## सड़क हादसा; कार खाई में गिरने से दो महिलाओं सहित चार की मौत

रामपुर बुशहर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के भावानगर उपमंडल में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और एक घायल है। घायल का छोल्टू अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 7:00 बजे जानी संपर्क मार्ग पर हादसा हुआ। टापरी से जानी जा रही कार संख्या एचपी 26 बी 8999 अचानक जानी संपर्क मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के समय गाड़ी में पांच लोग सवार थे, जिनमें से चार की मौके पर ही मौत हो गई। एक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# पाक की साजिश नाकाम, ड्रोन से भेजी 20 करोड़ की हेरोइन





जम्मू, 14 फरवरी (एजेंसियां)। कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान की ड्रोन के जरिए नशीले पदार्थ भेजने की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। दो दिनों के भीतर ड्रोन से गिराए गए दो बड़े कंसाइनमेंट बरामद किए गए हैं। इस घटना के बाद पाक की एक और नापाक साजिश का पर्दाफाश हुआ है और पता चला है कि अब गोला बारूद के अलावा नशीले पदार्थ भेज रहा है। कठुआ पुलिस ने पाकिस्तानी ड्रोन से गिराई गई हेरोइन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी इंटरनेट कॉल के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में थे। जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में बीएसएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर ड्रोन से गिराई गई एक और बड़ी खेप बरामद की। इस संयुक्त कार्रवाई में 4 किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 20 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है।

फिलहाल आरएस पुरा के अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में बीएसएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन जारी है। पाकिस्तान सीमा से जुड़े इलाकों में जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां लगातार रेड डाल रही हैं। वहीं भारतीय सेना भी मुस्तैदी से घुसपैठियों पर नजर रखे हुए है। पहलगाम हमले के बाद पाक सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी है, साथ ही उसके बाद भारतीय सेना दर्जनों एनकाउंटर किए हैं और संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। जांच में पुलिस ने बिजली की तेजी दिखाई।

सबसे पहले जतिन (पुत्र अजीत कुमार, निवासी मनवाल, पठानकोट) को गिरफ्तार किया गया। यह पंजाब कनेक्शन को दर्शाता है। जतिन की निशानदेही पर कठुआ से पुलिस ने दानिश डोगरा उर्फ साजन को हिरासत में लिया। जैसे-जैसे जांच का दायरा बढ़ेगा पाक के सफेद नशे में शामिल कई और लोगों को गिरफ्तार किया जा सकता है।

## मुंबई में बड़ा हादसा, भरभराकर गिरा निर्माणाधीन मेट्रो का पिलर; कई घायल

मुंबई, 14 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में मेट्रो का पिलर गिरने से भयानक हादसा हो गया। घटना मुलुंड की है। जहां अचानक भरभराकर मेट्रो का पिलर गिर गया। जिसकी चपेट में आकर कई लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मुलुंड पश्चिम में निर्माणाधीन मेट्रो पिलर का सीमेंट का हिस्सा नीचे से गुजर रहे ऑटो रिक्शा पर गिरा, जिससे कई लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना के बारे में बीएमसी ने बताया कि आज (शनिवार) दोपहर 12.20 बजे जॉनसन एंड जॉनसन कंपनी, एलबीएस रोड, मुलुंड (पश्चिम) के पास मेट्रो पिलर का एक हिस्सा गिर गया। निर्माण के दौरान सीमेंट मेट्रो पिलर का एक हिस्सा टूटकर एक रिक्शा पर गिर गया। हादसे के तुरंत बाद मुंबई फायर ब्रिगेड, पुलिस, मेट्रो स्टाफ, वार्ड स्टाफ और 108 एम्बुलेंस सेवा मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू कर दिया। ऑटो रिक्शा में 3-4 लोगों के घायल होने की आशंका है। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि निर्माणाधीन मेट्रो रेल मार्ग के एक खंभे का हिस्सा गिरने से तीन से चार लोगों के घायल होने की आशंका है। उन्होंन आगे कहा कि पिलर के सीमेंट का स्लैब टूटकर नीचे खड़े एक ऑटो रिक्शा पर गिर गया, जिससे ऑटो रिक्शा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। तीन से चार लोगों के घायल होने की आशंका है। वहीं हादसे के बाद पुलिस ने इलाके को घेरकर ट्रैफिक डायवर्ट किया।

## प्रसाद खाने से एक ही परिवार के 18 लोग बीमार

जबलपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के जबलपुर में प्रसाद के रूप में मिठाई खाने से एक ही परिवार के 18 लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित जबलपुर में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक की हालत नाजुक है, जिसे नागपुर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक भेड़ाघाट चौराहे पर रहने वाले पटेल परिवार ने बीकानेर स्वीट्स से 4 किलो मिठाई खरीदी थी। परिवार के सदस्य त्रिपुर सुंदरी मंदिर पहुंचे, जहां पूजा-पाठ के बाद उन्होंने प्रसाद के रूप में वही मिठाई खाई। गुरुवार शाम से ही तबीयत बिगड़ने लगी थी, जब हालत ज्यादा खराब हुई तो सभी बीमारों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित परिवार के रिश्तेदार रोहित पटेल ने बताया कि बीमार लोगों में दो पुरुष हैं, शेष बच्चे और महिलाएं हैं। उनका कहना है कि फिलहाल सभी लोगों का इलाज करवाया जा रहा है।

## वंदे मातरम पर इमाम का विवादित बयान

### बोले- अल्लाह के साथ किसी और को इबादत में शरीक करना स्वीकार्य नहीं

उज्जैन, 14 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने 28 जनवरी को राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इनके मुताबिक अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम्' बजाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। उज्जैन के इमाम मुफ्ती सैय्यद नासिर अली नदवी ने इस आदेश को इस्लाम विरोधी बताया है। उन्होंने कहा- यह आदेश हमारी धार्मिक आजादी पर हमला है। वंदे मातरम् में कहा गया है कि हिंदुस्तान की भूमि की हम पूजा करते हैं लेकिन मुसलमान के लिए यह बिल्कुल भी सही नहीं है कि वह अल्लाह के साथ किसी और को अपनी इबादत में शरीक करे। हम कहेंगे कि जिन स्कूलों में वंदे मातरम् को अनिवार्य किया जा रहा है, वहां से सभी मुसलमान अपने बच्चों को निकाल लें। हम इसकी इजाजत नहीं दे सकते कि वह इस्लाम में रहकर किसी और खुदा की इबादत करे। यह फैसला कानून के खिलाफ है। मेरी सरकार से गुजारिश है कि वह अपना फैसला वापस ले।

## 15 साल की नाबालिग ने फांसी लगाकर सुसाइड किया

भोपाल, 14 फरवरी (एजेंसियां)। सूखी सेवनिया थाना इलाके में रहने वाली 15 साल की किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर के एक कमरे में किशोरी ने अपने दुपट्टे का फंदा तैयार कर फांसी लगाई है। रात फंदे पर लटके शव को देखने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर केस की जांच शुरू कर दी है। सुखी सेवनिया थाने के SI यादव ने बताया कि 15 वर्षीय काजल बंजारा पिता रमेश बंजारा सुखी शिवन्या बंजारा बस्ती की रहने वाली थी। वह पांचवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ चुकी थी। उसके माता-पिता फेरी लगाकर प्लास्टिक आइटम बेचने का काम करते हैं। मां और पिता हर रोज की तरह शुक्रवार सुबह घर से निकल गए थे। छोटे भाई ने बड़ी बहन के शव को फंदे पर लटका देखने के बाद मां-पिता को कॉल पर सूचना दी। शोर मचा कर पड़ोसियों को बुलाया। मां-पिता ने घर पहुंचने के बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी।

# कांग्रेस ने पीएम मोदी के लिए बुक की फ्लाइट की टिकट

## कहां भेजना चाह रही पार्टी? पवन खेड़ा ने कहा - 'बस इंतजार'

**नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)।**

असम दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर कांग्रेस ने जोरदार हमला बोला है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर उनसे हिंसा प्रभावित मणिपुर जाने की मांग की है। उनके इस पोस्ट के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। पवन खेड़ा ने अपने पोस्ट में लिखा कि चुनाव वाले राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता बन जाते हैं, लेकिन मणिपुर को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मणिपुर 2023 से हिंसा झेल रहा है और हालात अभी भी पूरी तरह सामान्य नहीं हुए हैं। उन्होंने यह भी लिखा कि प्रधानमंत्री इस समय असम में हैं और मणिपुर वहां से ज्यादा दूर नहीं है। ऐसे में उन्हें वहां जाकर लोगों से मिलना चाहिए। उनके मुताबिक, प्रधानमंत्री की मौजूदगी से मणिपुर के लोगों को भरोसा मिल सकता है।

### मणिपुर में 2023 से हिंसा

मणिपुर में 2023 से जातीय हिंसा की घटनाएं सामने आती रही हैं। विपक्ष लगातार केंद्र सरकार से सवाल करता रहा है। वहीं सरकार का कहना है कि हालात सुधारने और शांति बहाल करने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से इस बयान पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इस पूरे मामले को लेकर सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई है। जहां कांग्रेस समर्थक इसे मणिपुर की अनदेखी बता रहे हैं, वहीं विरोधी इसे राजनीतिक दिखावा कह रहे हैं।



### फ्लाइट टिकट की फोटो साझा की

कांग्रेस नेता ने अपने पोस्ट के साथ गुवाहाटी से इम्फाल की फ्लाइट टिकट की तस्वीर भी साझा की। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री की सुविधा के लिए टिकट बुक कर दिया गया है और उन्हें सिर्फ विमान में सवार होना है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास प्रधानमंत्री का नंबर नहीं था, इसलिए टिकट सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं। खेड़ा ने केंद्र सरकार के 'पीएम केयर्स' फंड का जिक्र करते हुए कहा कि मणिपुर जाकर यह दिखाना चाहिए कि वे सच में राज्य की चिंता करते हैं।

# रुचि तिवारी ने कहा- जाति पूछकर 500 लोगों ने मुझ पर हमला किया; दुष्कर्म की धमकी दी




नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली यूनिवर्सिटी में यूजीसी के समर्थन में हुए प्रदर्शन के दौरान महिला पत्रकार रुचि तिवारी पर कथित हमले का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अब उनका बयान सामने आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन कवर करने पहुंचीं तो भीड़ ने नाम और जाति पूछने के बाद उन्हें घेर लिया और मारपीट की। रुचि ने इसे सुनियोजित हमला बताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। दरअसल, बीते दिन यूजीसी के समर्थन में प्रदर्शन के दौरान नोंकझोंक का मामला सामने आया था। इसे पूरे मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं अब इस मामले में रुचि तिवारी ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि 'मैं एक जर्नलिस्ट हूं, जो प्रोटेस्ट कवर करने वहां गई थी। मीडिया वालों में से एक ने मेरा ध्यान खींचने के लिए मेरा नाम लिया। मैं उनके पास गई, फिर उन्होंने मेरा पूरा नाम और जाति पूछी। उन्होंने कुछ लोगों को इशारा किया और पूरी भीड़ मेरी तरफ आई और मुझ पर हमला कर दिया।'

# दिल्ली विधानसभा का सख्त रुख, पंजाब के शीर्ष अफसरों को 20 फरवरी तक लिखित जवाब का अल्टीमेटम



नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति ने पंजाब सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह), पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), पंजाब तथा पुलिस आयुक्त, जालंधर को निर्देश दिया है कि वे विपक्ष की नेता आतिशी से संबंधित कथित टिप्पणियों के मामले में अपना लिखित उत्तर 20 फरवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। समिति ने स्पष्ट किया है कि यह तिथि अंतिम अवसर के रूप में मानी जाएगी और इसके बाद कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। समिति ने अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह), पंजाब सरकार से इस प्रकरण से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज भी मांगे हैं। इनमें शिकायत की प्रति एवं उसके संलग्नक, जिनके आधार पर एफआईआर दर्ज की गई, एफआईआर की प्रति, पंजाब पुलिस के सोशल मीडिया विशेषज्ञ (टेक्निकल सेल) की रिपोर्ट तथा पंजाब की फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की रिपोर्ट शामिल हैं। समिति ने निर्देश दिया है कि सभी जवाब और दस्तावेज निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रस्तुत किए जाएँ, ताकि प्रक्रिया एवं कार्यसंचालन नियमों के अनुसार उन पर विचार किया जा सके। समय पर जानकारी उपलब्ध न कराने की स्थिति में इसे विशेषाधिकार हनन एवं अवमानना के रूप में देखा जा सकता है। यह भी उल्लेखनीय है कि 12 फरवरी 2026 को अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह), पंजाब सरकार के कार्यालय द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया कि 5 फरवरी 2026 को दिल्ली विधानसभा सचिवालय द्वारा भेजे गए पत्र से पूर्व इस मामले में कोई प्रत्यक्ष संप्रेषण प्राप्त नहीं हुआ था। पत्र में यह भी बताया गया कि डीजीपी पंजाब, पुलिस आयुक्त जालंधर तथा निदेशक, फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, पंजाब की टिप्पणियां दिल्ली के संबंधित कार्यालयों को अग्रेषित कर दी गई हैं।



सुविचार: विपत्तियों को सहने का बल केवल ईश्वर की याद से ही मिलता है

# केंद्रीय मंत्री का कांग्रेस-बीआरएस-एमआईएम पर तीखा हमला

## > करीमनगर नगर निगम के मेयर पद को लेकर सियासत तेज



हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार ने कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और बीआरएस के बीच अवैध राजनीतिक समझौता है और एआईएमआईएम इन दोनों पार्टियों के बीच सेतु का काम कर रही है।

बंडी संजय ने कहा कि करीमनगर नगर निगम में जनता ने स्पष्ट जनादेश बीजेपी के पक्ष में दिया है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों, सुशासन और कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण बीजेपी को बहुमत के करीब सीटें मिलीं और निर्दलीय पार्षदों के समर्थन से पार्टी 'मैजिक फिगर' पार कर चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम मिलकर भी 26 सीटों से आगे नहीं बढ़ पाईं, लेकिन अब मेयर पद बीजेपी को न मिले इसके लिए तीनों दल एकजुट हो रहे हैं। संजय ने कहा कि यह जनता के जनादेश का अपमान है और करीमनगर की जनता ऐसे 'गिरते स्तर की राजनीति' को बर्दाश्त नहीं करेगी। बीजेपी नेता ने दावा किया कि बीआरएस के कुछ पार्षदों को कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन के लिए निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीजेपी पार्षदों को प्रलोभन देने की कोशिश की जा रही है, जिसे पार्टी ने सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर चुनावी वादे पूरे न करने का आरोप लगाते हुए कहा कि महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह, 4000 रुपये पेंशन, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाए और युवाओं को रोजगार जैसे वादे अधूरे हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वादे पूरे नहीं किए गए तो बीजेपी जनता के साथ सड़कों पर उतरेगी। संजय ने कहा कि करीमनगर में स्मार्ट सिटी और अन्य केंद्रीय योजनाओं के तहत लगभग 1400 करोड़ रुपये आए हैं और इसका लाभ शहर को मिला है। उन्होंने दोहराया कि आगामी चुनावों में बीजेपी सत्ता में आएगी और बीआरएस के साथ किसी भी तरह का गठबंधन करने का सवाल ही नहीं उठता। एआईएमआईएम पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी का जनाधार खत्म हो चुका है और वह केवल सत्ता के लिए राजनीतिक खेल खेल रही है। प्रेस वार्ता में पार्टी के अन्य प्रदेश नेताओं और पदाधिकारियों ने भी कांग्रेस-बीआरएस पर मिलीभगत का आरोप लगाया और दावा किया कि ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) चुनावों में भी बीजेपी अपनी ताकत दिखाएगी। बीजेपी ने स्पष्ट किया कि वह जनता के जनादेश की रक्षा के लिए हर लोकतांत्रिक कदम उठाएगी और करीमनगर को राजनीतिक साजिशों का केंद्र नहीं बनने देगी।

# मोबाइल रिकवरी के लिए एक विशेष टीम गठित : एसीपी

## पुलिस ने 32 मोबाइल फोन बरामद कर पीड़ितों को सौंपे




हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। चंद्रायनगुट्टा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में गुम हुए 32 मोबाइल फोन को पुलिस की क्राइम टीम ने सफलतापूर्वक बरामद किया। शनिवार को थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। फोन पाते ही लोगों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में हैदराबाद सिटी पुलिस के अंतर्गत चंद्रायनगुट्टा के एसीपी ए. सुधाकर ने भाग लेकर मामले का विवरण साझा किया। एसीपी ने बताया कि थाना प्रभारी और डीआई के पर्यवेक्षण में क्राइम टीम ने तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए वर्ष 2026 में अब तक कुल 32 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के मोबाइल फोन गुम हो जाते हैं, वे घबराने के बजाय तुरंत सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। इस पोर्टल के माध्यम से दर्ज शिकायतों के कारण ही मोबाइल फोन को शीघ्र ट्रैक कर बरामद करना संभव हो पाया। एसीपी ने नागरिकों को आगाह किया कि गुम हुए मोबाइल फोन का दुरुपयोग कर ऑनलाइन धोखाधड़ी और अवैध लेन-देन किए जा सकते हैं, इसलिए सतर्क रहना आवश्यक है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मोबाइल फोन की रिकवरी के लिए प्रत्येक पुलिस स्टेशन में एक विशेष टीम गठित की गई है, जो तकनीकी सहायता से ऐसे मामलों का त्वरित समाधान कर रही है। अपने मोबाइल फोन वापस मिलने पर पीड़ितों ने चंद्रायनगुट्टा पुलिस और क्राइम टीम का आभार व्यक्त किया।

## वकील की चाकू मारकर हत्या

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राजेंद्रनगर के अत्तापुर क्षेत्र में शनिवार दोपहर अज्ञात लोगों ने एक वकील की चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतक अधिवक्ता मोहम्मद खादर अपने कार्यालय, सुलेमाननगर में मौजूद थे, तभी कुछ रिश्तेदार कथित रूप से वहां घुस आए और उन पर चाकू से अंधाधुंध हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल होने के कारण उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

**विज्ञापन**

**पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय वा.से.शि. बेगमपेट**
बोवेनपल्ली रोड, न्यू बोवेनपल्ली, हैदराबाद - 11
वेबसाइट: https://begumpetafs.kvs.ac.in
ईमेल: kvafsbegumpet@gmail.com

**साक्षात्कार**

शैक्षणिक सत्र 2026-2027 के लिए अंशकालिक/ संविदा शिक्षकों का पैनल तैयार करने हेतु निम्नलिखित पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन पीएम श्री के.वि. वा.से.शि. बेगमपेट में दिनांक 18-02-2026 और 19-02-2026 को किया जाएगा।

| क्र. सं. | पद एवं विषय | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | स्नातकोत्तर शिक्षक - संगणक विज्ञान, कंप्यूटर प्रशिक्षक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डॉक्टर, नर्स, सलाहकार, विशेष शिक्षक, खेल प्रशिक्षक, कला / हस्त कला प्रशिक्षक, योग प्रशिक्षक, नृत्य प्रशिक्षक, तेलुगु भाषा शिक्षक, व्यावसायिक शिक्षा, कार्य अनुभव. | 18.02.2026 09:00 AM |
| 2 | स्नातकोत्तर शिक्षक (गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी, अर्थ शास्त्र एवं वाणिज्य शास्त्र. प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान), प्राथमिक शिक्षक, बालवाटिका शिक्षक. | 19.02.2026 09:00 AM |

योग्य उम्मीदवार पूर्ण बायो-डाटा, मूल दस्तावेज तथा स्वयं प्रमाणित प्रतिलिपियों के दो सेट के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र विद्यालय की वेबसाइट https://begumpetafs.kvs.ac.in पर उपलब्ध है। प्राचार्य

**CHANGE OF NAME**

"I, **Bharath Kumar Pereddi** s/o late Govindarajulu. Resident of D.No 131/1, Ram Nagar, Near Railway Station, Yelamanchili Municipality, Anakapalli District. Now I changed my name from **Pereddy Bharath Kumar** To **Bharath Kumar Pereddi** as per Aadhar Card. Henceforth I will be called as **Bharath Kumar Pereddi** for all purposes.









# शंकराचार्य पर सियासी बवाल

## अखिलेश: अहंकार में आदमी ऐसा ही बोलता है

लखनऊ, 14 फरवरी (एजेंसियां)।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े विवाद पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते दिनों विधानसभा में अपनी बात रखी थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि हर व्यक्ति शंकराचार्य नहीं बन सकता। हर व्यक्ति हर पीठ के आचार्य के रूप में जाकर यहां-वहां वातावरण खराब नहीं कर सकता। अब सीएम योगी की इस टिप्पणी पर अखिलेश यादव ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य जी के बारे में घोर अपमानजनक अपशब्द बोलना पाप है।

अखिलेश यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि पहन ले कोई जैसे भी चोलेपर उसकी वाणी पोल खोले। आगे लिखा कि शंकराचार्य जी के बारे में घोर अपमानजनक अपशब्द बोलना, शाब्दिक हिंसा है और पाप भी है। ऐसा कहने वाले के साथ-साथ उनको भी पाप पड़ेगा। उन्होंने चापलूसी में मेज थपथपाई हैं। जब बीजेपी के विधायक सदन के बाहर जाएंगे और जनता का सामना करेंगे तो जनता सड़क पर उनका सदन लगा देगी।



### शंकराचार्य पर विवादित बयान हमेशा के लिए दर्ज

अखिलेश ने लिखा कि हाता नहीं भाता का ये विस्तारित रूप है, यही सच्ची सच्चाई है। जिस समाज के ख़िलाफ़ रहकर उन्होंने हमेशा अपनी नफ़रत की राजनीति की है, उसे धर्म के मामले में भी अपमान-पराजित करने का ये उनका अहंकार है। इनका बस चले तो जो विवादित फ़िल्म आई है उसका नाम बदले बिना ही रिलीज़ भी कर दें और टैक्स फ्री भी कर दें। आगे लिखा कि अगले चुनाव में वो समाज एक-एक वोट उनके ख़िलाफ़ डालकर अपने अपमान और उनके प्रदेश अध्यक्ष के नोटिस का सही जवाब देगा, उनकी सरकार हटाकर नयी सरकार बनाएगा फिर इत्मीनान-आराम से मिलजुलकर बेधड़क दाल-बाटी खाएगा। शंकराचार्य जी पर दिया गया अभद्र बयान सदन में हमेशा के लिए दर्ज हो गया है। उनके इस बयान को हम निंदनीय कहें तो निंदनीय शब्द को भी निंदनीय महसूस होगा।

### धर्म-पद पर सवाल उठाने का नहीं अधिकार

अखिलेश यादव ने महाकुंभ भगदड़ को लेकर भी सीएम योगी पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने लिखा कि जो महाकुंभ की मौतों पर सच्चे आंकड़े नहीं बताते हैं, कैश में मुआवजा देकर उसमें भी भ्रष्टाचार का रास्ता निकाल लेते हैं। जिन तक मुआवजा नहीं पहुंचा, उनका पैसा कहां गया, ये नहीं बताते हैं। अपने ऊपर लगे मुकदमे हटवाते हैं। वो किसी और के धर्म-पद पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं रखते हैं।

### अहंकार में आदमी कुछ भी बोलता है- अखिलेश

अपने बयान में उन्होंने क़ानून का शासन बोल दिया, जैसे ही इस बात पर उनका ध्यान जाएगा वो विधि का शासन बोलने के लिए क्या दोबारा सदन बुलाएंगे या इसके लिए एक टांग पर खड़े होकर लड़खड़ाता प्रायश्चित करेंगे। अखिलेश ने लिखा कि जब इंसान नहीं, अहंकार बोलता है तो यही होता है। अहंकार संस्कार को विकार में बदल देता है। वो व्यक्ति समाज में मान-सम्मान खो देता है, जिसके बारे में ये कहावत प्रचलित हो जाती है कि जब मुंह खोला, तब बुरा बोला!



### 'वस्त्र पहनने से कोई योगी नहीं होता'

अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर सीधा व्यक्तिगत हमला करते हुए कहा कि केवल भगवा वस्त्र पहनने या कान छिदवाने से कोई 'योगी' नहीं बन जाता। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि इनको योगी होने का सर्टिफिकेट किसने दिया?अखिलेश ने आगे कहा कि जो गीता के सिद्धांतों के उलट काम करे, उसे सनातनी कैसे माना जा सकता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री से अगर पूछो कि 18 बड़ा है या जीरो, तो वो जीरो ही बताएंगे।

## जंगल में लंबे समय से चल रहा था 'काला' धंधा, पुलिस ने देर रात की छापेमारी तो... मच गया हड़कंप

मुंगेर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार में मुंगेर पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने संयुक्त रूप से मुंगेर जिले के श्यामपुर थाना क्षेत्र के कुल्हाड़ियां पहाड़ी जंगल में छापा मार कर एक मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा करने के साथ एक शस्त्र कारीगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक(एसपी) सैयद इमरान मसूद ने मीडिया को बताया कि पुलिस ने कुल्हाड़ियां पहाड़ी जंगल से छह बेस मशीन, एक निर्मित देसी पिस्टल, चार अर्ध निर्मित देसी पिस्टल, एक ड्रिल मशीन, 10 अर्ध निर्मित मैगजीन, हथौड़ी, खोखा, हैंड बेस सहित शस्त्र निर्माण की सामग्रियां बरामद की हैं। पुलिस ने घटनास्थल पर मिर्जापुर बरधे, थाना मुफस्सिल, जिला मुंगेर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया जबकि उसके अन्य पांच साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार मोहम्मद वसीम पूर्व में भी पांच आर्म्स एक्ट में नामजद अभियुक्त रहा है। उन्होंने कहा कि फरार पांच अन्य अपराधियों की गिरफ्तार के लिए छापेमारी जारी है।

## छात्रा की संदिग्ध मौत पर सियासत तेज: पूर्व विधायक गोपाल रविदास समेत पांच नामजद, 60 अज्ञात पर केस

फुलवारीशरीफ(पटना), 14 फरवरी (एजेंसियां)। फुलवारी शरीफ में 11वीं की 16 वर्षीय कोचिंग छात्रा की टॉप फ्लोर से गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। घटना के दूसरे दिन आक्रोशित लोगों ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एम्स गोलंबर के पास सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कई जगह टायर जलाकर विरोध जताया।

एम्स रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे करीब पांच घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। हालात को नियंत्रित करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। जाम और हंगामे के मामले में पुलिस ने भाकपा माले के पूर्व विधायक गोपाल रविदास समेत पांच लोगों को नामजद किया है। इसके अलावा करीब 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस का आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान सरकारी कार्य में बाधा डाली गई और कानून-व्यवस्था प्रभावित हुई। प्रशासन का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की गई है।

## सपा के मंत्री ने राम प्रसाद बिस्मिल को समझा बिस्मिल्लाह खां

# सीएम योगी ने सदन में सुनाया किस्सा



लखनऊ, 14 फरवरी (एजेंसियां)। विधानसभा सत्र के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सपा सरकार के कार्यकाल में शिक्षा विभाग में भारी अव्यवस्था, लापरवाही और गंभीरता की कमी का आरोप लगाया। यह बयान उन्होंने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण पर चर्चा के जवाब के दौरान दिया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि सपा शासनकाल में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब थी। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि जब वे गोरखपुर से सांसद थे और एक रेलवे स्टेशन पर गए थे, वहां कुछ अधिकारी मौजूद थे। उसी समय सपा सरकार के माध्यमिक शिक्षा मंत्री भी वहां पहुंचे, लेकिन किसी भी अधिकारी ने उनका अभिवादन तक नहीं किया।

योगी आदित्यनाथ ने बताया कि जब उन्होंने एक अधिकारी से पूछा कि क्या यह मंत्री उनके साथ आए हैं, तो अधिकारी ने जवाब दिया-'कौन से मंत्री?' जब उन्होंने मंत्री की ओर इशारा किया। तो अधिकारी ने कहा कि मंत्री साहब छह महीने से दफ्तर नहीं आए हैं, इसलिए शायद अधिकारी उन्हें पहचान ही नहीं पाए। मुख्यमंत्री ने इसके बाद एक और घटना सुनाई, जो स्वतंत्रता सेनानी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के शहीद दिवस से जुड़ी थी। उन्होंने कहा कि उस कार्यक्रम में सपा सरकार के एक शिक्षा मंत्री को बुलाया गया था। जब उन्हें बताया गया कि यह बिस्मिल का शहादत दिवस है, तो मंत्री भ्रमित हो गए और उन्होंने बिस्मिल को बिस्मिल्ला खान समझ लिया। मंत्री ने यह तक कह दिया कि बिस्मिल्ला खान को तो हाल ही में पुरस्कार मिला है, फिर उन्हें फांसी कैसे दी जा सकती है। जब वहां मौजूद लोगों ने मंत्री को बताया कि बात पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की हो रही है, न कि बिस्मिल्ला खान की, तो मंत्री ने उस व्यक्ति पर बीजेपी समर्थक होने का आरोप लगा दिया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह घटनाएं मनगढ़ंत नहीं हैं और उनके पास इनके प्रमाण मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि जब व्यवस्था का हाल ऐसा हो, तो शिक्षा व्यवस्था से बेहतर परिणामों की उम्मीद कैसे की जा सकती है। उनके इस बयान से विधानसभा में राजनीतिक माहौल और अधिक गर्म हो गया और एक बार फिर सपा सरकार के पुराने कार्यकाल पर सवाल खड़े हो गए।

## निर्माणाधीन सड़क के बीच से गुजरी पूर्व मंत्री की कार, लोग बोले- रसूख या मनमानी? अधिकारियों की चुप्पी

औरैया, 14 फरवरी (एजेंसियां)। औरैया जिले में कुदरकोट थाना क्षेत्र में एरवाकटरा विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर खास में लोक निर्माण विभाग द्वारा आरसीसी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान सपा के एक पूर्व मंत्री की कार कथित तौर पर निर्माणाधीन सड़क के बीच से गुजरती नजर आई। मौके पर मौजूद लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। लोगों का कहना है कि सड़क का निर्माण कार्य जारी होने के बावजूद इस तरह वाहन निकालना नियमों की अनदेखी है। बताया जा रहा है कि यह आरसीसी सड़क पीडब्ल्यूडी की विशेष कार्य योजना के तहत बनाई जा रही है। ऐसे में निर्माणाधीन सड़क पर पूर्व मंत्री की कार निकलने का मामला राजनीतिक रूप से भी चर्चा का विषय बन गया है।

# हर बार यादव ही क्यों दें कुर्बानी?

## अफजाल अंसारी के बयान पर पूर्व एमएलसी काशीनाथ यादव का पलटवार

लखनऊ, 14 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनावों से पहले समाजवादी पार्टी में नेताओं की परस्पर गुटबाजी भी अब मंच पर आ चुकी है। इसकी बानगी गाजीपुर में देखने को मिली। जब पूर्व एमएलसी काशीनाथ यादव ने सपा सांसद अफजाल अंसारी पर यादवों की कुर्बानी देने को लेकर तंज कसा। दरअसल 9 फरवरी को एक कार्यक्रम में मंच से कहा,

"यादवों की कुर्बानी से पहले खुद की कुर्बानी देने और मऊ और मोहम्मदाबाद के साथ ही खुद संसदीय सीट छोड़ देने पर वहां से यादव कुशवाहा और अन्य जाति के लोग चुनाव जीत कर दिखला देंगे।" यह बात अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है और विपक्षी इसको लेकर चटकारे भी ले रहे हैं। पूर्व मंत्री स्वर्गीय कैलाश यादव की पुण्यतिथि 9 फरवरी को आयोजित किया गया था। जिसमें एक साल पहले सांसद अफजाल अंसारी ने समाजवादी पार्टी के उत्थान के लिए यादव समाज को कुर्बानी देने की बात कही थी। अब काशीनाथ यादव ने उन पर इसी बात को लेकर तंज कसा है।

### हर बार यादवों की कुर्बानी पर भड़के काशीनाथ

गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी के द्वारा 1 साल पहले यादवों को कुर्बानी देने की बात कहने पर 1 साल के बाद और इस मंच पर समाजवादी पार्टी में पूर्व एमएलसी काशीनाथ यादव जो पूर्व में बिरहा कलाकार भी रहे हैं, और उनके इसी कलाकारी को लेकर अफजाल अंसारी के द्वारा किसी कार्यक्रम में टिप्पणी की गई थी। इसी बात को लेकर उन्होंने 9 फरवरी को अफजाल अंसारी को सीधे-सीधे घेरते हुए कहा, "हर बार यादव ही क्यों कुर्बानी देंगे। आप या आपका परिवार कुर्बानी क्यों नहीं देता और हम ऐसे लोगों के लिए कुर्बानी क्यों दें जो कभी सपा में तो कभी बसपा में रहता है। जिसका कोई अस्तित्व ही नहीं है कि वह किस पार्टी का है।"

### पूर्व विधायक ने जताई आपत्ति

हालांकि इस कार्यक्रम में यादव समाज के लोगों ने जहां उनके इस भाषण को चटकारे लेकर सुनते हुए दिखाई दिए तो वहीं मंच पर बैठे हुए एक पूर्व विधायक ने इस पूरे मामले पर आपत्ति जाते और कहा कि यदि आपको कोई आपत्ति है तो इस आपत्ति को राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने रख ना कि सार्वजनिक मंच पर।

## अब सीधे नपेंगे लापरवाह पुलिसवाले ! नीतीश सरकार ने 11 जिलों के ग्रामीण एसपी को दिए 'सुपर पावर्स'

पटना, 14 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार में कानून- व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, जवाबदेह और प्रभावी बनाने की दिशा में गृह विभाग ने अधिसूचना जारी कर 11 जिलों में पदस्थापित ग्रामीण एसपी (पुलिस अधीक्षक) के कार्यक्षेत्र और अधिकारों को स्पष्ट रूप से परिभाषित कर दिया है। वर्ष 2022 में सृजित इन पदों के अंतर्गत आने वाले अनुमंडलों और थानों का निर्धारण कर प्रशासनिक संरचना को नई मजबूती दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार, संबंधित जिलों में पदस्थापित ग्रामीण एसपी के अधीन आने वाले अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों (एसडीपीओ) और थानों की संख्या तय कर दी गई है। इससे कार्य विभाजन स्पष्ट होगा और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इसके तहत गयाजी जिले के नीमचक बथानी, टिकारी, इमामगंज, शेरघाटी-1 और शेरघाटी-2 के एसडीपीओ सहित कुल 33 थाने, रोहतास जिले के सासाराम मुख्यालय कोचस (एसडीपीओ-2), डिहरी (एसडीपीओ-2) और विक्रमगंज अनुमंडल के 28 थाने, मुंगेर जिले का सदर, तारापुर और हवेली खड़गपुर अनुमंडल के 12 थाने, बेगूसराय का मंझौल, बखरी और बलिया अनुमंडल के 11 थाने, भागलपुर का कहलगांव-1, कहलगांव-2 और विधि-व्यवस्था

डीएसपी के अधीन 18 थाने, पूर्णिया का बायसी, बनमनखी और धमदाहा अनुमंडल के 18 थाने, सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल के नौ थाने, दरभंगा जिले के बेनीपुर, बिरौल और सदर (एसडीपीओ-2) के 19 थाने, मुजफ्फरपुर जिले के पूर्वी-1, पूर्वी-2 और सरैया अनुमंडल के 24 थाने, सारण जिले के मढ़ौरा-1, मढ़ौरा-2 और सोनपुर अनुमंडल के 18 थाने और बेतिया का सदर-2 और नरकटियागंज अनुमंडल के 21 थाने आरक्षी अधीक्षक (ग्रामीण) के अधीन होंगे। संबंधित जिलों में आरक्षी अधीक्षक कार्यालय की शाखाओं का बंटवारा जिला आरक्षी अधीक्षक द्वारा एसपी (ग्रामीण) और अन्य अधिकारियों के बीच किया जायेगा।

# सीएम योगी के राज में बदमाशों का दुस्साहस

## मथुरा में बीजेपी नेता को घेरकर दागीं गोलियां कुल्हाड़ी से काट डालीं कई गाड़ियां

मथुरा, 14 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब सत्ताधारी दल के नेता भी सुरक्षित नहीं हैं। मथुरा के नंदगांव में बीते शुक्रवार देर रात भाजपा नेता और पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी दान बिहारी उर्फ दानो नेता पर जानलेवा हमला हुआ। लगभग 35-40 हमलावरों ने उनके घर को घेर लिया और अंधाधुंध फायरिंग की। गनीमत रही कि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन मारपीट में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

दान बिहारी ने पिछले नगर पंचायत चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश की थी। बताया जा रहा है कि तभी से नंदगांव के ही कुछ गुटों से उनका विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते रात बदमाशों ने उनके घर पर धावा बोल दिया। हमलावरों का गुस्सा इतना ज्यादा था कि उन्होंने न सिर्फ गोलियां चलाईं, बल्कि घर के अंदर घुसकर महिलाओं और पुरुषों के साथ बर्बरता से मारपीट की। बदमाशों ने दान बिहारी को निशाना बनाकर 4 राउंड फायरिंग की, जिससे उन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। हमलावरों ने घर के बाहर खड़ी दान बिहारी की थार समेत तीन लग्जरी गाड़ियों को कुल्हाड़ियों से काट डाला। गाड़ियों की हालत देखकर हमले की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। हमले में कुलदीप और श्याम समेत 4 लोग बुरी तरह जख्मी हुए हैं, जिन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद इलाके में भारी तनाव व्याप्त है। कोतवाली बरसाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस की कई टीमें हमलावरों की तलाश में जुटी हैं और जल्द ही आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजने का दावा कर रही है।

## नाबालिग गुमशुदगी पर दारोगा की टिप्पणी से सियासत गरम विपक्ष का सरकार पर हमला

पटना, 14 फरवरी (एजेंसियां)। पटना में एक नाबालिग लड़की के गुम होने के बाद स्थानीय थाना पुलिस के रवैये को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि जब पीड़िता के पिता अपनी बेटी की गुमशुदगी की शिकायत लेकर थाना पहुंचे तो वहां मौजूद दारोगा ने बेहद असंवेदनशील टिप्पणी की। परिजनों का कहना है कि मदद की गुहार लगाने पर उन्हें गंभीरता से नहीं लिया गया। इस मामले को लेकर विपक्ष ने सरकार और पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़े किए हैं। घटना के सामने आते ही राजनीतिक हलकों में भी हलचल तेज हो गई है।

## जनता दर्शन में सीएम योगी का सख्त निर्देश: गलत रिपोर्ट लगाने वालों पर होगी एफआईआर

गोरखपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी मामले में जांच के दौरान यदि गलत रिपोर्ट लगाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। हर मामले का निष्पक्ष जांच करके ही उसका निस्तारण होना चाहिए। किसी भी प्रकरण में लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होगी। सीएम योगी ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए ये निर्देश प्रशासन व पुलिस के अफसरों को दिए। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सीएम योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दो टूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। जनता दर्शन में कुछ मामले ऐसे भी आए थे, जिनमें यह शिकायत की गई कि प्रकरण में गलत रिपोर्ट लगा दी गई है।

## निक्की भाटी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने सास को दी जमानत, बेटे की गवाही महत्वपूर्ण साबित



प्रयागराज, 14 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में 21 अगस्त 2025 में निक्की भाटी हत्याकांड में इलाहबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला दिया है। जिसमे निक्की की सास आरोपी दया को जमानत दे दी है। यह फैसला सिंगल बेंच में जस्टिस कृष्ण पहल ने सुनाया। बचाव पक्ष की दलीलें और सुबूतों को देखते हुए कोर्ट ने जमानत अर्जी मंजूर कर ली है।

इससे पहले मृतका के ससुर और जेठ को भी कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। मृतक की बहन कंचन भाटी ने मुदकमा दर्ज करवाया था कि निक्की के पति विपिन भाटी, सास दया, ससुर सतवीर और जेठ रोहित भाटी ने मिलकर निक्की को जलाकर मारा था। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिस कारण यह मुद्दा काफी सुर्ख़ियों में रहा था। जिसके बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया था।

### बेटे की गवाही महत्वपूर्ण साबित हुई

बचाव पक्ष के वकील ने दावा किया कि उन्हें झूठे केस में फंसाया गया है। एफआईआर में जुर्म से उनका कोई सीधा संबंध नहीं है। शिकायतकर्ता पक्ष और सरकार के वकीलों ने विरोध करते हुए कहा कि वीडियो रिकॉर्डिंग और अन्य सबूतों से सास सह-आरोपियों के साथ मिली हुई थीं। आरोप है कि दया ने ही थिनर विपिन को दिया, जिसने निक्की पर डालकर आग लगा दी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। महत्वपूर्ण रूप से, मृतका के चश्मदीद गवाह (उनके बेटे) के बयान से स्पष्ट हुआ कि दया घटनास्थल पर मौजूद नहीं थीं। सीसीटीवी फुटेज और अन्य रिकॉर्ड भी इसी ओर इशारा करते हैं।

### हत्याकांड में दया की संलिप्तता नहीं मिली

कोर्ट ने माना कि इस स्तर पर दया की प्रत्यक्ष संलिप्तता साबित नहीं होती। इसलिए सशर्त जमानत मंजूर की गई। आदेश में गैर-जमानती अपराध में बेल देते हुए कुछ शर्तें लगाई गई हैं, जैसे सबूतों से छेड़छाड़ न करना, गवाहों को प्रभावित न करना आदि। अब सिर्फ इस मामले में आरोपी पति ही जेल में है।

# 'हमें भी मरवाने की बातें होती हैं'

## तेज प्रताप यादव के बयान से बिहार की सियासी हलचल तेज



पटना, 14 फरवरी (एजेंसियां)। जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने एक बयान देकर सियासी हलकों में हलचल मचा दी है। उन्होंने कहा कि मेरी हत्या कराने की भी साजिश होती है। यह बयान उन्होंने सांसद पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी से जुड़े मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए दिया। आईएएनएस से बातचीत में तेज प्रताप यादव ने कहा कि यह अच्छी बात है कि पप्पू यादव को जमानत मिल गई है और वे जेल से बाहर आ गए हैं। उन्होंने कहा कि अब उन्हें विवादों से दूर रहकर जनता के कामों पर ध्यान देना चाहिए और लोगों से सीधे जुड़ना चाहिए।

### राजनीति में साजिशें आम बात हैं- तेज प्रताप यादव

पप्पू यादव को 'मारने की साजिश' वाले बयान पर तेज प्रताप यादव ने कहा कि राजनीति में साजिशें आम बात हैं। नेताओं के खिलाफ तरह-तरह की साजिशें होती रहती हैं। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाफ भी साजिशें होती हैं, हमें भी मरवाने की बातें होती हैं। राजनीति में रहने वालों को इन सबका सामना करना पड़ता है।

### बिना आधार के बयान देते रहे हैं अमिताभ दास- तेज प्रताप

पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ दास की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए तेज प्रताप यादव ने कहा कि वे अक्सर बिना आधार के बयान देते रहे हैं। उन्होंने बताया कि अमिताभ दास ने पहले उनके खिलाफ भी गलत और भ्रामक बयान दिए थे, जिनका कोई सबूत नहीं था। अब वे निशांत को लेकर भी आरोप लगा रहे हैं, लेकिन वे भी बेबुनियाद हैं। उन्होंने साफ कहा कि ऐसे आरोपों को वे पूरी तरह खारिज करते हैं और सरकार द्वारा की गई कार्रवाई सही है।

### बिहार में कानून व्यवस्था बेहतर करने की है जरूरत- तेज प्रताप

राजद नेता राबड़ी देवी द्वारा डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के इस्तीफे की मांग पर तेज प्रताप यादव ने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति को और बेहतर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी युवा नेता हैं और सकारात्मक प्रयास कर रहे हैं, लेकिन राज्य में हालात सुधारने के लिए ठोस कदम जरूरी हैं। तेज प्रताप यादव का बयान राजनीतिक माहौल को और गरमा गया है और एक बार फिर बिहार की राजनीति में सुरक्षा, साजिश और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दे चर्चा के केंद्र में आ गए हैं।

## स्पा सेंटर में मसाज नहीं बल्कि 'देह का धंधा', नोएडा के 3 जगहों पर ताबड़तोड़ छापे, 24 लड़के-लड़कियां पकड़े गए

नोएडा, 14 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के नोएडा के सेक्टर-49 थाना क्षेत्र में पुलिस, एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की संयुक्त टीम ने एक साथ तीन स्पा-मसाज सेंटरों पर छापेमारी की। आरोप था कि स्पा सेंटरों की आड़ में शहर के कई इलाकों में देह व्यापार का अवैध नेटवर्क संचालित हो रहा है। पुलिस ने मौके से 24 युवक-युवतियों को हिरासत में लिया, जिनमें से कुछ आपत्तिजनक स्थिति में पाए गए। पुलिस ने पूर्व प्लानिंग के तहत देर रात सेक्टर-49 क्षेत्र के तीन अलग-अलग स्पा पार्लरों पर एक साथ छापेमारी की।

कार्रवाई के दौरान कुल 24 युवक-युवतियों को मौके से हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार कुछ लोग आपत्तिजनक हालत में मिले, जिन्हें पूछताछ के लिए थाना सेक्टर-49 लाया गया। छापेमारी के दौरान स्पा सेंटरों से कई दस्तावेज, रजिस्टर और मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। अब इन दस्तावेजों की जांच कर नेटवर्क के अन्य कनेक्शन खंगाले जा रहे हैं।

## रिटायरमेंट के दिन भी नहीं छोड़ी थी घूसखोरी, 10 हजार रुपए लेते रंगे हाथों पकड़ा गया था सीनियर मैनेजर

बादशाहपुर (गुरुग्राम), 14 फरवरी (एजेंसियां)। लालच का अंत अपमान में होता है।मानेसर के हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) में सीनियर मैनेजर दलबीर सिंह भाटी की मात्र 10 हजार रुपये की रिश्वत मामले में गिरफ्तारी और अदालत से पांच साल की सजा ने इस कहावत को सजीव कर दिया। रिश्वत लेते एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने उस समय गिरफ्तार किया था। जब 30 सितंबर 2021 को कार्यालय में दलबीर सिंह भाटी की रिटायरमेंट की फेयरवेल पार्टी चल रही थी। निगम में सफाई ठेकेदार के 4.25 लाख रुपये के बिल पास करने की एवज में रिश्वत मांगी गई थी।

अदालत ने सबूत और गवाहों के आधार पर दलबीर सिंह भाटी को दोषी करार दिया। अदालत ने पांच साल की सजा सुनाई है। उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा ना करने की स्थिति में तीन महीने अतिरिक्त सजा काटनी होगी। अदालत ने 42 पन्ने के फैसले में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार करने वालों पर तीखी टिप्पणी की। कहा कि भ्रष्टाचार जैसे अपराधों में नरमी न्याय व्यवस्था और समाज के साथ अन्याय है।

### क्या लिव-इन पार्टनर पर चल सकता है दहेज उत्पीड़न का केस?

# सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। क्या एक विवाहित पुरुष के खिलाफ उसकी 'लिव-इन पार्टनर' द्वारा दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया जा सकता है, या सिर्फ वैध पत्नी ही दहेद उत्पीड़न का शिकायत दर्ज करा सकती है। दरअसल, सुप्रम कोर्ट में कर्नाटक के एक डॉक्टर की याचिका पर सुनवाई करते हुए इस सवाल को महत्वपूर्ण माना। डॉक्टर का कहना है कि जिस महिला ने उन पर दहेज उत्पीड़न का केस लगाया है, उससे उनकी शादी नहीं हुई है, इसके बावजूद कर्नाटक हाई कोर्ट ने महिला की तरफ से दर्ज दहेज प्रताड़ना के केस को रद करने से मना कर दिया। याचिकाकर्ता का तर्क है कि कानून के मुताबिक, धारा 498ए (दहेज प्रताड़ना) के तहत केवल 'वैध पत्नी' ही अपने पति या उसके रिश्तेदारों के खिलाफ शिकायत दर्ज करा सकती है, जबकि हाई कोर्ट ने इस प्रावधान को लिव-इन रिलेशनशिप पर भी लागू कर दिया है।



**कर्नाटक हाईकोर्ट की याचिका को चुनौती**

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय करोल और एनके सिंह की बेंच ने डॉक्टर लोकेश बीएच की अपील पर सुनवाई की, जिसमें उन्होंने कर्नाटक हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उनकी कथित लिव-इन पार्टनर द्वारा दायर शिकायत के आधार पर उनके खिलाफ शुरू किए गए अभियोजन को रद करने की उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया था। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा इस याचिका में विचारणीय प्रासंगिक प्रश्न यह है कि क्या कोई पुरुष, जो किसी महिला के साथ विवाह के समान लिव-इन रिलेशनशिप में है, पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498ए या भारतीय न्याय संहिता में इसके समकक्ष धारा के तहत अपराध करने के लिए मुकदमा चलाया जा सकता है।

**सरकार से मांगा जवाब**

सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगा और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से अदालत की सहायता करने का अनुरोध किया। साथ ही, इसने अधिवक्ता नीना नरिमन को एमिकस क्यूरी (अदालती सलाहकार) नियुक्त किया।

**क्या बोले याचिकाकर्ता के वकील**

याचिकाकर्ता की ओर से पेश होते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता संजय नुली ने कहा कि उच्च न्यायालय ने धारा 498ए की कठोरता को लिव-इन रिलेशनशिप पर भी लागू करने में गलती की है, जबकि आईपीसी की इस धारा में पति के खिलाफ पत्नी द्वारा की जाने वाली कार्रवाई का प्रावधान है।

**क्या है पूरा मामला?**

बता दें कि मौजूदा मामले में डॉक्टर लोकेश एक हृदय रोग विशेषज्ञ हैं। उनका विवाह फरवरी 2000 में नवीना से हुआ था। लोकेश पर एक अन्य महिला ने आरोप लगाया कि उसका विवाह लोकेश से 2010 में हुआ था। 2015 में, तीर्था ने लोकेश, उसकी मां, बहन और एक चचेरे भाई के खिलाफ पुलिस में कई शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन इन सभी को बंद कर दिया गया। 2016 में, तीर्था ने लोकेश के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन पर दहेज की मांग करते हुए उन्हें जलाने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया था।

हालांकि, लोकेश के नियोक्ता ने प्रमाणित किया कि कथित घटना वाले दिन वह अपने कार्यस्थल - एक अस्पताल - पर मौजूद थे। बाद में तीर्था ने उनके खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया। लोकेश ने बेंगलुरु की एक पारिवारिक अदालत में मुकदमा दायर कर यह घोषणा करने की मांग की कि उनके और तीर्था के बीच कोई वैवाहिक संबंध नहीं था, जिस पर अभी भी फैसला आना बाकी है।

## कुमारी सैलजा ने एक बार फिर मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया घग्गर के प्रदूषण और कैंसर का मुद्दा



चंडीगढ़, 14 फरवरी (एजेंसियां)। सिरसा सांसद कुमारी सैलजा ने सिरसा-फतेहाबाद-जींद क्षेत्र के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र भेजा है। राज्य स्तरीय दिशा समिति की 11 फरवरी 2026 को बैठक आयोजित हुई थी जिसमें सांसद सैलजा व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं हो सकीं, क्योंकि उस समय संसद का सत्र चल रहा था। उन्होंने बैठक में अपनी अनुपस्थिति जताते हुए सीएम को पत्र के माध्यम से जनहित से जुड़े सुझाव समिति के समक्ष रखने का आग्रह किया। सीएम को लिखे पत्र में सांसद सैलजा ने पिछली बैठक के लंबित मुद्दों का उल्लेख करते हुए गांव मांगेआना (सिरसा) स्थित भारत-इजराइल उत्कृष्टता केंद्र की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही इस केंद्र को महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल का क्षेत्रीय कैंपस घोषित करने के प्रस्ताव पर हुई कार्रवाई से समिति को अवगत कराने को कहा। उन्होंने सिरसा-फतेहाबाद क्षेत्र में बागवानी किसानों की संख्या को देखते हुए अतिरिक्त बजट व संसाधन आवंटित करने तथा तीनों जिलों में चल रहे विकास कार्यों की ताजा प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर जोर दिया।

रेलवे संबंधी विषयों में कुमारी सैलजा ने अग्रोहा रेल लाइन के लिए पूर्व रेल बजट में किए गए 410 करोड़ रुपयों के प्रावधान का हवाला देते हुए वर्तमान बजट में इसके उल्लेख न होने पर चिंता जताई। उन्होंने दिशा समिति से रेल मंत्रालय को समर्थन पत्र भेजकर इस परियोजना को आस्था, पर्यटन, कृषि व्यापार और क्षेत्रीय विकास से जोड़ते हुए शीघ्र स्वीकृति दिलाने का अनुरोध करने को कहा। इसके अलावा हांसी-महम रेल लाइन पूर्ण होने के बाद सिरसा-महम-रोहतक वाया नई इंटरसिटी एक्सप्रेस सेवा शुरू करने की मांग भी उठाई। प्राथमिकता पर स्वीकृति देने तथा सिरसा दक्षिणी बाईपास को जल्द मंजूरी देने की मांग की।

# इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

## टॉयलेट में मिला लेटर, कोलकाता एयरपोर्ट पर सुरक्षा अलर्ट




नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार सुबह शिलॉन्ग जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 7304 में बम होने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। विमान में यात्रियों के सवार होने से पहले ही लावेटरी के अंदर एक हस्तलिखित नोट मिला, जिसमें विमान में बम होने का दावा किया गया था। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के अनुसार, नोट को सुबह एक क्रू मेंबर ने देखा, जिसके बाद तुरंत सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट किया गया। एहतियात के तौर पर विमान को आइसोलेशन बे में ले जाया गया और मानक संचालन प्रक्रिया के तहत सभी सुरक्षा कदम उठाए गए। अधिकारियों ने बताया कि बम निरोधक दस्ते और सुरक्षा एजेंसियां विमान की गहन तलाशी ले रही हैं। अब तक की जांच में कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। फिलहाल सुरक्षा जांच जारी है और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं।

देश में घरेलू उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकियों के मामले लगातार सामने आते रहे हैं। 18 जनवरी को दिल्ली से बागडोगरा जा रही इंडिगो की फ्लाइट में टिशू पेपर पर बम की धमकी लिखी मिली थी, जिसके बाद विमान को एहतियातन लखनऊ डायवर्ट किया गया था। इसके बाद दिल्ली से पुणे जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2608 में भी विमान के टॉयलेट में हाथ से लिखा एक नोट मिला था, जिसमें बम होने की बात कही गई थी।

नोट मिलने से फ्लाइट में हड़कंप मच गया था, जिसके बाद विमान को सुरक्षित रूप से पुणे एयरपोर्ट पर उतारा गया और सभी यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला गया। अधिकारियों ने बताया था कि गहन जांच और तलाशी अभियान के बाद विमान में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी और धमकी फर्जी साबित हुई थी।

## एसएससी एमटीएस परीक्षा में नकल कराने वाला गैंग पकड़ा, दो गिरफ्तार

देहरादून, 14 फरवरी (एजेंसियां)। एसटीएफ उत्तराखंड ने एसएससी एमटीएस परीक्षा में नकल कराने वाले गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी नीतीश कुमार, निवासी देवरिया, उत्तर प्रदेश और भास्कर नैथानी, निवासी देहरादून हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी एसएससी की एमटीएस भर्ती परीक्षा में नकल करवा रहे थे। आरोपी कंप्यूटर हैकिंग और रिमोट एक्सेस के जरिए नकल करवा रहे थे। कार्रवाई में उनके पास से चार मोबाइल फोन, दो लैपटॉप और एक इंटरनेट राउटर बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि मामले में जरूरी कानूनी कार्रवाई की जा रही है और आगे जांच जारी है। परीक्षा में पास कराने के लिए 10 लाख रुपये लिए जाते थे अभ्यर्थी से।

## यह तो ब्रिटिशों के गुलाम थे... मालेगांव में टीपू सुल्तान की फोटो पर सियासी घमासान में एआईएमआईएम की एंट्री



मुंबई, 14 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मालेगांव में डिप्टी मेयर ऑफिस में टीपू सुल्तान की फोटो लगाए जाने को लेकर सियासत गरमा गई है। इस मुद्दे पर एआईएमआईएम नेता वारिस पठान ने आरएसएस और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा है। उनका बयान सामने आते ही राजनीतिक माहौल और गर्म हो गया है। एआईएमआईएम नेता वारिस पठान ने कहा, आरएसएस और बीजेपी वाले उन सभी का विरोध करेंगे जिन्होंने जंग-ए-आजादी में हिस्सा लिया। यह मुसलमानों से नफरत क्यों करते हैं? क्योंकि हम वह लोग हैं जिन्होंने जंग-ए-आजादी में अपनी जानें गवाई हैं। उनका कहना है कि आजादी की लड़ाई में कुर्बानी देने वालों को निशाना बनाया जा रहा है

और इतिहास को लेकर जानबूझकर विवाद खड़ा किया जा रहा है। एआईएमआईएम नेता वारिस पठान ने अपने बयान में आगे कहा, जंग-ए-आजादी में आरएसएस कहां था? यह तो ब्रिटिशों के गुलाम थे। जब हम जानें गवां रहे थे तब यह उनके तलवे चाट रहे थे। मुझे आरएसएस के किन्हीं दो लोगों के नाम बताओ जो वंदे मातरम पढ़ते हुए फांसी पर चढ़ गए या जेल चले गए। इन्हें कुछ काम नहीं केवल नफरत फैलानी है।

अब क्या संविधान से भी निकाल देंगे? जो इतिहास है, आप उसे नहीं मिटा सकते। मालेगांव के डिप्टी मेयर कार्यालय में टीपू सुल्तान की तस्वीर लगाए जाने के बाद कुछ हिंदूवादी संगठनों ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि इस तरह के कदम से विवाद पैदा होता है। वहीं एआईएमआईएम नेता वारिस पठान का कहना है कि टीपू सुल्तान को इतिहास में एक योद्धा के रूप में देखा जाता है और उनकी तस्वीर लगाने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। फिलहाल यह मुद्दा राजनीतिक रंग ले चुका है और आने वाले दिनों में इस पर और बयानबाज़ी होने के आसार हैं।

## शरद पवार को मिली अस्पताल से छुट्टी, 3-4 दिन आराम की सलाह




मुंबई, 14 फरवरी (एजेंसियां)। एनसीपी (सपा) प्रेसिडेंट शरद पवार को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। उन्हें सीने में इन्फेक्शन का इलाज कराने के लिए एडमिट किया गया था. सेहत में सुधार आने के बाद उन्हें शनिवार को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया। हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन और सुप्रिया सुले ने यह जानकारी दी है।

85 साल के राज्यसभा मेंबर को सांस लेने में दिक्कत और लगातार खांसी की शिकायत के बाद, इस हफ्ते की शुरुआत में पुणे जिले के बारामती शहर में उनके घर से रूबी हॉल क्लिनिक लाया गया था। हॉस्पिटल के चीफ कार्डियोलॉजिस्ट चेयरमैन और मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. परवेज़ ग्रांट ने कहा कि पवार की सेहत अच्छी है और वे ठीक हो गए हैं। सुप्रिया ने एक्स पर लिखा, "आदरणीय पवार साहेब का स्वास्थ्य अब स्थिर है और डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी है। चिकित्सकों ने उन्हें तीन से चार दिन आराम करने की सलाह दी है। इसके अनुसार वे घर पर विश्राम करेंगे और उसके बाद अपने दैनिक कार्यों की शुरुआत करेंगे" साथ ही उन्होंने कहा कि साहेब को उपचार के लिए पुणे स्थित रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया था। इस दौरान देश और राज्यभर से विभिन्न क्षेत्रों के मान्यवरों और उन्हें चाहने वाले नागरिकों ने शुभकामनाएं भेजीं और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके लिए वे सभी के प्रति हृदय से आभारी हैं।

## शादीशुदा प्रेमी के प्यार में पागल सिया को मिली खौफनाक मौत, सेप्टिक टैंक में मिली सड़ी लाश

भोपाल, 14 फरवरी (एजेंसियां)। शाम निशातपुरा इलाके में एक खाली प्लॉट में बने सेप्टिक टैंक से 33 वर्षीय महिला का सड़ा हुआ शव बरामद किया गया, जिससे सनसनी फैल गई। जब इस शव की शिनाख्त हुई तो प्रेम, विश्वासघात, ब्लैकमेल और हत्या की एक पेचीदा कहानी सामने आई, जिसकी शुरुआत इंस्टाग्राम पर इश्क मोहब्बत प्यार से हुई और इस प्रेम कहानी का अंत सेप्टिक टैंक में हुआ। मृतक महिला की पहचान महाराष्ट्र के गोंदिया जिले की रहने वाली अशरफी उर्फ सिया के रूप में हुई है। जांचकर्ताओं के अनुसार, सिया की हत्या सोमवार को उसके विवाहित प्रेमी समीर ने अपने परिवार के साथ मिलकर गला घोंटकर की थी।

इसके बाद उसने अपराध के सभी सबूत मिटाने के लिए शव को एक लोहे के बक्से में भरकर कमला नगर स्थित घर के पास के एक सेप्टिक टैंक में



डाल दिया था। इस खौफनाक प्रेम कहानी की शुरुआत एक साल पहले हुई थी, सिया और समीर इंस्टाग्राम पर मिले और सामान्य बातचीत से शुरू हुआ यह रिश्ता जल्द ही प्रेम प्रसंग में बदल गया। प्यार में अंधी सिया ने महाराष्ट्र में अपना घर छोड़ दिया और लगभग तीन महीने पहले भोपाल आकर समीर के साथ रहने लगी। उसे लगा कि वह जीवन का एक नया अध्याय शुरू कर रही है। लेकिन समीर पहले से ही शादीशुदा था और घर में उसकी पत्नी और दो बच्चे थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सिया और समीर की पत्नी के बीच अक्सर कहा-सुनी होती थी।

शव के अत्यधिक सड़ जाने के कारण, दिखाई देने वाले चोट के निशान स्पष्ट नहीं थे। हालांकि, पुलिस ने पीड़िता की पहचान उसके हाथ पर बने टैटू से की, जिसमें एक दीपक बना हुआ था और साथ ही उस पर 26 मई 1992 की तारीख लिखी थी, जिसे उसकी जन्मतिथि माना जा रहा है। निशातपुरा पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर मनोज पटवा ने पुष्टि की कि शव तीन से चार दिन पुराना प्रतीत होता है।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रारंभिक जांच से गला घोंटने की आशंका जताई जा रही है। वहीं समीर अभी भी फरार है, जबकि पुलिस ने शव को ठिकाने लगाने में कथित तौर पर सहायता करने के आरोप में उसके भाई, मां और बहन को गिरफ्तार कर लिया है। समीर की पत्नी भी जांच के दायरे में है।

## एनसीपी के दोनों गुटों का होगा विलय

### संजय राउत ने दिया बड़ा बयान; बताया कौन लेगा अंतिम फैसला



मुंबई, 14 फरवरी (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने शनिवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुटों का विलय होता है तो वह इसका स्वागत करेंगे, लेकिन इस पर कोई भी फैसला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निर्भर करेगा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान राउत ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी के बीच विलय की संभावना जताई। मुंबई में एक प्रेस कांफ्रेंस में बात करते हुए राउत ने कहा कि एनसीपी गुटों का विलय अनिश्चित है।

इस मामले में अमित शाह की भूमिका पर अधिक होगी। राउत ने कहा, मुझे नहीं लगता कि दोनों एनसीपी गुटों का विलय होगा, लेकिन अगर ऐसा होता है, तो मुझे खुशी होगी। प्रफुल पटेल वही कह रहे हैं जो अमित शाह कह रहे हैं। संजय राउत ने आगे कहा, क्या आपके पास दोनों के विलय के बारे में कोई ठोस जानकारी है? एनसीपी और बीजेपी के विलय पर फैसला अमित शाह की इच्छा के अनुसार लिया जाएगा। एनसीपी का बीजेपी में विलय होगा। एकनाथ शिंदे की पार्टी का भी बीजेपी में विलय होगा।

इससे पहले 4 फरवरी को एनसीपी (शरद पवार गुट) के प्रमुख शरद पवार ने साफ किया था कि दोनों गुटों के संभावित विलय पर अजित पवार और जयंत पाटिल के बीच चर्चा हुई थी। उन्होंने बताया था कि इसमें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शामिल नहीं थे। बारामती में एक प्रेस कार्यक्रम में पवार ने कहा, मुझे खुशी है कि सुनेत्रा पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। विलय की चर्चा अजित पवार और जयंत पाटिल के बीच हुई थी। सीएम फडणवीस बातचीत में शामिल नहीं थे। उन्हें इस बारे में बोलने पर कोई अधिकार नहीं है।

# कोयला घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

## जब्त की 100.44 करोड़ की संपत्ति

कोलकाता, 14 फरवरी (एजेंसियां)। गैरकानूनी कोयला खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 100.44 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त कर दी है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत की गई है। मामला ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के लीज एरिया में बड़े पैमाने पर अवैध खनन और कोयला चोरी से जुड़ा है।

जांच में सामने आया है कि इस पूरे रैकेट को अनूप मांझी उर्फ लाला के नेतृत्व में एक सिंडिकेट चला रहा था। आरोप है कि सिंडिकेट ने बड़े पैमाने पर अवैध खुदाई कर कोयला निकाला और फिर उसे पश्चिम बंगाल की कई फैक्ट्रियों तक पहुंचाया। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इस काम में स्थानीय प्रशासन की सक्रिय मदद ली जा रही थी।

**लाला पैड से चलता था पूरा खेल**

ईडी की जांच में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सिंडिकेट ने एक फर्जी ट्रांसपोर्ट चालान शुरू किया था, जिसे 'लाला पैड' कहा जाता था। यह






चालान गैर-मौजूद कंपनियों के नाम पर टैक्स इनवॉइस की तरह जारी किया जाता था।

ट्रक ड्राइवरों को फर्जी चालान के साथ 10 या 20 रुपये का एक नोट भी दिया जाता था। ड्राइवर उस नोट को ट्रक या डंपर के नंबर प्लेट के साथ पकड़कर उसकी फोटो खींचता और सिंडिकेट ऑपरेटर को भेजता था।

इसके बाद वही फोटो व्हाट्सएप के जरिए रास्ते में पड़ने वाले पुलिस और दूसरे अधिकारियों तक पहुंचाई जाती थी, ताकि गाड़ी को रोका न जाए या रोके जाने पर तुरंत छोड़ दिया जाए।

**2,742 करोड़ की कमाई का अंदेशा**

ईडी के मुताबिक, सिंडिकेट के रिकॉर्ड में करीब 2,742 करोड़ रुपये की अवैध कमाई दर्ज मिली है। जब्त रजिस्टर, डिजिटल डेटा, टैली रिकॉर्ड और व्हाट्सएप चैट से पता चला है कि बड़े पैमाने पर कैश ट्रांजैक्शन और हवाला के जरिए पैसे को इधर-उधर किया गया।

**हवाला का अनोखा तरीका**

जांच में एक अंडरग्राउंड हवाला नेटवर्क का भी खुलासा हुआ है। लेन-देन के लिए एक खास कोड इस्तेमाल किया जाता था, जो आमतौर पर 10 रुपये के नोट का सीरियल नंबर होता था। पैसे लेने वाला पहले नोट का सीरियल नंबर भेजता था।

फिर वही नंबर हवाला ऑपरेटर के जरिए दूसरे शहर में मौजूद व्यक्ति को दिया जाता था। जब कैश पहुंचाया जाता, तो रिसीवर वही खास नंबर वाला नोट दिखाकर अपनी पहचान साबित करता और बिना किसी बैंक रिकॉर्ड के कैश ले लेता। इस तरह करोड़ों रुपये बिना किसी आधिकारिक रिकॉर्ड के इधर-उधर किए गए।

**स्टील कंपनियां भी जांच के दायरे में**

ईडी की जांच में यह भी सामने आया है कि स्टील और आयरन सेक्टर की कुछ कंपनियों ने नकद में अवैध कोयला खरीदा।

इससे उन्होंने अवैध कमाई को साफ दिखाने में मदद की। अटैच की गई संपत्तियों में जमीन-जायदाद, फिक्स्ड डिपॉजिट और म्यूचुअल फंड निवेश शामिल हैं। ये संपत्तियां शाकंभरी इस्पात एंड पावर लिमिटेड और गगन फेरोटेक लिमिटेड के नाम पर हैं। इस मामले में अब तक कुल 322.71 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की जा चुकी है।

**पहले भी हुई थी छापेमारी**

इससे पहले 8 जनवरी 2026 को ईडी ने कोलकाता और दिल्ली में 10 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इन छापों में मिले सबूतों के आधार पर अब इन संपत्तियों को अटैच किया गया है। ईडी का कहना है कि यह पूरा मामला कई परतों वाला और जटिल आर्थिक अपराध है। एजेंसी अब इस नेटवर्क के अंतिम लाभार्थियों और अन्य शामिल लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। ईडी ने साफ किया है कि अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे अपराध देश के प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचाते हैं और जनता के हितों के खिलाफ हैं। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## एआई इम्पैक्ट समिट से पहले पांच सितारा होटलों में कमरे महंगे, किराया 60 हजार रुपये तक बढा

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। राजधानी 16 फरवरी से शुरू होने वाले एआई समिट की तैयारियों में जुटी है। इसमें देश-विदेश से मेहमान दिल्ली पहुंचेंगे, जिससे होटल बुकिंग पर जबरदस्त दबाव बना हुआ है। ऐसे में दिल्ली के पांच सितारा होटलों में कमरों का किराया 60 हजार रुपये प्रति रात से ऊपर पहुंच गया है। कुछ लग्जरी सुइट्स के लिए लाखों रुपये प्रति रात तक किराया है।

जिन चार सितारा होटलों में सामान्य दिनों में करीब 6 हजार रुपये में कमरा मिल जाता है, वहां भी अब 30 हजार रुपये या उससे अधिक वसूले जा रहे हैं। अचानक बढ़ी इन दरों से यात्रियों और आम लोगों में नाराजगी है। आम लोगों के मुताबिक, यह मुनाफाखोरी है। बड़े आयोजनों के बहाने होटल संचालक बहुत ज्यादा पैसे वसूल रहे हैं। फिलहाल होटल किराये के लिए कोई तय सीमा नहीं है। इस कारण हर बड़े आयोजन के समय कीमतों में तेज उछाल देखने को मिलता है। यह पहली बार नहीं है जब किसी बड़े कार्यक्रम से पहले होटल दरें बढ़ी हों। पिछले साल मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम के पास कोल्डप्ले के शो के दौरान तीन रातों के लिए 5 लाख रुपये तक वसूले गए थे। होटल वेबसाइट्स पर महंगे दाम : होटलों की आधिकारिक वेबसाइट्स के अनुसार, दिल्ली के एक प्रमुख पांच सितारा होटल में चार रातों के लिए लग्जरी सुइट्स का किराया लाखों में दिखाया गया है।

इक्सिगो और मेक माई ट्रिप पर दिल्ली में होटल सर्च में महीने दर महीने 6 गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दिल्ली के कई बड़े फाइव स्टार होटल 16-20 फरवरी के लिए पहले ही बुक हो चुके हैं। जहां अभी भी कमरे खाली हैं वहां एक रात का किराया 70,000 रुपये से 1 लाख रुपये के बीच है।

# ट्रम्प बोले- वेनेजुएला में सीक्रेट हथियार का इस्तेमाल किया

## रूस-चीन के डिफेंस सिस्टम फेल हो गए, कहा- एक दिन सब पता चलेगा

वॉशिंगटन, 14 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि वेनेजुएला में 3 जनवरी को हुए सैन्य ऑपरेशन में अमेरिका ने एक सीक्रेट हथियार का इस्तेमाल किया। ट्रम्प के मुताबिक इस हथियार की वजह से रूस और चीन के डिफेंस सिस्टम काम नहीं कर पाए।

नॉर्थ कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग सैन्य बेस पर सैनिकों को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने इस हथियार को 'डिसकम्बोबुलेटर' कहा। हालांकि उन्होंने इसके बारे में ज्यादा जानकारी देने से इनकार किया।

ट्रम्प ने कहा, वेनेजुएलाई सैनिकों को एक भी गोली चलाने का मौका नहीं मिला। रूसी उपकरण काम नहीं किए। चीनी उपकरण काम नहीं किए। सब यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि ऐसा क्यों हुआ। एक दिन आपको इसके बारे में पता चलेगा।।

यह पहली बार है जब ट्रम्प ने किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में इस सीक्रेट हथियार का जिक्र किया है। इससे पहले वह एक बार जिक्र कर चुके थे। पिछले हफ्ते न्यूयॉर्क



पोस्ट को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, "मुझे इसके बारे में बात करने की अनुमति नहीं है। लेकिन इतना बता दूं, सब कुछ गड़बड़ा दिया गया था।

**अमेरिका ने हमले के लिए 150 विमानों का इस्तेमाल किया**

अमेरिकी जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन एयर फोर्स जनरल डैन केन के मुताबिक, वेनेजुएला पर हमले के लिए 20 ठिकानों से 150 से ज्यादा विमानों ने उड़ान भरी। इनमें बॉम्बर्स, फाइटर जेट, इंटेलिजेंस और सर्विलांस प्लेटफॉर्म शामिल थे।

इस ऑपरेशन में अमेरिकी सैनिक रात के अंधेरे में हेलिकॉप्टर से वेनेजुएला की राजधानी कराकास पहुंचे। उन्होंने भारी सुरक्षा के बीच तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार किया।

वेनेजुएला के अधिकारियों के मुताबिक, हमले की शुरुआत अमेरिकी बमबारी से हुई थी, जिसमें सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस कार्रवाई में 83 लोगों की मौत हुई और 112 से ज्यादा लोग घायल हुए।

ट्रम्प ने बताया कि किसी भी अमेरिकी सैनिक की मौत नहीं हुई, लेकिन तीन हेलिकॉप्टर पायलट घायल हुए हैं।

अमेरिका पर वेनेजुएला में सोनिक हथियार इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इस ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी सेना ने एक बेहद शक्तिशाली और अब तक न देखे गए हथियार का इस्तेमाल किया, जिससे वेनेजुएला के सैनिक पूरी तरह बेबस हो गए थे।

एक वेनेजुएलाई सिक्योरिटी गार्ड ने पिछले महीने बताया कि ऑपरेशन शुरू होते ही उनके सभी रडार सिस्टम अचानक बंद हो गए। इसके कुछ ही सेकेंड बाद उन्होंने आसमान में बड़ी संख्या में ड्रोन उड़ते देखे। गार्ड के मुताबिक, उन्हें समझ ही नहीं आया कि इस हालात में क्या किया जाए।

गार्ड ने आगे दावा किया कि ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी सेना ने एक सीक्रेट इक्विपमेंट का इस्तेमाल किया। यह किसी बहुत तेज आवाज या तरंग (साउंड वेब) जैसा था। इसके तुरंत बाद उसे ऐसा महसूस हुआ जैसे उसका सिर अंदर से फट रहा हो।

कई सैनिकों की नाक से खून बहने लगा और कुछ को खून की उल्टियां हुईं। सभी सैनिक जमीन पर गिर पड़े और कोई भी खड़ा होने की हालत में नहीं था।

# खालिस्तानी आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश का मामला

## भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की सजा, न्यूयॉर्क कोर्ट में गुनाह कबूला

न्यूयॉर्क, 14 फरवरी (एजेंसियां)। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की जेल की सजा सुनाई गई।

एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक निखिल ने शुक्रवार को अमेरिका के न्यूयॉर्क की कोर्ट में गुनाह कबूल कर लिया है। 29 मई को सजा का औपचारिक ऐलान किया जाएगा।

अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने एक्स पर पोस्ट कर निखिल गुप्ता के अपराध कबूलने की जानकारी दी। एफबीआई के मुताबिक, यह साजिश एक अमेरिकी नागरिक की हत्या के लिए रची गई थी, जिसे अमेरिकी एजेंसियों ने समय रहते नाकाम कर दिया।

यूएस अटॉर्नी ऑफिस के बयान के मुताबिक, निखिल गुप्ता उर्फ 'निक' ने सेकंड सुपरसिडिंग इंडिक्टमेंट में लगाए गए तीनों आरोपों को स्वीकार किया है। इन आरोपों में मर्डर-फॉर-हायर, मर्डर-फॉर-हायर की साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश शामिल है।

**निखिल को यूरोपीय देश चेक रिपब्लिक से गिरफ्तार किया**

पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में निखिल गुप्ता को 30 जून 2023 को चेक रिपब्लिक पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद 14 जून 2024 को निखिल को अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया था। निखिल पर अमेरिका में केस चलाया गया, जहां उसने खुद को निर्दोष बताया था। अमेरिकी एजेंसियों के मुताबिक, भारत के एक पूर्व अफसर विकास यादव ने निखिल गुप्ता से पन्नू की हत्या की साजिश रचने को कहा था। अमेरिकी न्याय विभाग ने दावा किया है कि भारतीय सरकार के एक कर्मचारी ने निखिल गुप्ता को पन्नू की हत्या के लिए एक हिटमैन की व्यवस्था करने को कहा था। यह आरोप मैनहट्टन की फेडरल कोर्ट में दाखिल इंडिक्टमेंट में लगाया गया था। उस कर्मचारी को आरोपपत्र में




सीसी-1 कहा गया है

**पन्नू मामले में कब, क्या हुआ, चार्जशीट**

**मई 2023:** अमेरिकी प्रॉसिक्यूटर के मुताबिक एक भारतीय अधिकारी (विकास यादव) ने निखिल गुप्ता को हायर किया।

**29 मई:** निखिल गुप्ता ने किसी ऐसे शख्स की तलाश शुरू की जो पन्नू को मार सके। हालांकि, जिसे पन्नू को मारने के लिए हायर किया गया वो अमेरिका का अंडर कवर एजेंट निकला। कुछ हफ्तों तक निखिल गुप्ता ने इस अंडर कवर एजेंट से पन्नू को मारने के तरीके और कीमत पर चर्चा की।

**9 जून:** गुप्ता ने पन्नू को मारने के लिए हायर किए गए हिटमैन को एक शख्स के जरिए 15 हजार डॉलर (12 लाख 49 हजार रुपए) का कैश भिजवाया। ये हत्या के लिए एडवांस पेमेंट था। पूरी डील 1 लाख डॉलर (84 लाख रुपए) में हुई थी।

**11 जून:** भारतीय अधिकारी ने गुप्ता को कहा कि पन्नू को अभी नहीं मरवा सकते हैं। दरअसल, जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दौरे पर गए थे। गुप्ता ने भी फोन पर कहा था कि 10 दिनों तक कुछ नहीं किया जा सकता है, नहीं तो प्रदर्शन शुरू हुए जाएंगे।

**18 जून:** कनाडा में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई।

**19 जून:** गुप्ता निज्जर की हत्या का वीडियो अमेरिका में पन्नू की हत्या के लिए हायर किए हिटमैन को भेजा और कहा कि ये अच्छी खबर है, अब इंतजार करने की जरूरत नहीं है।

# जेल से छूटते ही प्रेमी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मार-डाला

बालोद, 14 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में जेल से छूटने के बाद विचाराधीन कैदी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की हत्या कर दी। फिर उसने आंगनबाड़ी केंद्र में ही फांसी लगा ली। दोनों पिछले 15 साल से प्रेम संबंध में थे। मामला देवरी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का नाम उगेश्वरी देवांगन (54) है। जबकि आरोपी का नाम लखन देवांगन (57) है। दोनों ग्राम फरदफोड़ के रहने वाले थे। उगेश्वरी ने लखन पर शादी का झांसा देकर रेप का आरोप लगाया था।

जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया था। जमानत पर रिहा होने के बाद लखन ने हत्या की प्लानिंग की और गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचा और चाकू से उगेश्वरी के सिर, गले, सीने, चेहरे पर तोबड़तोड़ वार किया।

जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद लखन ने पंखे से लटकर खुदकुशी कर ली। वारदात के वक्त आंगनबाड़ी के बच्चे और सहायिका बाहर ही मौजूद थे। फिलहाल, पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। दरअसल, 15 साल पहले उगेश्वरी देवांगन के पति ने आत्महत्या कर ली थी। उगेश्वरी के दो बच्चे हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। वहीं लखन भी शादीशुदा था और उसके दो बेटे हैं। उगेश्वरी के पति की मौत के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगी।

इस बीच उगेश्वरी का बेटा बाहर काम करने लगा था। जब वह वापस लौटा तो उसने लखन के घर आने-जाने पर आपत्ति जताने लगा। ऐसे में 13 जनवरी को उगेश्वरी अपने भाई के घर चली गई। लेकिन जाने से पहले वह देवरी थाने पहुंची।

# मेडिकल की तैयारी 4 साल की उम्र से ही

## साउथ कोरिया में 80% बच्चे कर रहे कोचिंग हफ्ते में 40 घंटे ले रहे एक्स्ट्रा क्लास

सियोल, 14 फरवरी (एजेंसियां)। ली क्यॉन्ग मिन की जिंदगी लंबे समय तक एक ही धुरी पर घूमती रही। अपनी बेटियों को स्कूल से हागवॉन, फिर घर तक पहुंचाना। यह दिनचर्या लगभग हर माता-पिता की है, जो बच्चों को दक्षिण कोरिया की शीर्ष यूनिवर्सिटी में प्रवेश दिलाना चाहते हैं। हागवॉन, यानी निजी कोचिंग संस्थान, इस दौड़ का अहम हिस्सा हैं, जहां बच्चे मैथ, कोरियन व अंग्रेजी पढ़ते हैं ताकि कठिन एंट्रेंस में सफल हो सकें।

ली ने बच्चों की पढ़ाई की खातिर विज्ञापन जगत को छोड़ दिया। पति फाइनेंस से जुड़े हैं, दोनों ने बेटियों को सबसे अच्छी कोचिंग में दाखिल करवाया। सातों दिन बाकी माता-पिता की तरह वे भी देर रात तक कैफे में बैठकर इंतजार करती थीं। उन्होंने कई बार बच्चों को कैफे में ही होमवर्क और डिनर करते फिर अगली क्लास की ओर भागते देखा। यह



दृश्य उन्हें झकझोर देता था, क्योंकि यह शिक्षा व्यवस्था बच्चों की मासूमियत व परिवार की शांति दोनों को निगल रही थी।

द. कोरिया में 80% स्कूली बच्चे किसी न किसी रूप में कोचिंग लेते हैं। सरकारी डाटा के अनुसार, 2024 में यह बाजार 1.84 लाख करोड़ रु. तक पहुंच गया। सियोल के कुछ इलाकों में तो 4 साल के बच्चों को इंग्लिश प्री-स्कूल के लिए एंट्रेंस टेस्ट देना पड़ता है। 2013 में ली ने अपनी बेटियों को 4 और 5 साल की उम्र में इंग्लिश प्री-स्कूल में प्रवेश दिलवाया। फिर उन्हें गंगनम के डैची इलाके के हागवॉन भेजा, जहां 1,200 कोचिंग सेंटर हैं। यहां प्रवेश से पहले 'टेस्ट' देना पड़ता है। सियोल में पढ़ाई का दबाव साफ दिखता है। यहां ऐसे स्टडी कैफे हैं जहां छात्रों के फोन जब्त कर लिए जाते हैं ताकि वे ध्यान से पढ़ सकें। कुछ क्लिनिक दिमाग तेज करने वाले इलाज का दावा करते हैं।

सड़कों पर 'थेरेपी जोन' साउंडप्रूफ केबिन बने हैं, जहां छात्र शांति से पढ़ सकते हैं या चीखकर तनाव निकाल सकते हैं। सियोल नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर किम डोंग-सु कहते हैं, हागवॉन पर टिकी शिक्षा प्रणाली बच्चों व समाज दोनों के लिए खतरनाक है। इसका नतीजा मानसिक दबाव व आत्महत्या की घटनाओं में बढ़ोतरी है। वे मानते हैं कि शिक्षा सिर्फ परीक्षा के नतीजों तक सीमित न रहे।

# दहशत फैलाने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार

## 2 पिस्टल, 2 देशी कट्टे और 1 जिंदा कारतूस जब्त, न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल



राजनांदगांव, 14 फरवरी (एजेंसियां)। राजनांदगांव पुलिस ने शहर में दहशत फैलाने वाले 'चार्ली गैंग' का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गैंग के मुख्य आरोपी शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली समेत कुल 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 2 पिस्टल, 2 देशी कट्टे और 1 जिंदा कारतूस बरामद किया है। यह कार्रवाई चिखली चौकी पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने की। जानकारी के मुताबिक, यह मामला 12 फरवरी 2026 का है। शंकरपुर क्षेत्र के लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी कि डब्बा मैदान कब्रिस्तान के पास एक युवक 'चार्ली' अपने साथियों के साथ हथियार लहराकर लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही चिखली चौकी प्रभारी ने टीम बनाकर मौके पर दबिश दी।

# बांग्लादेश में चुनाव जीतते ही बीएनपी ने चीन, पाकिस्तान से किए बड़े वादे

## जिनपिंग के ड्रीम प्रोजेक्ट बीआरआई पर बड़ा ऐलान

ढाका, 14 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के तारिक रहमान बांग्लादेश के अगले प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। लेकिन उनके शपथ ग्रहण से पहले ही बीएनपी ने चीन और पाकिस्तान से बड़े बड़े वादे कर लिए हैं। बीएनपी ने कहा है कि वह चीन के साथ व्यापार, निवेश, बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी में सहयोग बढ़ाने के लिए तत्पर है। लेकिन बीएनपी का सबसे बड़ा वादा बीआरआई को लेकर था। बीएनपी ने कहा है कि वो बीआरआई परियोजनाओं सहित बांग्लादेश के डेवलपमेंट को लेकर चल रहे प्रोजेक्ट्स के लिए चीन के साथ काम करने के लिए तैयार है। बीएनपी ने ये वादे चीनी प्रवक्ता के एक ट्वीट पर किए हैं, जिसमें उन्होंने तारिक रहमान और उनकी पार्टी बीएनपी को बांग्लादेश चुनाव में मिली जीत के



लिए बधाई दी थी। चीन ने बधाई संदेश देते हुए कहा था कि चीन, एक पड़ोसी और दोस्त होने के नाते बांग्लादेश को घरेलू राजनीतिक के मजबूत होने का समर्थन करता है। उसके बाद बीएनपी की तरफ से उस ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए चीन से कई वादे किए गये हैं।

बीएनपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि बांग्लादेश (चीन के साथ) ऐसे सहयोग का स्वागत करता है जो राष्ट्रीय हित को आगे बढ़ाता है, आर्थिक लचीलेपन को मजबूत करता है और हमारे दोनों लोगों को ठोस लाभ पहुंचाता है। हम व्यापार, निवेश, बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी में सहयोग बढ़ाने के लिए तत्पर हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि बेल्ट और रोड परियोजनाओं सहित चल रही और भविष्य की पहल बांग्लादेश की विकास प्राथमिकताओं और दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता के साथ संरेखित हैं।

# चापाइनवाबगंज में देशी बम बनाने के दौरान धमाका, 2 की मौत, 3 घायल

ढाका, 14 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश के चापाइनवाबगंज जिले में शनिवार सुबह करीब 5 बजे देशी बम बनाते समय विस्फोट हो गया। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। घटना चर बगडांगा यूनियन के पाथापाड़ा गांव की है।

सदर पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी नुरे आलम ने बताया कि घर के अंदर कथित तौर पर देशी बम तैयार किए जा रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज धमाका हुआ। मृतकों की पहचान तत्काल नहीं हो सकी है।

घायलों की पहचान पाथापाड़ा गांव के मिनहाज (52) और बाजलुर रहमान (20), तथा रानीहाटी के धूमी गांव निवासी मोहम्मद शुवो (20) के रूप में



हुई है। सभी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि मकान की ईंटों की दीवारें ढह गईं और टिन की छत उड़कर दूर जा गिरी। आसपास के इलाके में भी अफरातफरी मच गई।

पुलिस ने क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाया जा रहा है कि विस्फोटक सामग्री किस उद्देश्य से तैयार की जा रही थी और इस घटना में अन्य कौन लोग शामिल हो सकते हैं।

# जर्मन चांसलर मर्ज बोले- यूरोप की आजादी की गारंटी नहीं

## अमेरिका से रिश्तों में गहरी दरार, नियमों से चलने वाली दुनिया खत्म

म्यूनिख, 14 फरवरी (एजेंसियां)। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा है कि यूरोप की आजादी की अब गारंटी नहीं है। मर्ज के मुताबिक यूरोप अब यह मानकर नहीं चल सकता कि उसे अपने-आप सुरक्षा मिलती रहेगी।

म्यूनिख में सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस (एमएससी) को संबोधित करते हुए मर्ज ने माना कि यूरोप और अमेरिका के रिश्तों में गहरी दरार आ गई है। उन्होंने कहा कि नियमों से चलने वाली दुनिया खत्म हो गई है, वैश्विक व्यवस्था अब उस रूप में मौजूद नहीं रही। मर्ज ने कहा कि दुनिया अब बड़ी शक्तियों की प्रतिस्पर्धा से चल रही है।



सम्मेलन में कई यूरोपीय नेता और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद रहे।

मर्ज ने कहा कि सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद जो वैश्विक व्यवस्था बनी थी, वह अब खत्म हो गई है। उन्होंने बताया कि उस समय देश आपसी नियमों और समझ के आधार पर काम करते थे, लेकिन अब हालात बदल गए हैं।

मर्ज ने कहा कि ऐसे माहौल में यूरोप यह मानकर नहीं चल सकता कि उसकी सुरक्षा और आजादी अपने-आप बनी रहेगी। यूरोपीय देशों को अब ज्यादा जिम्मेदारी लेनी होगी। जरूरत पड़े तो त्याग भी करना होगा और अपनी रक्षा व अर्थव्यवस्था खुद मजबूत करनी होगी।

मर्ज के मुताबिक, अब फैसले साझा नियमों से नहीं, बल्कि ताकत और अपने-अपने हितों के आधार पर लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, मर्ज बोले- अमेरिका भी अकेले नहीं चल सकता।

मर्ज ने कहा कि आज की दुनिया में अमेरिका भी अकेले नहीं चल सकता।

# अमेरिका में 22 वर्षीय भारतीय छात्र लापता, तलाश तेज

## अंजा झील के पास देखा गया आखिरी बार

वॉशिंगटन, 14 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका की कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले में पढ़ रहे एक 22 वर्षीय भारतीय छात्र की लापता होने की खबर सामने आई है। कर्नाटक के साकेत श्रीनिवासैया कैलिफोर्निया में रहकर पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे हैं। जो कि मंगलवार यानी 10 फरवरी से लापता है। ऐसे में छात्र की तलाश तेज कर दी गई है।

साकेत के लापता होने की खबर की पुष्टि करते हुए सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय दूतावास ने इस घटना पर गहरी चिंता



व्यक्त की। दूतावास ने एक्स पोस्ट में छात्र को ढूंढने के लिए वह उसके परिवार और स्थानीय अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में होना की बात कही है।

स्थानीय मीडिया ने पुलिस के हवाले से बताया कि कर्नाटक के रहने वाले और यूसी बर्कले के छात्र साकेत श्रीनिवासैया मंगलवार को लापता हो गए। बर्कले स्कैनर समाचार पोर्टल के अनुसार साकेत का बैग, जिसमें पासपोर्ट और लैपटॉप था पार्क हिल्स इलाके में एक घर के दरवाजे पर मिला।

पुलिस के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रीनिवासैया को आखिरी बार ड्वाइट वे के 1700 ब्लॉक में देखा गया था। उनका कद लगभग 6 फीट 1 इंच, वजन लगभग 73 किलोग्राम, छोटे काले बाल और भूरी आंखें बताई गई हैं। पुलिस ने श्रीनिवासैया के बारे में जानकारी रखने वाले किसी भी व्यक्ति से स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सूचित करने का आग्रह किया है।

# 18,880 लीटर स्प्रिट बरामद

## नकली शराब बनाने की योजना दो तस्कर गिरफ्तार, बरामद स्प्रिट की कीमत 13 लाख से अधिक

पलामू, 14 फरवरी (एजेंसियां)। पलामू जिले में उत्पाद विभाग ने भारी मात्रा में स्प्रिट बरामद किया है। नकली शराब बनाने के लिए इस स्प्रिट की तस्करी की जा रही थी। पिपरा थाना क्षेत्र के भीतिया गांव में हुई इस कार्रवाई में 18,880 लीटर स्प्रिट जब्त किया गया। इस संबंध में दो तस्करों, लव कुमार चंद्रवंशी और प्रमोद कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

उत्पाद अधीक्षक सुजीत कुमार ने बताया कि जब्त स्प्रिट लव कुमार चंद्रवंशी के घर के खटाल से बरामद हुआ। बाजार में एक लीटर स्प्रिट की कीमत 70 रुपए है, जिसके अनुसार बरामद स्प्रिट का कुल बाजार मूल्य 13 लाख 21 हजार 600 रुपए आंका गया है।

# भारत के राफेल से निपटने के लिए पाकिस्तान ने 50 साल पुराने मिराज को किया अपग्रेड

इस्लामाबाद, 14 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने अपने करीब 50 साल पुराने लड़ाकू विमानों मिराज-III और मिराज-V बेड़े में इटली के बने ग्रिफो-ई सक्रिय इलेक्ट्रॉनिक स्कैन एरे (एईएसए) रडार को इंटीग्रेट करने का प्लान बनाया है। डिफेंस सिक्योरिटी एशिया की रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। पाकिस्तान की कोशिश मिराज विमानों को अपग्रेड करना है और उनमें नई टेक्नोलॉजी इंटीग्रेट करना है। पाकिस्तान की कोशिश, नये रडार सिस्टम के साथ भारतीय राफेल लड़ाकू विमानों का मुकाबला करना है, जिसके पास अत्याधुनिक स्पेक्ट्रा रडार सिस्टम है। खासकर भारत ने जबसे फ्रांस से 114 राफेल और खरीदने का फैसला किया है, उसके बाद से ही

## कर पाएगा मुकाबला?

पाकिस्तान में खूब बेचैनी देखी जा रही है।

पाकिस्तान चूंकी पैसों की किल्लत से जूझ रहा है और उसके लिए नये फाइटर जेट खरीदने में निवेश करना काफी मुश्किल है, इसलिए उसने पुराने विमानों को अपग्रेड करने का फैसला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान जिस इतालवी रडार ग्रिफो-ई एईएसए को मिराज के साथ इंटीग्रेट करने की योजना पर काम कर रहा है, उसकी रेंज 157 किलोमीटर के आसपास है। ये एक साथ 24 हवाई लक्ष्यों पर नजर रख सकता है। पाकिस्तान के एक्सपट्र्स का कहना है उच्च घनत्व वाले युद्ध के दौरान ये रडार काफी असरदार होगा।



डिफेंस एक्सपट्र्स का कहना है कि पाकिस्तान जिन मिराज विमानों को अपग्रेड कर रहा है, वो अब करीब 40 से 50 साल पुराने हो चुके हैं। नया रडार लगाने से उनकी आंखें भले ही तेज हो सकती हैं, लेकिन उनकी उड़ने की क्षमता और आधुनिक मिसाइलों को झेलने की शक्ति राफेल या सुखोई जैसी नहीं हो सकती। इसके अलावा राफेल में 'Spectra' सिस्टम है, जो दुनिया का सबसे बेहतरीन इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सूट है। इस बनाया ही दुश्मन विमानों के रडार को जाम करने के लिए गया है। इसका मतलब ये हुआ कि मिराज लड़ाकू विमान में जो नया रडार लगाया जाएगा, वो शायद राफेल विमान को देख ही नहीं पाए।

# महाशिवरात्रि क्यों मनाई जाती है?

हर चंद्र मास का चौदहवाँ दिन अथवा अमावस्या से पूर्व का एक दिन शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है। एक कैलेंडर वर्श में आने वाली सभी शिवरात्रियों में से, महाशिवरात्रि, को सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता है, जो फरवरी-मार्च माह में आती है। इस रात, ग्रह का उत्तरी गोलार्द्ध इस प्रकार अवस्थित होता है कि मनुष्य भीतर ऊर्जा का प्राकृतिक रूप से ऊपर की और जाती है। यह एक ऐसा दिन है, जब प्रकृति मनुष्य को उसके आध्यात्मिक शिखर तक जाने में मदद करती है। इस समय का उपयोग करने के लिए, इस परंपरा में, हम एक उत्सव मनाते हैं, जो पूरी रात चलता है। पूरी रात मनाए जाने वाले इस उत्सव में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि ऊर्जाओं के प्राकृतिक प्रवाह को उमड़ने का पूरा अवसर मिले – आप अपनी रीढ़ की हड्डी को सीधा रखते हुए – निरंतर जागते रहते हैं।



## महाशिवरात्रि का महत्व

महाशिवरात्रि आध्यात्मिक पथ पर चलने वाले साधकों के लिए बहुत महत्व रखती है। यह उनके लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है जो पारिवारिक परिस्थितियों में हैं और संसार की महत्वाकांक्षाओं में मग्न हैं। पारिवारिक परिस्थितियों में मग्न लोग महाशिवरात्रि को शिव के विवाह के उत्सव की तरह मनाते हैं। सांसारिक महत्वाकांक्षाओं में मग्न लोग महाशिवरात्रि को, शिव के द्वारा अपने शत्रुओं पर विजय पाने के दिवस के रूप में मनाते हैं। परंतु, साधकों के लिए, यह वह दिन है, जिस दिन वे कैलाश पर्वत के साथ एकात्म हो गए थे। वे एक पर्वत की भाँति स्थिर व निश्चल हो गए थे। यौगिक परंपरा में, शिव को किसी देवता की तरह नहीं पूजा जाता। उन्हें आदि गुरु माना जाता है, पहले गुरु, जिनसे ज्ञान उपजा। ध्यान की अनेक सहस्राब्दियों के पश्चात, एक दिन वे पूर्ण रूप से स्थिर हो गए। वही दिन महाशिवरात्रि का था। उनके भीतर की सारी गतिविधियाँ शांत हुईं और वे पूरी तरह से स्थिर हुए, इसलिए साधक महाशिवरात्रि को स्थिरता की रात्रि के रूप में मनाते हैं।

## महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक महत्व

इसके पीछे की कथाओं को छोड़ दें, तो यौगिक परंपराओं में इस दिन का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि इसमें आध्यात्मिक साधक के लिए बहुत सी संभावनाएँ मौजूद होती हैं। आधुनिक विज्ञान अनेक चरणों से होते हुए, आज उस बिंदु पर आ गया है, जहाँ उन्होंने आपको प्रमाण दे दिया है कि आप जिसे भी जीवन के रूप में जानते हैं, पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं, जिसे आप ब्रह्माण्ड और तारामंडल के रूप में जानते हैं; वह सब केवल एक ऊर्जा है, जो स्वयं को लाखों-करोड़ों रूपों में प्रकट करती है। यह वैज्ञानिक तथ्य प्रत्येक योगी के लिए एक अनुभव से उपजा सत्य है। 'योगी' शब्द से तात्पर्य उस व्यक्ति से है, जिसने अस्तित्व की एकात्मकता को जान लिया है। जब मैं कहता हूँ, 'योग', तो मैं किसी विशेष अभ्यास या तंत्र की बात नहीं कर रहा। इस असीम विस्तार को तथा अस्तित्व में एकात्म भाव को जानने की सारी चाह, योग है। महाशिवारात्रि की रात, व्यक्ति को इसी का अनुभव पाने का अवसर देती है।

## शिवरात्रि – महीने का सबसे ज्यादा अँधेरे से भरा दिन

शिवरात्रि माह का सबसे अंधकारपूर्ण दिवस होता है। प्रत्येक माह शिवरात्रि का उत्सव तथा महाशिवरात्रि का उत्सव मनाना ऐसा लगता है मानो हम अंधकार का उत्सव मना रहे हों। कोई तर्कशील मन अंधकार को नकारते हुए, प्रकाश को सहज भाव से चुनना चाहेगा। परंतु शिव का शाब्दिक अर्थ ही यही है, 'जो नहीं है'। 'जो है', वह अस्तित्व और सृजन है। 'जो नहीं है', वह शिव है। 'जो नहीं है', उसका अर्थ है, अगर आप अपनी आँखें खोल कर आसपास देखें और आपके पास सूक्ष्म दृष्टि है तो आप बहुत सारी रचना देख सकेंगे। अगर आपकी दृष्टि केवल विशाल वस्तुओं पर जाती है, तो आप देखेंगे कि विशालतम शून्य ही, अस्तित्व की सबसे बड़ी उपस्थिति है। कुछ ऐसे बिंदु, जिन्हें हम आकाशगंगा कहते हैं, वे तो दिखाई देते हैं, परंतु उन्हें थामे रहने वाली विशाल शून्यता सभी लोगों को दिखाई नहीं देती। इस विस्तार, इस असीम रिक्तता को ही शिव कहा जाता है। वर्तमान में, आधुनिक विज्ञान ने भी साबित कर दिया है कि सब कुछ शून्य से ही उपजा है और शून्य में ही विलीन हो जाता है। इसी संदर्भ में शिव यानी विशाल रिक्तता या शून्यता को ही महादेव के रूप में जाना जाता है। इस ग्रह के प्रत्येक धर्म व संस्कृति में, सदा दिव्यता की सर्वव्यापी प्रकृति की बात की जाती रही है। यदि हम इसे देखें, तो ऐसी एकमात्र चीज़ जो सही मायनों में सर्वव्यापी हो सकती है, ऐसी वस्तु जो हर स्थान पर उपस्थित हो सकती है, वह केवल अंधकार, शून्यता या रिक्तता ही है। सामान्यतः, जब लोग अपना कल्याण चाहते हैं, तो हम उस दिव्य को प्रकाश के रूप में दर्शाते हैं। जब लोग अपने कल्याण से ऊपर उठ कर, अपने जीवन से परे जाने पर, विलीन होने पर ध्यान देते हैं और उनकी उपासना और साधना का उद्देश्य विलयन ही हो, तो हम सदा उनके लिए दिव्यता को अंधकार के रूप में परिभाषित करते हैं।

## महाशिवरात्रि – जागृति की रात

महाशिवरात्रि एक अवसर और संभावना है, जब आप स्वयं को, हर मनुष्य के भीतर बसी असीम रिक्तता के अनुभव से जोड़ सकते हैं, जो कि सारे सृजन का स्त्रोत है। एक ओर शिव संहारक कहलाते हैं और दूसरी ओर वे सबसे अधिक करुणामयी भी हैं। वे बहुत ही उदार दाता हैं। यौगिक गाथाओं में वे, अनेक स्थानों पर महाकरुणामयी के रूप में सामने आते हैं। उनकी करुणा के रूप विलक्षण और अद्भुत रहे हैं। इस प्रकार महाशिवरात्रि 2026 कुछ ग्रहण करने के लिए भी एक विशेष रात्रि है। यह हमारी इच्छा तथा आशीर्वाद है कि आप इस रात में कम से कम एक क्षण के लिए उस असीम विस्तार का अनुभव करें, जिसे हम शिव कहते हैं। यह केवल एक नींद से जागते रहने की रात भर न रह जाए, यह आपके लिए जागरण की रात्रि होनी चाहिए, चेतना व जागरूकता से भरी एक रात!



## केसरगुट्टा शिव मंदिर का इतिहास

केसरगुट्टा मंदिर हैदराबाद के केसरगुट्टा में एक ऐतिहासिक और प्राचीन मंदिर है। इसे केसरगिरी क्षेत्रम या श्री रामलिंगेश्वर स्वामी मंदिर के रूप में भी जाना जाता है और माना जाता है कि यह त्रेता युग के आसपास रहा है। यह मंदिर भगवान शिव और उनके सेवकों, भवानी और शिव दुर्गा को समर्पित है।

रंगारेड्डी क्षेत्र में एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित इस मंदिर में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु आते हैं। केसरगुट्टा शिव मंदिर हैदराबाद से सप्ताहांत की छुट्टी के लिए भी एक शानदार स्थल है क्योंकि यह वास्तुकला के मामले में भी अपने महत्व के लिए जाना जाता है।पारंपरिक साहित्य के अनुसार भगवान राम रावण का वध कर यहां आए थे। भगवान राम ने हनुमान से कहा कि वे इस स्थल पर स्थापित करने के लिए वाराणसी से 101 शिवलिंग लाएँ। लेकिन, वह मुहूर्त से पहले वाराणसी से नहीं लौट सके, इसलिए भगवान शिव श्री राम के सामने प्रकट हुए और उन्हें स्थान पर स्थापना के लिए एक स्वयं प्रकट शिव लिंगम दिया। इस शिव लिंगम को स्वयंभू के नाम से जाना जाता है।

स्वयंभू शिव लिंगम की स्थापना के बाद, हनुमान पहाड़ी पर लौट आए। उन्होंने अपने लिंगम को न स्थापित करने के लिए दुखी महसूस किया और उन्हें पूरे क्षेत्र में फेंक दिया। आज भी मंदिर के बाहर कई शिवलिंग हैं। हनुमान की भक्ति के कारण श्री राम ने उक्त स्थान का नाम केसरीगिरी पर्वत रखा।

## पूजा की संपूर्ण विधि

1. सुबह की तैयारीः ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें। संभव हो तो जल में गंगाजल मिलाएं। स्वच्छ वस्त्र धारण कर जल और अक्षत लेकर व्रत का संकल्प लें। घर के मंदिर या शिवालय में पूजन प्रारंभ करें।
2. जलाभिषेकः सबसे पहले शिवलिंग पर शुद्ध जल या गंगाजल अर्पित करें और "ॐ नमः शिवाय" मंत्र का जाप करें।
3. पंचामृत अभिषेकः दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से बने पंचामृत से शिवलिंग का अभिषेक करें। इसके बाद पुनः शुद्ध जल चढ़ाएं।
4. श्रृंगार और अर्पण : शिवलिंग पर चंदन का तिलक लगाएं। भस्म और अक्षत अर्पित करें। "ॐ नमः शिवाय" मंत्र का जाप करते हुए बेलपत्र चढ़ाएं।

## शुभ मुहूर्त

**चतुर्दशी तिथि प्रारंभ: 15 फरवरी 2026, शाम 3:59 बजे**
**चतुर्दशी तिथि समाप्त: 16 फरवरी 2026, शाम 4:45 बजे**
**सायं काल पूजा: शाम 5:36 बजे से**
**निशीथ काल (मुख्य पूजा समय): रात्रि लगभग 12:00 से 12:52 बजे तक**
**रात्रि में चार प्रहर की पूजा का विशेष महत्व है। श्रद्धालु प्रत्येक प्रहर में अलग-अलग अभिषेक कर सकते हैं।**

## शिव मंत्र

कर्पूरगौरं करुणावतारं
संसारसारं भुजगेन्द्रहारं
सदाबसन्तं हृदयारविन्दे भवं
भवानी सहितं नमामि

## शिव के श्रृंगार का गहरा अर्थ

### मस्तक पर चंद्रमा और गंगा का वास

शिव के मस्तक पर अर्धचंद्र इस बात का प्रतीक है कि उन्होंने 'समय' (काल) को अपने वश में कर रखा है। चंद्रमा मन का कारक भी है, जो यह दर्शाता है कि एक योगी का अपने मन पर पूर्ण नियंत्रण होना चाहिए। वहीं, शिव की जटाओं से बहती गंगा 'ज्ञान' की अविरल धारा का प्रतीक है, जो हमें सिखाती है कि ज्ञान हमेशा बहते रहना चाहिए।

### गले में लिपटे नागराज

जहरीले सांपों को गले का हार बनाना यह संदेश देता है कि हमें अपने भीतर के 'अहंकार' और 'डर' पर काबू पाना चाहिए। सांप तामसी प्रवृत्ति का प्रतीक है, जिसे शिव ने अपने वश में कर रखा है।




### शरीर पर भस्म (विभूति)

शिवजी अपने पूरे शरीर पर श्मशान की भस्म मलते हैं। यह श्रृंगार हमें जीवन की नश्वरता की याद दिलाता है। भस्म बताती है कि अंत में यह शरीर मिट्टी (राख) में ही मिल जाएगा, इसलिए सांसारिक मोह-माया में पड़ने के बजाय आत्मा की शुद्धि पर ध्यान देना चाहिए।

### तीसरी आंख और नीला कंठ

शिव की तीसरी आंख 'विवेक' और 'अंतर्दृष्टि' का प्रतीक है, जो साधारण आंखों से न दिखने वाले सत्य को देख सकती है। वहीं, उनका नीला कंठ 'नीलकंठ' कहलाता है, क्योंकि उन्होंने दुनिया को बचाने के लिए विष पी लिया था। यह हमें सिखाता है कि बुराई (विष) को अपने भीतर दबाकर समाज को शांति देनी चाहिए।



### 5. त्रिशूल और डमरू

शिव का त्रिशूल तीन गुणों- सत्व, रज और तम- पर नियंत्रण का प्रतीक है। वहीं, डमरू की ध्वनि ब्रह्मांड के निर्माण और लय को दर्शाती है। यह सिखाता है कि जीवन में संतुलन और संगीत (लय) का होना बहुत जरूरी है।

# आत्म रूपांतरण का पर्व : महाशिवरात्रि



**अतुल कुमार**

भगवान शिव की भक्ति एक शाश्वत परंपरा है . शिव की भक्ति सबसे पुरानी है रामायण ,महाभारत , और पौराणिक ग्रंथों से स्पष्ट है कि आध्यात्मिक अनुष्ठानों से भी पुरानी शिव भक्ति है . उनको रक्षक ,पोषक और संहारक माना गया . भक्तों की भक्ति से प्रसन्न हो प्रचुर मात्रा में वरदान बरसाते हैं .भक्त उनको प्यार से भोले नाथ भी पुकारते हैं क्योंकि उन्होंने अपनी भक्ति करने पर कई ऐसे दानवों की कामनाओं की झोली वरदानों से भर दी जो उन्हीं के लिये संकट बने . उनकी कुटिल दुर्भावना को जानते हुए भी उनकी भक्ति को सर्वोपरि माना . इन वरदानों का अहंकारवश दुरुपयोग करने वाले एक प्रमुख राक्षस भस्मासुर ने शिव जी से वरदान पा कर कि वह जिसके सिर पर हाथ रखेगा भस्म हो जायेगा धूर्त भस्मासुर ने भगवान शिव को भस्म करने का प्रयास किया. लेकिन इसके बावजूद भगवान शिव ने सभी देवता , राक्षस और मनुष्य को एक समान समझा. .

भक्तों के कल्याण के लिये सदैव तत्पर रह उनका उद्धार करते है.सृष्टि के सर्वोच्च देवता होने के नाते सभी की भक्ति और तपस्या को प्रमुखता देते हैं . किसी कवि ने उन पर खूब लिखा " तुझ में मुझ में ,रोम रोम में कण कण में शिव ही शिव / भोर सांझ में हर एक सांस में ,हर आखर में शिव ही शिव / सर सरिता में शिव और सागर में शिव ही शिव अंतर्मन में ,भीतर स्वर में शिव ही शिव / मौन में शोर में वन में घर घर में शिव, हर दृष्टि में शिव ही शिव / वही सृष्टि के रखवाले / वही उसके संहारक , शिव ही सत्यम ,शिव ही सुंदरम और शिव ही सृष्टि के जनक //

हर दर्द को शक्ति बनाना ही तपस्या है हर दिन थोडा मज़बूत बनो जीवन अपने आप सुधरता जायेगा . सदा शांत रहो जो होना है , वह सही समय पर होगा . जो सहना सीख लेता है वही सबसे मज़बूत बनता है . भगवान शिव की शिक्षाएं व्यक्ति के कल्याण के लिये मंगलदायिनी हैं . उनका अर्धनारीश्वर तथा हरिहर रूप में अवतरण विश्व को शिक्षा देने के लिये हुआ . मृत्युंजय ,दक्षिणामूर्ती ,नटराज और महाकाल आदि रूपों में प्रकट हो भगवान ने कई लीलाएं कीं जो भक्तों के लिये कल्याणकारी हैं .शास्त्रों में जितना अधिक शिव के स्वरूपों का वर्णन है उतना किसी और देव का नहीं क्यों कि भारतीय संस्कृति के लगभग प्रत्येक अंग पर शिव महिमा की छाप है दर्शन , कला ,नृत्य और साहित्य में शिव जी की व्यापकता को देखा जा सकता है भारतीय अध्यात्म में शिव ही एक मात्र ऐसे देव हैं जो सभी नृत्यों में पारंगत हैं .भरत मुनि ने अपने नाट्य शास्त्र में नृत्य की 108 मुद्राओं का वर्णन किया . जिनमें शिव को 101 मुद्राओं से भी अधिक मुद्राओं में नृत्य करते हुए वर्णित किया . . .

भक्त हितकारी भगवान शंकर ने कई अवतार लिये. प्रसंगानुसार पांडवों के वनवास काल की बात है अर्जुन शस्त्रों की प्राप्ति के लिये इंद्रकील पर्वत पर भगवान शंकर की तपस्या कर रहे थे उनके पंचाक्षर मंत्र "उं नमः शिवाय " का जप करने में लीन थे उनकी घोर तपस्या को देख देवताओं ने भगवान शंकर से उन्हें वर देने की प्रार्थना की जब यह बात दुर्योधन को मालूम हुई तो उसने मायावी राक्षस को उनका वध करने के लिये भेजा दुष्ट असुर सूअर का वेश धारण कर अर्जुन के समीप पहुंचा और वहां के पर्वत शिखर के वृक्षों को ढहाने लगा .उसकी गुर्राहट से दसों दिशाएं गूंज गयीं यह देख भक्तवत्सल शिव शिकारी का वेष धारण कर प्रकट हुए और भक्त अर्जुन की रक्षा हेतु पहुंचे तथा उस दानव पर अपना बाण चलाया जिससे वह वहीं गिरकर मर गया .शिकारी के सुंदर रूप को



देख अर्जुन को आश्चर्य हुआ और उन्होंने भगवान शंकर को प्रणाम किया . अर्जुन ने वेद सम्मत शिव जी की स्तुति की जिससे प्रसन्न हो कहा " वर मांगो " विनम्र भाव से अर्जुन ने कहा मेरे संकट तो आप के दर्शन से ही दूर हो गये हैं . अर्जुन की अनन्य भक्ति और विनम्रता को देख भगवान महेश्वर प्रसन्न हुए और उनको अपना " पाशुपत " नामक अस्त्र प्रदान करते हुए कहा यह अस्त्र समस्त शत्रुओं पर विजयी बनायेगा . पार्थ ! तुममे मैंने अपनी भक्ति और विनम्रता देखी इसलिये प्रसन्न हूं .

ध्यान रहे ! जहां भक्ति के साथ विनम्रता और संस्कार नहीं होते वह मुझे स्वीकार्य नहीं ". यह प्रसंग आज के संदर्भों में बहुत मायने रखता है जब लोग मर्यादा , संस्कार और सद्व्यवहार को छोड अपनी अकड में रहते हैं और भक्ति का दिखावा करते हैं तब उक्त प्रसंग अधिक प्रासंगिक लगता है .

शिव ही सृजन हैं और शिव ही प्रलय वे आदि भी हैं और अंत भी भगवान शिव से जीवन में विपरीत परिस्थितियों में शांत रहने और दूसरों की भलाई के लिये संघर्ष करने ( विष पीने ) की प्रेरणा मिलती है वह शिव ही हैं जिन्होंने समुद्र मंथन के समय विष ( हलाहल ) को कंठ में धारण किया जो उनके त्याग और निःस्वार्थ के सबसे बडे रूप को दर्शाता है . वास्तव में महाशिव रात्रि केवल शिव जी की पूजा का नहीं बल्कि आत्म रूपांतरण का पर्व भी है जो अपने अंदर के क्रोध ,ईर्ष्या , अहंकार और मानसिक विकृतियों को दूर कर शिव तत्व में विलीन होने का है .जागरण का आध्यात्मिक अर्थ है अपने जीवन , कार्यों तथा मिली हुई ज़िम्मेदारियों के प्रति सचेत रहना .बुराइयों , नेगेटिविटी , चुगलियों और दूसरों की निंदा में लगे रहने के बजाए अपने जीवन और मस्तिष्क की ऊर्जा को बचा उसे पासिटिव बातों और विचारों में लगाना है

आज की भाग दौड भरी ज़िंदगी में महाशिवरात्रि एकाग्रता और स्थिरता सिखाती है शिव को आदि गुरु माना गया जो असीम ज्ञान और शांति के प्रतीक हैं . शास्त्रों के अनुसार महाशिवरात्रि ऐसा दिन है जब प्रकृति मनुष्य को उसके आध्यात्मिक शिखर तक जाने में मदद करती है क्यो कि " शिव " का नाम भर लेने से मन में एक आंतरिक शांति का अनुभव होता है . वह केवल देवता नहीं बल्कि जीने की संपूर्ण कला हैं . किसी ने खूब कहा " माया को चाहने वाला बिखर जाता है , महादेव को चाह्ने वाला निखर जाता है / निखरना है तो माया को नहीं महादेव को चाहना होगा //

# काव्य कुंज

## शून्य होता जा रहा हूं



**डॉ टी महादेव राव**

बादलों की कोख में से
बिजली की तरह
मेरे भीतर
एक भावना
चमक उठती है
ज्वालामुखी के भीतर
छिपे लावे की तरह
विचारों में से
शब्द फूट पड़ते हैं
कागज पर फैलते पल से ही
घोंसला छोड़ उड़ जाने वाले
पंछियों के बच्चों की तरह
छोड़कर मुझे
लोगों की आंखों में
नए आसमान ढूंढते रहते हैं
मेरे अनुभव की गर्मी
दुनिया के लिए पढ़ने की रोशनी बन जाती है
तभी मुझे समझ आती है
हर कविता की
लिखने के बाद मैं
पूरी तरह शून्य हो जाता हूं ।।

## डोरी विश्वास की



**मोनिका डागा, चेन्नई**

बहुत नाज़ुक है डोरी विश्वास की
बनाती ये रिश्तों को बेहद खास,
सजीव होते हैं दिलों के सब भाव
हो चाहे कितने दूर चाहे हो पास ।
कोई तो है मिला ईश्वर के जैसा
दिल में होता हैं ये प्यारा आभास,
दिल की जमीं और प्रेम की मिट्टी
सुख दुःख का मिश्रित एहसास ।
सम्बन्धों की ये सुंदर सी बगिया
हर फूल जिसका होता हैं खास,
रंग रूप रचना हैं अलग-अलग
पर प्रेम भरी मनमोहक मिठास ।
अटूट होता हैं ये विश्वास का रिश्ता,
नहीं लेता कभी जीवन से संन्यास,
आत्मा का बेशकीमती ये अलंकरण
छवि जिसकी मस्त मौला सी बिंदास ।
दस्तक देती है द्वार पर खुशियाँ
उत्साह आनंद से भरी हर श्वास,
आखिरी घड़ियों तक इस रिश्तें का,
मन में होता ख़ुबसूरत इक निवास ।

## हाथ की लकीरें



**कुमुद बाला, हैदराबाद**

हथेली की लकीरों को
कभी क्या आजमाया है
खुशी को भी कभी न्यौता
भिजा कर घर बुलाया है
ये गम की चाँदनी भी
इन दिनों फीकी न पड़ जाये
सितारों की इसी इक
बात पर खत लिख सजाया है
मिरा गम सूख के शायद कहीं पत्थर ना हो जाये
इसी को याद कर बारिश को हमने घर बुलाया है
बहुत गहरा है वो सागर जिसे सब इश्क़ कहते हैं
हमें तो डूबना था उसने मेरा खत डुबाया है
बहुत नादान है ये दिल भरोसा सब पे करता है
जिसे हम चाहते थे उसने मेरा घर जलाया है
वो जो था चाँद का टुकड़ा उसे हमसे शिकायत थी
सियासत कर के नज़रों से हमें बरबस गिराया है
हिना भी पिस के हाथों में रची तो लाल होती है
नहीं समझा कभी कोई न ही मन आजमाया है
अभी तो इक ग़ज़ल सी थी हमारी ज़िंदगी की शब
शमा के नाम पे जैसे किसी ने गम बुलाया है
बना लो रेत पर इक घर कहाँ वह टिक कभी पाया
जमीं पर रहने वाले ने हवा पे घर बनाया है
हमें बेशक बुरा कह लो हमीं फिर काम आयेंगे
तुम्हारी राह में हमने ही दीपक इक जलाया है
ये हरियाली का आँगन है यहाँ हर शाख गुलशन है
कुमुद के फूल को भी इस जगह ला कर सजाया है।

## प्रेम की अनन्तता



**मनीषा मंजरी दरभंगा**

प्रेम, दो शब्दों का अद्भुत मिलन
या आयामों का विस्तृत संसार,
कहीं पूर्णता की परिभाषा,
तो कहीं अपूर्णता की व्यथित पुकार।
कुछ मुस्कुराहटों में सिमटा प्रस्ताव,
तो कुछ आँखों में ठहरा इंतज़ार,
कभी क्षितिज पर फैला सुकून,
तो कभी बेचैनियों की उफनती धार।
कहीं यथार्थ की स्थिर राहें,
तो कहीं बस कल्पनाएं बेइख़्तियार,
कोई बांधता जन्मों के बंधन,
किसी के लिए हर हृदय एक नया व्यापार।
यूँ तो कहते हैं इसे जीवन का आधार,
फिर लोग देते कई नाम उधार,
कहीं पवित्रता की पराकाष्ठा,
तो कहीं बदनामियों से रहता सरोकार।
कभी ऊंचाइयों पर घर ये बनाता,
कभी मुसाफिर को मिलता दर्द बेशुमार,
इस प्रेम के रंग इतने सारे,
जाने किस रंग से हो इस अस्तित्व का निखार।
मिलन तो सबकी चाहतों में बसती है,
पर जुदाईयों का भी है अपना करार,
हाथ छूट जाएँ भी तो क्या,
प्रेम साँसों में बसकर करता है श्रृंगार।
जो शून्य अन्धकार में भी कर दे प्रकाश का प्रसार,
उस प्रेम की अनन्तता में क्या स्वीकार क्या अस्वीकार।

## जुगनू की चमक को



**संजीव ठाकुर, रायपुर**

जुगनु की चमक को
सूरज का उजाला मत समझ लेना,
हर टिमटिमाते नूर को
सच का हवाला मत समझ लेना।
हर चमकदार चीज सोना नही होती
काँच के टुकड़े को हीरा मत समझ लेना।
मुस्कुराता मिले जो चेहरा सरे महफ़िल
उसे अपना सच्चा हमदर्द मत समझ लेना,
मीठे लफ़्ज़ों में ज़हर छुपा होता है
मीठे अल्फाज अमल मत कर लेना।
हर बार पेश की गई सहूलत को
रब का निवाला मत समझ लेना।
दुनिया की खामोशी को हार समझकर
खुद को खेल में हारा मत समझ लेना।
जिंदगी एक बड़ा रंगमंच की तरह है
तारीफों को ख़ुदा की रज़ा मत समझ लेना,
कभी झूठ मुखोटे में छुपा होता है,
उसे सच का सितारा मत समझ लेना।
तजुर्बा यही सिखलाता है उम्र भर संजीव
रास्ता जो आसान लगे मंज़िल का प्याला मत समझ लेना।

## महाकाल



**गीता अग्रवाल हैदराबाद**

कर लो महाकाल श्रृंगार
शिव महिमा है अपरम्पार,
देवों के देव महाकाल।
रौद्र रुप घबराए काल।।
देवों के देव महाकाल..
आदिदेव हैं जटाधारी
शिव सदा कल्याणकारी,अधीन लिए लय -प्रलय किरात
योगी मुद्रा नागनाथ, हिमालय पर्वत कैलाश वास
तपस्या से वरदान प्राप्त, धनुष,डमरु,त्रिशूल श्रृंगार
अद्भुत भस्म शिव का प्यार।
कर लो महाकाल श्रृंगार,शिव महिमा है अपरम्पार।
रौद्र रुप घबराए काल।।
देवों के देव महाकाल..गले में वासुकी नाग देव
पहने महादेव नागों के हार,तभी तो कहलाये नीलकंठ
विष धारण अमृत उपहार, महाकाल लिंगाष्टकम दर्शन
कर दे सबको सरोबार, कावड़ से जलाभिषेक करें
कावड़ में गंगा की धार।
कर लो महा काल श्रृंगार,शिव महिमा है अपरम्पार।
रौद्र रुप घबराए काल।। देवों के देव महाकाल..

## परीक्षा की घड़ी



**प्रियंका सौरभ**

परीक्षा की घड़ी आई।
सोचो बच्चों करो पढ़ाई।।
सुबह-सुबह उठकर पढ़ना।
मन को बिल्कुल नहीं टालना।।
किताब हमारी सच्ची दोस्त।
ज्ञान दिलाए हर दिन रोज़।।
डर को दूर भगाओ अब।
हिम्मत से तुम लिखना सब।।
मेहनत से जो आगे बढ़ता।सपनों का सूरज वही चढ़ता।।
माँ-पापा का मान बढ़ाओ।शिक्षक जी को गर्व दिलाओ।।
आज जो मन से पढ़ जाए। कल मुस्कान खुद आए।।
परीक्षा की घड़ी आई। सोचो बच्चों करो पढ़ाई।।
अनुशासन को अपनाएँ। आत्मविश्वास को गले लगाएँ।।
गिरें अगर तो डर न जाएँ। फिर से आगे बढ़ते जाएँ।।
आज की मेहनत रंग लाए। कल का भविष्य रच जाए।।
सपनों को सच कर जाएँ। पूरी लगन से पढ़ जाएँ।।

## नामुमकिन है प्रेम में शिव हो जाना



**मोनिका राज मधेपुरा, बिहार**

लगभग नामुमकिन है प्रेम में
शिव हो जाना
जलते चंदन सा मन,
जहर को अमृत बनाना।
प्रेम तो लौ है, बेकल धारा,
कभी उफनती, कभी किनारा।
उसमें डूबना आसान, पर
उसका तट छूना, कितना दुरा।
शिव सा होना, मन को तपाना,
हर आहुति में स्वयं जलाना।
क्रोध, मोह, माया के बंधन,
चुपके-चुपके, मन से छुड़ाना।
प्रेम की राहों में कांटे बिछे,
ख्वाब अधूरे, मन में सजे।
फिर भी वो मुस्कान लिए चलना,
शिव सा शांत, गंभीर गहना।
नैनों में सागर, होंठों पे मौन,
दिल में बस्ती प्रेम की कौन?
हर धड़कन में बस वो ही बसता,
फिर भी शिव सा होना न बनता।
लगभग नामुमकिन, ये सच बड़ा,
प्रेम का राग अमर, सदा।
पर जो जिया उस अग्नि में पूरा,
वही शिव है, प्रेम का सूरा।

## शिवाय



**टी तारासिंह हैदराबाद**

रब हमको मिल जाये
शिवाय हमको मिल जाये
भूल जाऊ मै इस संसार को
शिवाय का करू मै गुणगान
चारो पहर खोया रहू मै शिवाय के ध्यान मे
न लगे मुझे भूख , न लगे मुझे प्यास
बस तेरे ही भक्ति मे मग्न रहू
दिन रात तुझे ही देखता रहू
तेरे मग्न मे हो जाऊ मै बुथ
मिल गया है मुझे स्वर्ग
मिल गया है सुख - शान्ति
अब मुझे भरोसा हुआ
रब की भक्ति मे , शिवाय की शक्ति मे
शिवाय की पुजा मे कर ले विश्वास तो
कभी कोई दुःखी , निर्धन न होये
हर वक्त रहे हंसमुख और ज्ञानी ।।

## "तसल्ली"



**डॉ हेमंत सुराना, उदयपुर**

झूठी तसल्ली के सिवा,
वह कुछ ना दे सके
मन को बहलाने के सिवा,
वह कुछ ना कर सके
किस्मत का देवता भी,
शायद हमसे नाराज था
झूठी तसल्ली मिलने की,
वादों को निभाने की
ख्वाहिशें पूरी करने की,
जज्बातों को समझने की
तसल्ली देते रहे,
मगर साथ नहीं
उमीदे देते रहे,
मगर विश्वास नहीं
शिकायतें तो बहुत थी,
मगर हम कह न सके
लौट आए गुमराह राहों से,
खुद को थोड़ा समझाने लगे
तसल्ली से पेट भर ना सका,
तसल्ली से पेट भर ना सका ।

## शिव



**डॉ संजुला सिंह जमशेदपुर**

हे शिवशंकर , हे भोले दानी
सुन लो करुण पुकार
नेत्र खोल देखो लगी है
भक्तों की भीड़ अपार ।
शिवरात्रि का पर्व है आया
दिल में जगी उमंग
झूम-झूम कर गीत मैं गाऊं
सब सखियों के संग ।
व्रतधारी बनकर के शंभू
आई मैं तेरे द्वार
दिल में समाई खुशियां
छलक रही बेशुमार -२ ।
हे शिवशंकर, हे शिवदानी---- ।
शिव-गौरी का ब्याह देखने
उमड़ी भीड़ अनंत
भूत-पिशाच-निशाचर नाचे
नाचे साधु संत,
नैन खोल देखो तुम शंभू
नाचे वेद औ ग्रंथ
खोल दो हे भोलेबाबा
बन्द हृदय के सब पंथ
हे शिवशंकर, हे शिवदानी--- ।
हमने तेरी सुनी है महिमा
जो जग से है न्यारी
जितना तेरा रूप अनोखा
उतनी ही है प्यारी,
संग विराजे गौरी मैया
रूप की हैं जो खान
आप दोनों में ही बाबा
बसती है संजू की जान -२ ।
हे शिवशंकर, हे शिवदानी-----।
मन को अपना बनाया मंदिर
आंखों को दिया बाती,
सांसों की मैं बनाई माला
शब्दों को फूल- पाती ।
पाक भाव से थाल सजाकर
आई मैं तेरे द्वार
दोनों कर जोर खड़ी हूं
करो शंभू इसे स्वीकार ।
हे शिवशंकर , हे भोले दानी--- ।
पूरी श्रद्धा दिल में रख
तेरे भक्तन आए द्वार
कृपा की बरसात करो
सब उतरें भव से पार,
सुना हे दीनों के हो दाता
करते हो बेरा पार
दीन संजू भी है आई
आशुतोष बाबा तेरे द्वार ।
हे शिवशंकर, हे भोले दानी---- ।

## शुभकामना

तुम्हें और क्या दूं दुआ के सिवाए
बुरी न किसी की नज़र लग पाए।



**पी एन गुप्ता हैदराबाद**

रिश्तों के धागों से
परिवार बुनना
भला जिससे
सबका हो
वह काम चुनना
रखना सदा काम
से काम अपने
न करना बुराई,
बुराई न सुनना।
हमेशा करो तुम ऐसा ही उपाय।
जब भी करो कुछ भला ही करो
देश अपने की खातिर अधिकतर जियो
न आशा किसी से न कोई अपेक्षा
कुछ लेना न चाहो बस देते ही रहो।
ईश्वर सदा सत का मारग दिखाए।
मेरा और तुम्हारा हुआ अब हमारा
वह सब देश का है जो कुछ है हमारा
सहारा जो तुमने दिया सबको अब तक
तुमको भी मिलता रहे वह सहारा।
देता रहे ईश तुमको सहाय।

## यात्रा शिवालय से अंत:स्थल तक



**डॉ शोभा भंडारी हैदराबाद**

शिवालय की घंटियों की
गूंजती स्वरलहरी,
हृदय के तारों को झंकृत कर रही है,
धूप -दीप की सुवासित गंध,
मर्मस्थल को स्पर्श कर, सुगंधित कर रही है,
ध्वनि तरंग और सुगंध के समागम से,
अंतःस्थल की ज्योति प्रज्ज्वलित हो रही है।
है अटल, अलौकिक, भव्य शिवशक्ति रूप,
है ध्यानस्थ,अचल, धीर-गंभीर,
स्थित हैं केन्द्र में शिवालय के,हैं वो अंतर्ध्यान।
चहुंओर जिसके है विद्यमान,
शक्ति का भव्य नृत्य और संगीत-गान,
शिव नर, शक्ति नारी- है विराट ज्योतिपुंज शक्तिमान।
है, ईश्वर जगतपति, शिव रुप में,
है माता भवानी शक्ति स्वरूप में।।
नर-नारी समानता का द्योतक है,
शिव का अर्धनारीश्वर रूप।
हर नर-नारी भी भुला दे अंतर्द्वंद्व और प्रतिशोध,
विकसित हो संतुलन और समता का अनुपम बोध।
हो सफल सभी और हो सबकी मंगलमय यात्रा सम्पूर्ण,
शिवालय से अंतःस्थल तक, परिपूर्ण ।।

## चिद्विलासी महादेव



**वाईवी रत्नम विशाखापट्टणम**

गगनचुम्बी श्वेत नग की चोटियों में
योगियों के आदिगुरु आसीन है
ज्ञान भक्ति विराग का महादेव है
धवल वर्ण का चिद्विलासी आदियोगी
तुझको मेरे कोटि वंदन
दिल के मैल को दूर कर दो
सोच को परिशुद्धता दो
विश्व हित को ध्यान रख के ज्ञान योगी
गरल रस को पिया तूने आदि योगी
शीश पे आशीष तेरे सदा रहे मेरे नील कंठ
मन में मेरे समा होना
लोक सारे हिल उठे तेरे रौद्र रूपी नृत्य से
डमरू नाद से धुल गए मेरे काम क्रोध मूल से
आँख तेरी तीसरी ने भस्म कर दिया दम्भ को
वारणासी समझो मुझको वास कर लो मुझ में शंकर
जटाजूट से निकली गंगा उर्वी बन गयी उर्वरा
तेरे नेत्र हैं दया स्रोत तेरी बोली वेद गीत
वेद सार से मुझे भर लो महा योगी
तिमिर मेरा भस्म कर दे जलाकर तू ज्ञान ज्वाला
आदि योगी नमो नमः

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications. Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# जमात सपोर्टर बोले- रात में रिजल्ट बदल कर हराया

## अवामी लीग के वोटर बीएनपी की जीत से खुश, हिंदू बोले - तारिक रहमान हमारे गार्जियन



शेख हसीना के तख्तापलट के करीब डेढ़ साल बाद हुए चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी बहुमत के साथ जीत गई। रिकॉर्ड जीत के बावजूद न जश्न मना, न जीत के जुलूस निकले। ढाका की सड़कें सूनी ही रहीं। बीएनपी के चेयरमैन तारिक रहमान ने पार्टी वर्कर्स से कहा कि जुमे की नमाज के बाद पूरे देश में खास दुआ करें और अल्लाह को शुक्रिया कहें। इसके बाद लोग घरों से निकले, मस्जिदों में नमाज अदा की और लौट गए। ढाका समेत पूरे बांग्लादेश में शांति रही।

बांग्लादेश में चुनाव के रिजल्ट से तीन बातें साफ हो गईं। तारिक रहमान देश के अगले प्रधानमंत्री होंगे। कट्टरपंथी मानी जाने वाली पार्टी जमात की धर्म की राजनीति नहीं चली और शेख हसीना के खिलाफ आंदोलन करने वाले स्टूडेंट्स को अपनी जगह बनाने में बहुत मेहनत करनी होगी।

बीएनपी की जीत के पीछे हिंदू वोटर, शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के सपोर्टर और महिलाएं हैं। चुनाव जीतने की क्या वजहें रहीं, लोगों ने उसे क्यों वोट दिया और आखिरकार वे नई सरकार से क्या चाहते हैं। इसकी पडताल करती रिपोर्ट...।

ढाका में जमात के ऑफिस में मौजूद समर्थक मायूस दिखे। उन्हें लग रहा है कि चुनाव में धांधली हुई है। रेजा अल करीम कहते हैं, 'लोगों में चुनाव के लिए सुबह से उत्साह था। वोटिंग के आखिर तक हमें उम्मीद थी कि चुनाव सही तरह से होंगे। शेख हसीना के वक्त भी हमने इलेक्शन देखा है कि कैसे रात में वोट डालकर धांधली होती थी। लोगों को वोट तक डालने नहीं देते थे। इस बार कम से कम हम वोट डाल पाए। इस बार भी बैलेट बॉक्स छीनने और फर्जी वोट डालने की कोशिश की गई। हमें शक है कि रिजल्ट में धांधली हुई है।' मुफज्जल हुसैन पेशे से कारोबारी हैं। वे कहते हैं, 'वोटिंग की शाम तक आ रहे रुझान के हिसाब से जमात-ए-इस्लामी आगे चल रही थी। रात 11 बजे के बाद अचानक नतीजे बदल गए। अब जो भी सत्ता में आ रहा है, उसे करप्शन और बिजनेस सिंडिकेट खत्म करने, नौकरियां पैदा करने, विदेश में काम करने वालों को सुविधाएं देने पर काम करना चाहिए। हमारे यहां बहुत सारे लोग पढ़े-लिखे हैं, लेकिन उनके पास काम या नौकरी नहीं है। सरकार को इकोनॉमी के लिए बड़े कदम उठाने चाहिए।

जमात समर्थकों के बाद चुनाव नतीजों से खुश नजर आने वाले मोहम्मद सुहैल ढाका में रिक्शा चलाते हैं। वे कहते हैं, 'बीएनपी को पूरे देश में सपोर्ट मिल रहा था। चुनाव के रिजल्ट में यही दिखा है। बीएनपी का जीतना बांग्लादेश के लिए बहुत जरूरी था। मैं भी यही चाहता था।' 'बांग्लादेश में बीएनपी को खत्म करने की कोशिश की गई। फिर भी लोगों ने उसे वोट दिया और सत्ता में लाकर खड़ा कर दिया। देश में कानून-व्यवस्था सुधारने की जरूरत है। अगर कोई सड़क पर चले तो सुरक्षित महसूस करे। सरकार कानून-व्यवस्था ठीक करती है, तो लोग उसके साथ रहेंगे।' मोहम्मद सबुज आगे कहते हैं, 'मुझे जमात के लोग बिल्कुल पसंद नहीं हैं। कुछ वक्त से ऐसा माहौल बना दिया गया कि मैं खुद को अवामी लीग का समर्थक बताने में भी डरने लगा था। उम्मीद है अब ये डर कम होगा। मैंने इस बार वोट नहीं दिया। अगर अवामी लीग का कैंडिडेट चुनाव लड़ता, तो मैं वोट देता। अब देश ने तारिक रहमान को प्रधानमंत्री चुन लिया है। हमारे लिए भी ये अच्छा है।'

ढाका यूनिवर्सिटी में हमें दीपांकर चंद्र शील स्टूडेंट लीडर होने के साथ बांग्लादेश हिंदू बौद्ध छात्र एकता परिषद के सेक्रेटरी भी हैं। वे बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के लिए काम करते हैं। दीपांकर कहते हैं, 'बांग्लादेश सेक्युलर देश है। शेख हसीना सरकार गिरने के बाद अल्पसंख्यकों पर हमले होते रहे। पूरा समुदाय डरकर रहता था। बीते डेढ़ साल में हमने बहुत जुल्म सहा है। चुनाव के नतीजों ने बता दिया कि जमात जैसी पार्टी हमें धर्म के आधार पर नहीं बांट सकती।' 'तारिक रहमान बांग्लादेश के लिए सबसे अच्छे लीडर हैं। वे हमारे गार्जियन की तरह हैं। तारिक रहमान से हमारी मांग है कि पिछले दिनों अल्पसंख्यकों पर जो जुल्म हुआ है, उसकी जांच कराएं। बांग्लादेश के सभी लोग बिना डरे रह सकें, ऐसा माहौल बनाना बहुत जरूरी है।'

# बांग्लादेश सिर्फ चार हिंदू जीते

## बदल गया 20 साल का आंकड़ा?

बांग्लादेश में 18 महीनों के राजनीतिक संघर्ष और घमासान के बाद हुए 13वें संसदीय चुनाव के नतीजे सामने आ गए हैं। इस चुनाव में मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने जोरदार जीत दर्ज की है। पार्टी ने 299 में से 211 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी की राह बनाई है और इसके नेतृत्व में तारिक रहमान हैं। यह जीत बीएनपी के लिए दो दशक में सबसे बड़ी वापसी का प्रतीक मानी जा रही है। हालांकि, इन नतीजों के बीच सबसे ध्यान खींचने वाली बात है अल्पसंख्यकों का सीमित प्रतिनिधित्व रहा।

इस पूरे चुनाव में केवल चार अल्पसंख्यक तीन हिंदू और एक आदिवासी उम्मीदवार ही जीतकर संसद में अपनी जगह बनाने में सफल रहे। यह आंकड़ा बांग्लादेश में अल्पसंख्यक भागीदारी के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि हिंदू आबादी देश की कुल जनसंख्या का लगभग 8% है। पिछले 20 वर्षों में अल्पसंख्यक प्रतिनिधित्व आम तौर पर 14 से 20 सीटों तक रहता था, लेकिन इस बार यह संख्या बेहद कम रहा।

चुनाव में कुल 79 अल्पसंख्यक उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें बीएनपी के चार विजयी हुए। इसके अलावा, जमात-ए-इस्लामी का हिंदू उम्मीदवार हार गया। यह परिणाम न केवल अल्पसंख्यकों की राजनीतिक भागीदारी पर सवाल खड़े करते हैं, बल्कि देश की बदलती राजनीतिक तस्वीर को भी उजागर करते हैं। इतना ही नहीं विशेषज्ञों का तो यह भी मानना है कि इस जीत और हार का संकेत यह देता है कि बांग्लादेश की राजनीति में अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा और प्रतिनिधित्व अभी भी चुनौतीपूर्ण मुद्दा बना हुआ है।



बात अगर विजेता उम्मीदवारों की करें तो इसमें सबसे पहला नाम बीएनपी के वरिष्ठ नेता गायेश्वर चंद्र रॉय है। रॉय ने ढाका-3 सीट से जीत हासिल की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को लगभग 99 हजार वोटों से हराया। यह जीत खास इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि हाल में हिंदू समुदाय के खिलाफ कुछ घटनाएं हुई थीं। वहीं दूसरे हिंदू विजेता उम्मीदवार की बात करें तो मगुरा-2 सीट से बीएनपी की उपाध्यक्ष निताई रॉय चौधरी ने भी आसानी से जीत दर्ज की। उन्हें लगभग 1,47,896 वोट मिले। जो जमात-ए-इस्लामी के मुस्तर्शीद बिल्लाह से अधिक थे, जिन्हें 1,17,018 वोट मिले थे। वे पार्टी में अल्पसंख्यक समुदाय का प्रभावशाली चेहरा मानी जाती हैं। वहीं तीसरे उम्मीदवार के रूप में बीएनपी के एडवोकेट दीपेन दीवान ने जीत दर्ज की है। उन्होंने रंगामती सीट से करीब 31 हजार वोट लेकर जीत हासिल की। उन्हें कुल 31,222 वोट मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी, निर्दलीय उम्मीदवार पाहेल चकमा, को 21,544 वोट ही मिले। इसके साथ ही, सचिन प्रू चौथे बीएनपी उम्मीदवार हैं, जिन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हुए संसद में जगह बनाई। प्रू ने बंदरबन निर्वाचन क्षेत्र से कुल 1,41,455 वोट हासिल किए।

इसके उलट बांग्लादेश चुनाव में जमात-ए-इस्लामी का एकमात्र हिंदू उम्मीदवार कृष्णा नंदी को हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने खुलना-1 सीट से चुनाव लड़ा और 70,346 वोट प्राप्त किए, लेकिन बीएनपी के उम्मीदवार से पीछे रह गए। इसका मतलब है कि इस चुनाव में जमात द्वारा नामांकित कोई भी अल्पसंख्यक उम्मीदवार सफल नहीं हुआ।

गौरतलब है कि इस चुनाव में लगभग 79 अल्पसंख्यक उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें राजनीतिक दलों के उम्मीदवार और स्वतंत्र उम्मीदवार दोनों शामिल थे। इनमें 10 महिलाएं भी थीं।

राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, संसद में सीटों की कुल संख्या के मुकाबले अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व अभी भी सीमित है। कुल 60 पंजीकृत राजनीतिक दलों में से 22 ने अल्पसंख्यक उम्मीदवारों को मैदान में उतारा, जिनमें लगभग 68 उम्मीदवार थे।

# लोकतंत्र पर भरोसे के संकट का समाधान बनेगा एआई

एक ऐसे समय में जब लोकतांत्रिक सरकारों के प्रति लोगों का अविश्वास चिंताजनक रूप से बढ़ गया है, तब कई लोगों को आशंका है कि एआई गलत सूचनाओं को बढ़ावा देकर और तथ्यों पर भरोसा कमजोर करके इस संकट को और गहराएगा। लेकिन इसका उल्टा भी संभव है कि एआई के नए उपकरण लोकतंत्र पर भरोसे के संकट का समाधान बन जाएं!

ओईसीडी के अनुसार, उसके सदस्य देशों में से औसतन केवल 39% नागरिक अपनी सरकार पर भरोसा करते हैं। 2021 में यह आंकड़ा 45% था। अमेरिका में प्यू रिसर्च के आंकड़े बताते हैं कि सरकार पर भरोसा ऐतिहासिक न्यूनतम स्तर- लगभग 17% के आसपास आ गया है। फ्रांस, यूके और ऑस्ट्रेलिया का भी कुछ यही हाल है। इसके विपरीत, दुनिया की अधिक प्रभावी 'टेक्नोक्रेटिक' सरकारों में भरोसे का स्तर काफी ऊंचा है- सिंगापुर और यूएई में तो यह 70% से अधिक है। यहां तक कि चीन भी इस मामले में आगे है।

टेक्नोक्रेटिक व्यवस्थाएं परिणाम देने में सक्षम हैं और साथ ही जनता की चिंताओं के प्रति संवेदनशील भी बनी रहती हैं। यह लोकतांत्रिक सरकारों के सामने खड़ी एक गहरी चुनौती की ओर संकेत करता है। उनके नीति-निर्माण में तर्कसंगति नहीं दिखाई देती। एक तरफ तो वे अनुभवी नीति-निर्माता हैं, जो राजनीतिक व्यवहार्यता, जनभावना और पूर्व में सफल रहे उपायों के आधार पर नीतियां बनाते हैं। दूसरी तरफ उन अर्थशास्त्रियों और तकनीकी विशेषज्ञ की दुनिया है, जो दक्षता को अधिकतम करने के उद्देश्य से नीतियां गढ़ना चाहते हैं। दोनों में तालमेल नहीं बन पाता है। टेक्नोक्रेटिक सफलता की कहानियों ने इस दुविधा से स्वयं को बचाए रखा है। सिंगापुर की सरकार कठोर नीतिगत-विश्लेषण करते हुए यह भी समझने की कोशिश करती है कि जनता इसे किस प्रकार ग्रहण करेगी। इसी तरह, खाड़ी सहयोग परिषद के देशों में नीति-निर्माता तकनीकी विशेषज्ञता के साथ-साथ नागरिक संतुष्टि को मापने की प्रणालियों में भी भारी निवेश करते हैं। यूएई में सार्वजनिक सेवा प्रदाताओं के पास ग्राहक संतुष्टि फीडबैक बूथ लगे होते हैं। पश्चिमी लोकतंत्रों के लिए ऐसा करना अभी तक कठिन सिद्ध हुआ है। इसका एक कारण तो यह है कि सरकारी कामकाज लगातार विरोध करने वाली दलगत राजनीति से कमजोर होता है। जहां अर्थशास्त्री बताते हैं कि फ्यूल सब्सिडी हटाने से पैसों की बचत होगी और असमानता घटेगी, वहीं निर्वाचित प्रतिनिधि जानते हैं कि ऐसा कदम राजनीतिक भूचाल ला सकता है।

जहां सरकारी खजाने के मॉडल पेंशन सुधारों की अनिवार्यता को रेखांकित करते हैं, वहीं जनमत सर्वेक्षण संकेत देते हैं कि ऐसी नीतियां चुनावी आत्मघात सिद्ध हो सकती हैं। नतीजतन सरकारें तकनीकी और राजनीति के बीच झूलती रहती हैं और इससे कामकाज ठप हो जाता है। एआई इस खाई को पाटने में मददगार हो सकता है। लार्ज लैंग्वेज मॉडल नीतियों के विश्लेषण की विशिष्ट क्षमता दिखाते हैं। एआई-ऑग्मेंटेड नीतिगत-विश्लेषण के अपने प्रयोगों में मैंने पाया है कि ये प्रणालियां उस क्षेत्र में विशेष रूप से सक्षम हैं, जिसे मैं 'भावनात्मक रूप से सजग पॉलिसी-डिजाइन' कहता हूं। जहां पारंपरिक उपकरण यह दिखा सकते हैं कि 'भीड़-शुल्क' (कंजेशन चार्ज) से यातायात के दबाव में 22% की कमी आती है, वहीं एआई प्रणालियां हमें यह भी याद दिला सकती हैं कि 'कंजेशन चार्ज' शब्द की तुलना में 'स्वच्छ-वायु शुल्क' लोगों द्वारा बेहतर ढंग से स्वीकार्य होगा; या यह कि चुनावी वर्ष में कंजेशन चार्ज को लागू करना राजनीतिक जोखिम को कई गुना बढ़ा सकता है। यहां मुद्दा यह नहीं है कि हम मानवीय निर्णय को रिप्लेस कर दें। बल्कि यह है कि हम अनुभवी नीति-निर्माताओं के नॉलेज को और स्पष्ट, व्यवस्थित और परीक्षण-योग्य बनाएं। एआई इसमें हमारी मदद करता है। इसके अलावा, जब एआई उपकरणों को वेब-सर्च क्षमताओं के साथ जोड़ा जाता है, तो वे लगभग रियल-टाइम में जनभावनाओं का विश्लेषण करने में सक्षम हो जाते हैं। यह इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि जो नीतियां पिछली तिमाही की चिंताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई थीं, वे अगली तिमाही में लागू होने तक राजनीतिक परिदृश्य के अनुरूप नहीं रह सकती हैं।

# भारत-पाकिस्तान मैच हमेशा एकतरफा नहीं रहा

### 4 मुकाबलों में आखिरी गेंद पर फैसला; अब तक नहीं बना 200+ का स्कोर

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले का मतलब भारत का दबदबा। आखिर जो टीम 8 में से 7 बार जीतेगी उसका पलड़ा भारी कहा ही जाएगा। भारत 7-1 से आगे है। तो फिर इस मैच की इतनी हाइप क्यों होती है? जब एक टीम इतना आगे है तो फिर यह मुकाबला रोमांचक क्यों बन जाता है?

इसकी दो वजहें हैं। एक तो यह कि दोनों देशों के संबंध हमेशा खराब रहे हैं। इसलिए दो दुश्मनों के बीच मैच का हाइप अपने आप बन जाता है। दूसरी वजह यह है कि नतीजे भले ज्यादातर भारत के पक्ष में आए हों लेकिन मुकाबले काफी नजदीकी होते रहे हैं।

2007 में पहली बार टी-20 वर्ल्ड हुआ। साउथ अफ्रीका में हुए इस टूर्नामेंट में दो बार भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत हुई। पहली बार लीग मैच में मुकाबला हुआ। यह टाई रहा था। भारत ने बॉल आउट में जीत हासिल की। तब सुपर ओवर नहीं होते थे। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी, भारत ने 9 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाए। पाकिस्तान भी दूसरी पारी में 141 रन ही बना सका और मैच टाई हो गया। इसके बाद बॉल आउट हुआ। इसमें भारत की ओर से रॉबिन उथप्पा, हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग ने स्टंप हिट किए। पाकिस्तान के तीन गेंदबाज निशाना चूक गए थे।

इसके बाद फाइनल में भी भारत-पाकिस्तान टक्कर हुई। इस बार भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 5 विकेट पर 157 रन बनाए। पाकिस्तान टीम स्कोर के करीब पहुंची, लेकिन 19.3 ओवर में 152 रन पर ऑलआउट हो गई।

2012 में कोलंबो के मैदान पर पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी, लेकिन टीम 19.4 ओवर में 128 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत ने विराट कोहली की फिफ्टी की मदद से 17 ओवर में ही 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। यह मैच एकतरफा साबित हुआ था। 2014 में मीरपुर के मैदान पर भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पाकिस्तान 7 विकेट पर 130 रन ही बना सका। भारत ने 18.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर आसानी से टारगेट हासिल कर लिया। यह मैच भी एकतरफा था।

2016 में कोलकाता के मैदान पर भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बारिश के कारण मैच 18-18 ओवर का हुआ, पाकिस्तान ने 5 विकेट पर 118 रन बनाए। भारत ने 15.5 ओवर में 4 विकेट खोकर मैच जीत लिया। 2021 में दुबई के मैदान पर पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत 7 विकेट खोकर 151 रन ही बना सका। पाकिस्तान ने 17.5 ओवर में बगैर नुकसान के ही टारगेट हासिल कर लिया। मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम ने रिकॉर्ड 152 रन की पार्टनरशिप कर दी।

2022 में मेलबर्न के मैदान पर भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पाकिस्तान ने 8 विकेट पर 159 रन बनाए। भारत ने 31 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए, यहां से हार्दिक पंड्या और विराट कोहली ने पारी संभाली। कोहली ने 82 रन बनाए और भारत को आखिरी बॉल तक चले मुकाबले में 4 विकेट से जीत दिला दी।




### 2024 में भी आखिरी गेंद तक चली फाइट

2024 में न्यूयॉर्क के मैदान पर पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत 19 ओवर में 119 रन पर ऑलआउट हो गया। भारत वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ लगातार दूसरी हार की कगार पर था। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने गेंदबाजी में कमबैक कराया और पाकिस्तान को 113 रन ही बनाने दिए।

दोनों के बीच अब तक हुए 8 वर्ल्ड कप मुकाबलों में 159 रन पहली पारी का हाईएस्ट स्कोर रहा, जो पाकिस्तान ने 2022 में मेलबर्न के मैदान पर बनाया। हालांकि, भारत ने इसे चेज कर लिया था। दोनों के बीच 118 रन सबसे छोटा स्कोर रहा, जो पाकिस्तान ने 2016 में बनाया। यह मैच बारिश के कारण 18-18 ओवर का किया गया था।

भारत और पाकिस्तान की टीमें टी-20 इंटरनेशनल में अब तक 16 बार ही आमने-सामने हुईं। यानी इनके बीच इस फॉर्मेट में जितने मैच हुए हैं, आधे वर्ल्ड कप में खेले गए हैं। इन 16 मैचों में 13 बार भारत को जीत मिली है। पाकिस्तान सिर्फ तीन बार नतीजा अपने नाम कर पाया है। वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया ने 3 मैच पहले बैटिंग करते हुए और 4 मैच पहले बॉलिंग करते हुए जीते। पाकिुस्तान को इकलौती जीत 2021 में बाद में बैटिंग करते हुए मिली थी।

### इस बार क्या उम्मीद?

भारत और पाकिस्तान इस बार कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भिड़ने वाले हैं। दोनों टीमें यहां 2012 के वर्ल्ड कप में भी भिड़ चुकी है। तब पहले बैटिंग करते हुए पाकिस्तान 128 रन ही बना सका। भारत ने 17 ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया। विराट कोहली ने 78 रन बनाने के साथ 1 विकेट भी लिया था। भारत के स्पिनर्स ने तब 4 विकेट लिए थे। इस बार भी स्पिनर्स को मदद देने वाली पिच मुमकिन है।

हो सकता है स्पिन कॉन्टेस्ट : दोनों टीमों में से जिस टीम के स्पिनर बेहतर कर गए वह टीम हावी हो सकती है। भारत के पास वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव हैं तो पाकिस्तान की ओर से शादाब खान, मोहम्मद नवाज, उस्मान तारिक और अबरार अहमद के साथ पार्ट टाइम स्पिनर सईम अयूब भी हैं। टीम बैलेंस को देखते हुए भारत ज्यादा से ज्यादा तीन स्पिनर उतार सकता है। वहीं पाकिस्तान की टीम पांचों स्पिनर को प्लेइंग-11 में शामिल कर सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय स्पिनर्स में सिर्फ अक्षर पटेल ऑलराउंडर हैं। दूसरी ओर पाकिस्तान के तीन स्पिनर शादाब खान, सईम अयूब और मोम्मद नवाज ऑलराउंडर हैं।

पहले बैटिंग फायेदमंदः भले ही भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 फॉर्मेट में 75% मैचों में बाद में बैटिंग करने वाली टीम जीती है प्रेमदासा स्टेडियम में टॉस जीतने वाला कप्तान पहले बैटिंग कर सकता है। इस वर्ल्ड कप में अब तक यहां 3 मैच खेले गए। हर बार पहले बैटिंग करने वाली टीम को ही जीत मिली। जिम्बाब्वे ने भी ऑस्ट्रेलिया को पहले बैटिंग करते हुए ही हराया। इसलिए पहले बैटिंग करना ही फायदेमंद होगा।

# दावा–अफसर रिटायर होकर 20 साल बुक पब्लिश नहीं करा सकेंगे

सरकार रिटायरमेंट के बाद वरिष्ठ पदों पर रहे अधिकारियों के लिए 20 साल का कूलिंग-ऑफ पीरियड लागू करने पर विचार कर रही है। इस अवधि के दौरान वे अपनी सेवा से जुड़ी किताब प्रकाशित नहीं कर सकेंगे। इस मुद्दे पर चर्चा पूर्व आर्मी चीफ जनरल (रिटायर्ड) मनोज मुकुंद नरवणे की अनपब्लिश किताब को लेकर जारी राजनीतिक विवाद के बीच हुई है। शुक्रवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में यह विषय सामने आया। कई मंत्रियों का मानना था कि मिलिट्री अधिकारियों समेत अहम पदों पर रहे अधिकारियों के लिए रिटायरमेंट के बाद किताब लिखने से पहले एक निश्चित कूलिंग-ऑफ पीरियड होनी चाहिए। यह मुद्दा कैबिनेट के आधिकारिक 27 बिंदुओं के एजेंडे में शामिल नहीं था, लेकिन सामान्य चर्चा के दौरान उठा। हालांकि इस पर जल्द ही आदेश जारी हो सकता है। पूर्व आर्मी चीफ नरवणे के मेमॉयर फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी को लेकर विवाद 2 फरवरी को शुरू हुआ था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मेमॉयर में बताई गई घटनाओं का जिक्र करने की कोशिश की, और सरकार ने इस पर कड़ा एतराज जताया क्योंकि किताब पब्लिश नहीं हुई थी।

बाद में गांधी किताब की एक कॉपी संसद में लाए, ताकि यह साबित हो सके कि किताब मौजूद है। जल्द ही, किताब का PDF सोशल मीडिया पर शेयर होने लगा। संसद से सामने आए मुद्दे पर दिल्ली पुलिस ने FIR दर्ज की। डिजिटल और दूसरे फॉर्मेट में मैन्युस्क्रिप्ट के गैर-कानूनी सर्कुलेशन की जांच शुरू कर दी। किताब की पब्लिशर पेंगुइन इंडिया ने एक बयान में कहा- किताब से जुड़ा जितना हिस्सा सर्कुलेशन में है, कॉपीराइट का उल्लंघन है। इसके बाद नरवणे ने चुप्पी तोड़ी और पब्लिशर के स्टैंड का समर्थन कि किताब पब्लिश नहीं हुई। न ही जनता के लिए उपलब्ध कराई गई है। दरअसल, जनरल एमएम नरवणे 2019 से 2022 तक भारतीय सेना प्रमुख रहे। उनकी आत्मकथा "फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी" में उनके सैन्य करियर के साथ-साथ 2020 के भारत-चीन लद्दाख सीमा विवाद, गलवान घाटी की घटनाएं, अग्निपथ योजना और रणनीतिक निर्णयों का जिक्र बताया गया है। रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि 31 अगस्त 2020 को पैंगोंग त्सो के दक्षिणी किनारे पर कैलाश रेंज में हुए डेवलपमेंट के बारे में उनका ब्यौरा, और भारतीय सेना को चीनी उकसावे का जवाब कैसे देना चाहिए, सरकार ने इस पर तुरंत कोई पॉलिटिकल निर्देश नहीं दिया था। यही विवाद की वजह है।किताब जनवरी 2024 में पब्लिश होनी थी। न्यूज एजेंसी प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया ने दिसंबर 2023 में इसका एक हिस्सा छापा। अग्निवीर स्कीम पर PTI के हिस्से ने विवाद खड़ा कर दिया और डिफेंस मिनिस्ट्री ने नरवणे और पब्लिशर को लिखा कि किताब को पब्लिश करने से पहले आर्मी को क्लियरेंस के लिए सबमिट करें। आर्मी ने किताब को डिटेल में पढ़ा, उसमें शामिल सब्जेक्ट्स पर अपने ऑब्जर्वेशन रिकॉर्ड किए। आखिरी फैसला लेने के लिए इसे डिफेंस मिनिस्ट्री को भेज दिया। डिफेंस मिनिस्ट्री ने अब तक पूर्व चीफ की किताब को अपनी क्लियरेंस नहीं दी है।

उसी समय, नरवणे ने यह भी ट्वीट (अब X) किया कि उनकी किताब अब उपलब्ध है। उन्होंने अमेजन से एक प्री-ऑर्डर लिंक भी शेयर किया था। 2020 से 2024 के बीच रक्षा मंत्रालय ने 35 पुस्तकों को मंजूरी दी। नरवणे की पुस्तक फिलहाल लंबित मामलों में शामिल बताई जा रही है।

# फ्लॉप डेब्यू, 2 बार कैंसर, टूटी शादी, हिम्मत और हौसले की मिसाल ममता मोहनदास

सभी स्टार्स को इतनी किस्मत नहीं मिलती कि उन्हें किसी ब्लॉकबस्टर फिल्म में लीड रोल करके धमाकेदार शुरुआत करने का मौका मिले। कुछ एक्टर्स मामूली रोल्स से अपना करियर शुरू करते हैं, वहीं कुछ बॉक्स ऑफिस पर असफलताओं का सामना करते हैं और कुछ बचे हुए एक्टर्स को अपनी एक्टिंग की कमी के लिए कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ता है। मोहनलाल जैसे कुछ लोग भाग्यशाली हैं, जिन्होंने न केवल अपनी पहली फिल्म 'मंजिल विरिंजा पूक्कल' (1980) में बड़ा रोल किया, बल्कि फिल्म को जबरदस्त हिट होते देखा और अपने अभिनय के लिए तारीफें भी पाईं। हालांकि, फिल्म इंडस्ट्री में किस्मत भी अहम भूमिका निभाती है, और एक्ट्रेस-प्लेबैक सिंगर ममता मोहनदास की पहली फिल्म इसका जीता-जागता उदाहरण है।



बहरीन में जन्मी और पली-बढ़ी ममता ग्रेजुएशन करने के लिए भारत आ गईं। 21 की उम्र में ममता को टी हरिहरन की निर्देशित एक फिल्म में लीड रोल का ऑफर मिला। हरिहरन मलयालम सिनेमा के बड़े फिल्मकारों में से एक हैं, जो 'सरपंचराम', 'पंचाग्नि', 'नखक्षथंगल', 'अमृतम गमया', 'ओरु वडक्कन वीरगाथा', 'परिणयम' और 'एनु स्वंथम जनाकीकुट्टी' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। फिल्म 'मयूखम' (2005) छह साल के अंतराल के बाद हरिहरन की निर्देशक के रूप में वापसी थी। हालांकि, इस बार उन्होंने नए कलाकारों को लेने का फैसला किया और लीड रोल के लिए साइजू कुरुप और ममता को चुना। फिर भी, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई। हालांकि उनके काम की सराहना की गई।

### 'मयूखम' के बाद मिलने लगे ऑफर

फिर भी, ममता को एक-एक करके ऑफर मिलने लगे और 'मयूखम' के तुरंत बाद उन्होंने ममूटी की फिल्म 'बस कंडक्टर' में एक छोटा रोल किया। इसके बाद, उन्होंने सॉफ्टकोर फिल्म 'लंका' (2006) में सुरेश गोपी के साथ काम करके केरल में सनसनी मचा दी, जो उनसे 27 साल बड़े थे। उसी साल, वह मोहनलाल के साथ 'बाबा कल्याणी' में भी नजर आईं। हालांकि, इनमें से किसी भी फिल्म से उन्हें वह पहचान नहीं मिली जिसकी उन्हें चाह थी। आखिरकार, ममूटी की ऐतिहासिक फिल्म 'बिग बी' (2007) ने उन्हें प्रसिद्धि दिलाई। फिर भी, इसके तुरंत बाद उन्हें अभिनय के ऑफर मिलने शुरू नहीं हुए।

### एक्टिंग के बाद सिंगिंग में हाथ आजमाया

इसी बीच, एक सिंगर होने के नाते, ममता ने सिंगिंग में भी हाथ आजमाया और इस क्षेत्र में उन्हें अधिक पहचान मिलने लगी। कुछ तेलुगू फिल्मों के गानों में अपनी आवाज देने के बाद, उन्हें थलपति विजय की फिल्म 'विल्लू' (2009) के ब्लॉकबस्टर गाने 'डैडी मम्मी' से जबरदस्त सफलता मिली। इसके बाद उन्होंने मलयालम, तमिल और तेलुगू में कई हिट गाने गाए।

### दो बार हुआ कैंसर

ममता मोहनदास का निजी जीवन, उनकी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ काफी सुर्खियां बटोरता रहा है। कैंसर से दो बार जंग जीतकर उन्होंने आशा की किरण का परिचय दिया है। द न्यूज मिनट के अनुसार, उन्हें पहली बार 2009 में हॉजकिन लिंफोमा का पता चला था। ममता

# शालिनी पांडे ने बैंडवाले में मरियम बन शायरी को बनाया खामोश बगावत का सुर

महाराज के लिए अवॉर्ड्स में मिली ब्रेकथ्रू परफॉर्मेंस जीत के बाद शालिनी पांडे अपनी कलात्मक यात्रा को और निखारती



दिख रही हैं। वे अब ऐसे किरदार चुन रही हैं जिनमें चीखने की नहीं, महसूस करने की ताकत चाहिए।

हर नया प्रोजेक्ट जैसे किसी राग में जुड़ता एक ताज़ा सुर लगता है और बैंडवाले में उन्हें अब तक का सबसे सुरीला मोड़ मिला है।

डब्बा कार्टेल की खामोश जुझारू छवि से लेकर राहु केतु की अनपेक्षित हास्य सहजता तक, उनकी पसंद साफ बताती है कि वे गहराई और विस्तार की तलाश में हैं। बैंडवाले वह मुकाम बनता है जहां यह तलाश अपना ठिकाना पा लेती है। निर्देशक अक्षत वर्मा और सह-निर्माता स्वानंद किरकिरे व अंकुर तिवारी की यह आठ कड़ियों वाली श्रृंखला मरियम की कहानी कहती है, जो भारतीय समाज की बेटियों के लिए तय सबसे सुरक्षित जाल से निकलना चाहती है कम उम्र में सम्मानजनक शादी। रतलाम की शांत बंदिशों के बीच बसी यह कहानी एक सच्चाई समझती है छोटे शहरों में सपने धमाके से नहीं फूटते, वे धीरे-धीरे रिसते हैं। मरियम के रूप में शालिनी पूरे संयम के साथ कहानी का भार संभालती हैं। वह कोई आग उगलती बागी नहीं, बल्कि वह आज्ञाकारी बेटी है जिसे महत्वाकांक्षा के लिए माफी मांगना सिखाया गया है। कविता उसका निजी विद्रोह बनती है और गुमनामी उसकी ढाल। उसकी चाहत शोर नहीं मचाती, पर लगातार धड़कती रहती है और यही निरंतरता किरदार को सच्चाई की चुभन देती है।

अधिकतम स्क्रीन टाइम और भावनाओं की परतों से भरे किरदार में शालिनी ऐसा अभिनय देती हैं जो ध्यान मांगता नहीं, खुद-ब-खुद खींच लेता है। घर की सुरक्षा में कतर दिए गए पंखों वाली स्त्री के रूप में वे पूरी तरह विश्वसनीय लगती हैं। आजादी का स्वाद चखने की उसकी तड़प उसे बैंडवाले की सबसे जमीनी और मानवीय उपस्थिति बना देती है। बिना भारी-भरकम संवादों और बिना नाटकीय इशारों के, वे मुख्यधारा के ढर्रे छोड़कर आत्मीय भावनात्मक गहराई को अपनाती हैं और शो की भावनात्मक धुरी बनकर उभरती हैं।



## 'दो दीवाने सहर में' के निर्देशक से लिफ्ट में मिली थीं मृणाल ठाकुर

# अभिनेत्री ने बताया मुलाकात का पूरा किस्सा

बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर पिछले कुछ सालों से अपनी मेहनत के दम पर इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाती आई हैं। इन दिनों वह अपनी आने वाली फिल्म 'दो दीवाने सहर में' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। उनकी यह नई फिल्म दर्शकों के बीच रोमांस से भरी कहानी लेकर आने वाली है। इस बीच उन्होंने फिल्म के निर्देशक रवि उदयवार से पहली मुलाकात के अनुभव को साझा किया।

मृणाल ठाकुर ने कहा, मेरी पहली मुलाकात रवि सर से उनके नए घर की लिफ्ट में हुई थी। मजेदार बात यह है कि मेरी मां ने उन्हें पहचान लिया था, जबकि मैंने उन्हें पहले देखा ही नहीं था। मेरी मां ने कहा, 'ओह माय गॉड, मुझे आपकी फिल्म 'मॉम' बहुत पसंद आई थी।' 'दो दीवाने सहर में' में शामिल होने के फैसले को लेकर मृणाल ने आगे कहा, "मैंने रवि सर को कहा था कि मैं उनके काम की बहुत बड़ी फैन हूं और उनके साथ काम करना चाहती हूं। इस पर रवि सर ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि जल्द ही बातचीत करेंगे। इसके कुछ दिनों बाद, उनका मेरे पास मैसेज आया। मैं उस समय दुबई जाने वाली थी, इसलिए मेरे पास ज्यादा समय नहीं था।"

उन्होंने बताया, "मैंने कहानी का छोटा सा हिस्सा सुना और फिर कुछ दिनों बाद सीधे रवि सर के ऑफिस पहुंच गई, जहां मुझे पूरी स्क्रिप्ट सुनाई गई। पूरी कहानी सुनते ही मैं फिल्म में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार हो गई और मैंने कहा, 'चलो इसे करते हैं।' अप्रैल तक फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई थी।"

'दो दीवाने सहर में' एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसमें मृणाल के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी भी मुख्य भूमिका में हैं, और यह फिल्म जी स्टूडियोज और भंसाली प्रोडक्शन्स के सहयोग से बनाई जा रही है। निर्माताओं में संजय लीला भंसाली, प्रेरणा सिंह और उमेश कुमार बंसल शामिल हैं।

## अलग-अलग शैलियों के गीत गाकर महसूस हुई भारतीय संगीत की असली ताकत : श्रेया घोषाल

भारतीय संगीत की दुनिया में श्रेया घोषाल का नाम बेहद सम्मान के साथ लिया जाता है। पिछले दो दशकों से ज्यादा समय से श्रेया हिंदी सिनेमा के संगीत को अपनी आवाज से नए मुकाम पर पहुंचाती आई हैं। उन्होंने कई भाषाओं में अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरा है। हाल के दिनों में उनके कई नए गाने रिलीज हुए हैं, जिनमें 'इंकलाबी जिद्दी', 'मातृभूमि', 'असलू सिनेमा', 'गाना गुंजूर', 'ओ माई री', और 'थलोड़ी मरायुवथेविदे नी' जैसे गीत शामिल हैं। इनमें से किसी गाने में देशभक्ति और क्रांति का स्वर है, तो किसी में रिश्तों की कोमल भावनाएं और लोक संगीत की खुशबू है, तो वहीं किसी में आधुनिक सिनेमा की एनर्जी है।

इन गानों को लेकर श्रेया घोषाल ने कहा, "एक के बाद एक



इतने अलग-अलग तरह के गाने गाना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा है। अलग-अलग भावनाओं और संगीत शैलियों के बीच लगातार काम करना यह एहसास कराता है कि भारतीय संगीत वास्तव में कितना विशाल और बहुआयामी है। हर गीत अपनी एक अलग संस्कृति और कहानी से जुड़ा होता है, लेकिन इन सबकी जड़ में भावना और कहानी ही होती है, जो सीधे दिल तक पहुंचती है।"

श्रेया ने कहा, "एक गायक के तौर पर इतनी विविध कहानियों को आवाज देना बेहद संतोषजनक है। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे ऐसे संगीत सफर का हिस्सा बनने का मौका मिला, जो भारतीय संगीत की एकता और समृद्धि को दर्शाता है। संगीत भाषा या क्षेत्र का मोहताज नहीं होता, बल्कि भावनाओं की सच्चाई ही उसे श्रोताओं से जोड़ती है।"

श्रेया घोषाल को 'डायनामिक्स की रानी' कहा जाता है। 'बैरी पिया' और 'डोला रे डोला' जैसे गीतों ने उन्हें पहले ही कदम पर राष्ट्रीय पहचान दिला दी। इसके बाद, उन्होंने 'धीरे जलना', 'ये इश्क हाय', 'फेरारी मोन', 'जीव रंगला', और 'मायावा थूयावा' जैसे गीतों के लिए कई प्रतिष्ठित सम्मान हासिल किए, जिनमें पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, और तेलंगाना के राज्य पुरस्कारों के साथ-साथ बीएफजेए अवॉर्ड भी शामिल हैं।

# एक्ट्रेस श्रीलीला ने पूरी की एमबीबीएस डिग्री, 24 की उम्र में बनीं डॉक्टर





कन्नड़ और तेलुगू सिनेमा में अपने अभिनय के लिए जानी जाने वाली श्रीलीला ने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में अपने सफल करियर को बरकरार रखते हुए एमबीबीएस की डिग्री पूरी कर ली है। वो 2020 के बैच से हैं और उन्होंने 6 साल में डिग्री पूरी कर ली है। एमबीबीएस कोर्स की अवधि 5.5 साल है। इसमें 4.5 साल एकेडमिक और 1 साल इंटर्नशिप शामिल है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियोज में उन्हें दीक्षांत समारोह के गाउन और टोपी में मेडिकल डिग्री लेते हुए दिखाया गया है, जिसने लोगों और उनके फैंस में अलग ही खुशी छाई हुई है।

मेडिकल की पढ़ाई और व्यस्त फिल्मी शेड्यूल को बनाए रखने में श्रीलीला ने अलग ही लेवल की उपलब्धि हासिल कर ली है। लगातार फिल्मी शूटिंग और प्रचार की चुनौतियों के बावजूद, श्रीलीला ने डॉक्टर की डिग्री हासिल की, जो उनके अनुशासन और एकाग्रता को दिखाती है। पढ़ाई और एक्टिंग करियर दोनों के लिए उन्होंने वक्त निकाला और आज फाइनली एमबीबीएस की डिग्री उन्हें मिल गई। एक वीडियो में वह स्टेज पर दूसरे छात्रों के साथ कतार में खड़ी दिखाई देती हैं। डिग्री लेते ही वह अपने परिवार को गले लगाती हैं और मंच से नीचे उतरती हैं।

एक वीडियो में तो उन्हें और स्टूडेंट्स को हिप्पोक्रेटिक शपथ लेते हुए दिखाया गया है। जब यह घोषणा की जाती है कि वे आधिकारिक तौर पर 2020 बैच के डॉक्टर बन गए हैं, तो वह मुस्कुराती हैं और अपने दोस्तों के साथ खुशी मनाती हैं।

### कौन हैं श्रीलीला?

श्रीलीला का जन्म 2001 में अमेरिका के डेट्रॉइट में एक तेलुगू परिवार में हुआ था और उनका पालन-पोषण बेंगलुरु में हुआ। उनकी मां स्वर्णलता बेंगलुरु में एक स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। उन्होंने 2017 में तेलुगू फिल्म 'चित्रांगदा' से अभिनय की शुरुआत की, जिसमें उन्होंने सिंधु तोलानी के किरदार के बचपन का रोल निभाया था, लेकिन लीड एक्ट्रेस के तौर पर उनकी पहली फिल्म 2019 में आई कन्नड़ फिल्म 'किस' थी। उन्होंने उसी साल 'भारते' फिल्म में भी काम किया था।

### श्रीलीला की अगली फिल्में

वहीं, वर्कफ्रंट की बात करें, तो वह अनुराग बसु की फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ नजर आएंगी। दोनों की केमेस्ट्री को देखने के लिए फैंस अभी से ही बेताब हैं। वह राजकुमार पेरियासामी के निर्देशन में बन रही आगामी फिल्म में धनुष के साथ भी दिखाई देंगी।

# मैंने मेहनत, पैशन और प्यार के साथ निभाया 'दिल धोखा और डिजायर' में अपना किरदार : आकांक्षा चमोला



एक्ट्रेस और बिग बॉस 19 के विजेता गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला ओटीटी डेब्यू कर चुकी हैं। स्ट्रिमिंग प्लेटफॉर्म शेमारू मी की वेब सीरीज 'दिल धोखा और डिजायर' में वह खास अंदाज में नजर आईं, जिसे लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। आकांक्षा ने बताया कि वह सही समय का इंतजार कर रही थीं। 'दिल धोखा और डिजायर' से डिजिटल डेब्यू कर रहीं आकांक्षा ने इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह जताया है और कहा है कि वह अपने काम के चुनाव को लेकर बहुत सतर्क रहती हैं। आकांक्षा ने बताया, "अपनी जर्नी के इस मोड़ पर ओटीटी स्पेस में कदम रखना बहुत खास लग रहा है। मैंने इस वेब सीरीज में बहुत मेहनत, पैशन और प्यार डाला है। उम्मीद है कि दर्शक मालिनी और उनकी जर्नी को उतनी ही प्यार से अपनाएंगे।" सीरीज में आकांक्षा मालिनी का किरदार निभा रही हैं, जो कहानी का केंद्र है। मालिनी मजबूत होने के साथ कमजोर भी है, हिम्मत वाली है लेकिन उलझनों में भी फंसी है। आकांक्षा कहती हैं, "यह रोल मुझे इमोशनली चैलेंज करता है। मालिनी रियल और कई कमियों वाली है।

उन्होंने आगे कहा, मैं सही स्क्रिप्ट और सही रोल का इंतजार कर रही थी और अब लगता है कि इंतजार सही था। मैं अपने काम को लेकर बहुत जागरूक हूं। इस कैरेक्टर ने मुझे क्रिएटिवली उत्साहित किया क्योंकि इसमें अलग-अलग शेड्स हैं। मेरा किरदार प्यार करने वाली, गुस्सैल, कमजोर, कभी-कभी मैनिपुलेटिव भी है। मालिनी आपको पसंद आएगी।"

'दिल धोखा और डिजायर' एक दिलचस्प कहानी है, जहां प्यार जुनून में बदल जाता है और महत्वाकांक्षाओं की सभी सीमाओं को तोड़ देती है। यह प्यार, धोखा, आकर्षण, नियंत्रण और बदले के जटिल रिश्तों पर आधारित है। मालिनी का सफर कहानी में इमोशनल गहराई और नयापन जोड़ता है। सीरीज में आकांक्षा के साथ कुंवर अमर और अली हसन मुख्य भूमिकाओं में हैं। आकांक्षा ने हाल ही में छोटे पर्दे पर टीवी शो 'कैसे मुझे तुम मिल गए' से वापसी की है।

## बांके-बिहारी मंदिर के गोस्वामी ने सिर फोड़ा



मथुरा, 14 फरवरी (एजेंसियां)। वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर के एक गोस्वामी ने श्रद्धालु की डंडे (बेंत) से पिटाई कर उसे लहूलुहान कर दिया। मारपीट में श्रद्धालु के सिर से खून बहने लगा। पति को गोस्वामी से बचाने के लिए उसकी पत्नी लोगों से मदद मांगती रही।

शनिवार को हुई यह घटना राधा बल्लभ मंदिर के पास की बताई जा रही है। दरअसल, घायल व्यक्ति मंदिर जाते समय सड़क पर एक व्यक्ति से झगड़ रहे गोस्वामी से बीच-बचाव कर दिया था, जिससे वह नाराज हो गया।

घटना का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने आरोपी गोस्वामी को हिरासत में लेकर बांके बिहारी पुलिस चौकी भेज दिया है। शनिवार को बांके बिहारी मंदिर के शयन भोग पुजारी मनोज गोस्वामी किसी काम से जुगल घाट की तरफ जा रहे थे। दूसरी तरफ गाजीपुर से आए श्रद्धालु कुशेंद्र यादव अपनी पत्नी के साथ बांके बिहारी के दर्शन कर राधावल्लभ मंदिर जा रहे थे। इस दौरान गोस्वामी का राधा बल्लभ मंदिर की सीढ़ियों वाले रास्ते के पास एक युवक से झगड़ा हो गया। उधर से गुजर रहे कुशेंद्र ने बीच-बचाव किया। गोस्वामी इस पर गुस्सा हो गए। वह उस युवक को छोड़कर उल्टा कुशेंद्र से ही भिड़ गए। कहासुनी के बाद अचाकर से गोस्वामी उग्र हो गए। उन्होंने कुशेंद्र की बेंत से पिटाई शुरू कर दी। एक बेंत कुशेंद्र के सिर पर लगी। उनका सिर फट गया और खून बहने लगा।

## हर कोई रवि किशन नहीं कि रोज शादी कर ले

### गोरखपुर में योगी बोले- दिल्ली में दम घुटता, यहां वातावरण एकदम शुद्ध

गोरखपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। परिवार के सभी लोग चाहते कि घर में मांगलिक कार्यक्रम हो। अब हर कोई रवि किशन तो है नहीं कि रोज विवाह कर ले। ये करते हैं न फिल्मों में। आम व्यक्ति होटल या मैरिज हॉल तो नहीं बुक कर सकता। न ही रवि किशन की तरह शीशमहल बना सकता है।

यह बाद सीएम योगी ने शनिवार को गोरखपुर में सांसद रवि किशन की चुटकी लेते हुए कही। इससे पहले योगी ने यहां 2.47 करोड़ की लागत से बने कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया। इसमें 300 लोगों की क्षमता होगी। इसका निर्माण गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने किया है। इसके निर्माण के लिए सीएम ने अपनी विधायक निधि से धनराशि दी है।

सीएम योगी ने कहा- अच्छा बताइए सांसद यहां सप्ताह महीने में आते हैं कि नहीं आते? मैं जानता हूं। इसीलिए इनको बोलता हूं कि कम से कम साल में एक बार जरूर जाया करिए।



अब घराती हो या बाराती, सबको सुविधाएं चाहिएं। अब मांगलिक कार्यक्रम रोज-रोज तो नहीं होते।

**रवि किशन ने सुनाई कहानी**

इस मौके पर सांसद रवि किशन ने कहा- एक कहानी आपको सुनाता हूं। सिंगापुर का नाम आप सबने सुना होगा। 1975 की बात है, जब यह आजाद हुआ था। सिंगापुर के प्रधानमंत्री थे ली कुआन यू एक्जेक्टली। वहां भी 2017 के पहले के यूपी जैसा हाल था। माफिया, बाहुबली, छिनैती, डकैती, लूट, बलात्कार चारों तरफ सिर्फ आतंक था।

आज सिंगापुर बहुत अमीर देश के रूप में जाना जाता है। 2017 से पहले बिल्कुल वहीं हाल यूपी का भी था। लेकिन, महाराज जी मुख्यमंत्री बनने के बाद आज 2026 चल रहा है। आज यूपी में हर कोई निवेश करना चाहता है। अडाणी हो अंबानी, कोई ऐसा बिजनेसमैन नहीं जो यूपी में इंडस्ट्री नहीं लगाना चाहता।

## ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे देश की पहली रोड-कम-रेल टनल बनेगी

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को कैबिनेट मीटिंग में असम में ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे देश की पहली रोड-कम-रेल टनल समेत फोर लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड कॉरिडोर को मंजूरी दी गई। इसकी कुल लागत 18,662 करोड़ होगी।

यह भारत की पहली और दुनिया की दूसरी अंडरवॉटर रोड-कम-रेल टनल परियोजना होगी, जिसमें एक ही सुरंग में रोड और रेल लाइन होगी। ट्रेन और गाड़ियां एक साथ चलेंगी। इसे इंजीनियरिंग-प्रोक्योरमेंट-कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मॉडल पर विकसित किया जाएगा।

इस प्रोजेक्ट के तहत गोहपुर (एनएच-15) से नुमालीगढ़ (एनएच-715) के बीच 15.79 किमी लंबी टनल बनाई जाएगी। अभी नुमालीगढ़ और गोहपुर के बीच करीब 240 किमी की दूरी तय करने में 6 घंटे का समय



लगता है। इस प्रोजेक्ट के बाद कम समय लगेगा। असम, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड समेत पूर्वोत्तर राज्यों को बेहतर कनेक्टिविटी।

11 आर्थिक, 3 सामाजिक, 2 पर्यटन और 8 लॉजिस्टिक नोड्स से कनेक्टिविटी।

4 प्रमुख रेलवे स्टेशन, 2 एयरपोर्ट और 2 जलमार्ग से जुड़ाव।

केंद्र सरकार ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के तहत सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक 11.56 किमी लंबे विस्तार कॉरिडोर को मंजूरी दी है। इसमें 8 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। प्रोजेक्ट के शुरू होने के बाद नोएडा-ग्रेटर नोएडा का मेट्रो नेटवर्क 61.62 किमी लंबा हो जाएगा।

इससे बॉटनिकल गार्डन पर ब्लू लाइन और मैजेंटा लाइन से इंटरचेंज की सुविधा होगी। व्यावसायिक और शैक्षणिक क्षेत्रों से सीधा जुड़ाव होगा। ट्रैफिक में कमी आएगी। कैबिनेट मीटिंग में शहरी अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ की केंद्रीय सहायता वाले अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) को मंजूरी दी है।

## विश्वसनीयता और तकनीक मिलकर बनाएंगे सशक्त छत्तीसगढ़

### विश्व रेडियो दिवस पर बोले सीएम साय

रायपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वंदे मातरम के नए गायन संस्करण का पेन ड्राइव लॉन्च किया।

मुख्यमंत्री साय ने सभी को विश्व रेडियो दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए आकाशवाणी रायपुर और यूनेस्को को इस खास आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष का विषय 'रेडियो और एआई' अत्यंत सामयिक और उपयोगी है।

सूचना क्रांति के इस युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग सभी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में एआई के माध्यम से रेडियो को और अधिक



जनोपयोगी बनाने पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सही समय पर सही जानकारी नागरिकों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और इसमें रेडियो की भूमिका शुरू से ही अत्यंत प्रभावी रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आकाशवाणी देश का सबसे भरोसेमंद समाचार प्रसारक है। निजी चैनलों के बीच तेज़ी से खबरें देने की प्रतिस्पर्धा के बावजूद आकाशवाणी ने अपनी विश्वसनीय, संतुलित और जनहितकारी सूचना परंपरा को बनाए रखा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में यह सूचना, शिक्षा और स्वस्थ मनोरंजन का सशक्त माध्यम है। उन्होंने रेडियो से जुड़ी अपनी स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि जब दूरस्थ गांवों तक किसी अन्य माध्यम की पहुंच नहीं थी, तब रेडियो ही देश-दुनिया से जुड़ने का एकमात्र माध्यम था।

किसानों और ग्रामीण अंचलों के लिए आकाशवाणी आज भी विशेष भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' जैसे लोकप्रिय कार्यक्रम के लिए रेडियो का चयन इसकी व्यापक पहुंच और प्रभाव को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आकाशवाणी के छह स्टेशन संचालित हैं तथा रायपुर से विविध भारती सेवा प्रसारित हो रही है।

## पप्पू यादव से गले मिलकर रो पड़े आईपी गुप्ता

### सांसद भी हुए भावुक, पीएमसीएच का वीडियो शेयर कर लिखा-पुलिस ने मुझे इसी नर्क में रखा था



पटना, 14 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने पीएमसीएच के वार्ड का एक वीडियो शेयर किया है, जो पूरी तरह से जर्जर हालत में है। सांसद ने बताया कि उन्हें इलाज के लिए इसी वार्ड में रखा गया था।

वीडियो शेयर करते हुए पप्पू यादव ने X पर लिखा, पीएमसीएच के इस नर्क में उपचार के लिए मुझे रखा गया था। एक सांसद के साथ ऐसा सलूक, तो हमारे जनता मालिक के साथ यह क्या करते होंगे? समझ सकते हैं। मेरी गिरफ्तारी और उस दौरान हुई घटना और व्यवस्था प्रदर्शित करती हैं कि आम लोगों को किस तरह जलील परेशान किया जाता होगा? बेशर्म व्यवस्था, डूब मरो!

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने पटना में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और खुद उन्हें खाना परोसा। इसके बाद वे दिल्ली के लिए रवाना हो गए। पटना एयरपोर्ट पर उन्होंने विधायक आईपी गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान आईपी गुप्ता पप्पू यादव के गले लगकर रोने लगे। आईपी गुप्ता को रोता देख पप्पू यादव भी भावुक हो गए।

पप्पू यादव 7 दिनों बाद शुक्रवार शाम बेऊर जेल से बाहर निकले। जेल से निकलते ही वे सीधे फुलवारीशरीफ पहुंचे, जहां कोचिंग की छत से गिरकर जान गंवाने वाली छात्रा के परिजनों से मुलाकात की और न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

उन्होंने दोहराया कि छात्रा को इंसाफ दिलाने की लड़ाई जारी रहेगी। साथ ही अपने कार्यक्रमों के मद्देनजर जिला प्रशासन और पुलिस से 'वाई प्लस (वाई+) श्रेणी' की सुरक्षा, पुलिस एस्कॉर्ट और रात्रि विश्राम स्थलों पर हाउस गार्ड की मांग की है।

## ब्राह्मण भाजपा नेता को गिफ्ट में मिला हाथी 'जात्रा सिंह'

### अरुणाचल प्रदेश से प्रतापगढ़ लाने में डेढ़ लाख लगे, बैंड बाजे से स्वागत

प्रतापगढ़, 14 फरवरी (एजेंसियां)। प्रतापगढ़ में एक ब्राह्मण भाजपा नेता अशोक त्रिपाठी को हाथी गिफ्ट में मिला है। उसका नाम 'जात्रा सिंह' और उम्र 8 साल है। अरुणाचल प्रदेश से असम, पश्चिम बंगाल और बिहार होते हुए हाथी को प्रतापगढ़ लाया गया। हाथी ने करीब 2 हजार किमी की दूरी तय की और उसे यहां तक लाने में डेढ़ लाख रुपए खर्च हुए।

हाथी भाजपा नेता अशोक त्रिपाठी को उनकी पिता की याद में मां केवल देवी को दिया गया। जब हाथी जात्रा सिंह गांव लाया गया तो 'गणपति बप्पा मोरया' के उद्घोष के साथ उसका स्वागत किया गया। बैंड-बाजे के साथ उसे ट्रक से उतारा गया।



इसके बाद विधि-विधान से स्नान कराया गया। अशोक त्रिपाठी, उनकी मां और अन्य लोगों ने मंदिर परिसर में हाथी का तिलक किया। मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की। प्रसाद का वितरण किया गया। हाथी देखने और पूजने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। हाथी के लिए गांव में बाड़ा भी तैयार कराया गया है। मामला रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के छींटपुर गांव का है।

## वैलेंटाइन-डे पर प्रेमिका की हत्या कर क्रिकेटर ने जान दी

नोएडा, 14 फरवरी (एजेंसियां)। नोएडा में वैलेंटाइन-डे के दिन प्रेमी ने प्रेमिका की कार में हत्या कर दी, फिर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। देखा तो कार अंदर से लॉक थी। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने टाटा अल्ट्रोज कार का शीशा तोड़कर देखा, तो आगे की सीट पर दोनों के शव पड़े थे। दोनों के सिर में गोली लगी थी। युवक के हाथ में पिस्टल थी। बगल में दो खोखे पड़े थे। प्रेमी-प्रेमिका 13 फरवरी से घर से लापता थे। 26 साल की प्रेमिका रेखा नोएडा के सलारपुर की रहने वाली थी, जबकि प्रेमी सुमित (32) दिल्ली के त्रिलोकपुरी का रहने वाला था। वह मंडल स्तर का क्रिकेटर था। बताया जा रहा है कि दोनों का 15 साल से अफेयर चल रहा था। शादी करने वाले थे, लेकिन किसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया।

इसके बाद 13 फरवरी को सुमित ने रेखा को मैसेज भेजा- मैं मरने जा रहा हूं। इसकी जिम्मेदार रेखा है। वह मेरे साथ 15 साल रही। वादा किया था कि मुझसे शादी करेगी, लेकिन अब वह किसी और से शादी करने जा रही। मुझे रेखा ने धोखा दिया है। इसलिए मैं सुसाइड कर रहा हूं। इसके बाद वह कार लेकर घर से लापता हो गया।

लड़की भी घर से गायब हो गई। उसके घरवालों ने शुक्रवार को नोएडा के सेक्टर-58 थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। आज दोपहर डेढ़ बजे दोनों के शव थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में मिले।

## खड़ी ट्रक में घुसी कार, 3 सीआरपीएफ जवान समेत 7 मौतें

धमतरी, 14 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में अलग-अलग सड़क हादसों में 3 सीआरपीएफ जवानों समेत 7 लोगों की जान चली गई। पहली घटना धमतरी जिले की है। जहां बस्तर में तैनात जवान छुट्टी पर घर लौट रहे थे। 14 फरवरी की सुबह सभी एयरपोर्ट की ओर जा रहे थे, तभी उनकी तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़ी ट्रक में जा घुसी। हादसे में 3 जवान और 1 ड्राइवर की मौत हो गई। एक अन्य जवान घायल हुआ है। मामला अर्जुनी थाना क्षेत्र का है। दूसरी घटना बालोद की है। जहां 13 फरवरी की रात घूमने निकले 3 दोस्तों की बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जा घुसी। टोल प्लाजा के पास हुई घटना में सिर फटने से तीनों की मौके पर ही जान चली गई।

## युवक ने पत्नी, मां, बहन पर चापड़ से किया हमला

कोरबा, 14 फरवरी (एजेंसियां)। कोरबा कोतवाली थाना क्षेत्र के सीतामणी वैष्णो दरबार बस्ती में एक घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। यहां एक पति ने अपनी पत्नी, मां और बहन पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में तीनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनमें से पत्नी की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, यह घटना वैष्णो देवी मंदिर के पास स्थित बस्ती में हुई। आरोपी पति रामेश्वर साहू ने घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी सुकृता साहू पर कमरे के अंदर चापड़ से हमला किया। आरोपी ने पत्नी को कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा।

जब पत्नी की चीख-पुकार सुनकर उसकी मां सांवन साहू और बहन निर्मला साहू उसे बचाने पहुंची, तो आरोपी रामेश्वर ने उन पर भी धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस दौरान घर में अफरा-तफरी मच गई।

आसपास के लोगों ने चीख-पुकार सुनकर तुरंत 112 और कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिलाओं को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों के अनुसार, पत्नी सुकृता साहू की स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है।

घायल निर्मला साहू ने बताया कि वह अपनी दुकान पर थी जब उसने चीख-पुकार सुनी। मौके पर पहुंचने पर उसने देखा कि उसका बड़ा भाई रामेश्वर साहू कमरे के अंदर अपनी पत्नी को धारदार हथियार से मार रहा था। दरवाजा न खुलने पर उन्होंने खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया।

## रायपुर से लापता युवती की राजिम में मिली लाश

### 14 दिन पहले बॉयफ्रेंड संग गयी थी, परिजनों ने की थी गुमशुदगी की शिकायत, पुलिस जांच में जुटी

गरियाबंद, 14 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सड़क किनारे नहर के पास एक युवती की सड़ी-गली लाश मिली है। शव से तेज दुर्गंध आने पर ग्रामीणों को संदेह हुआ और पास जाकर देखने पर झाड़ियों के बीच युवती का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। यह मामला राजिम थाना क्षेत्र का है।

राजिम थाना प्रभारी अमृत साहू के अनुसार, घटना श्यामनगर-देवरी मार्ग की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में पिछले दो-तीन दिनों से तेज बदबू आ रही थी।

शनिवार सुबह ग्रामीणों ने जहां से बदबू आ रही थी, वहां जाकर देखा तो नहर किनारे झाड़ियों के पास शव दिखाई दिया। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।



प्रारंभिक जांच में शव की पहचान रायपुर के टिकरापारा निवासी चंचल साहू के रूप में हुई है। युवती 30 जनवरी से लापता थी। रिश्तेदार ने बताया कि युवती 14 दिन पहले अपने बॉयफ्रेंड के साथ घर से भाग गई थी। इसके बाद परिजनों ने टिकरापारा थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

शव की हालत को देखते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस ने अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार किया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। मौके पर एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और युवती के कॉल डिटेल्स सहित अन्य पहलुओं की जांच जारी है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

पुलिस का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी।

## 9 कमरे खंगाले, आधा किलो सोना लेकर भागे चोर

### पूर्व प्रिंसिपल के घर 2 करोड़ की डकैती, सीसीटीवी का डीवीआर भी नहीं छोड़ा, परिजनों से मारपीट

मधुबनी, 14 फरवरी (एजेंसियां)। मधुबनी में शुक्रवार सुबह एक घर से 2 करोड़ की चोरी हुई। नकाब पहने चोरों ने गजहरा गांव निवासी पूर्व प्राचार्य डॉ. दयाकांत झा के घर जमकर उत्पात मचाया और घर के 9 कमरों को खंगाल डाला।

घरवालों का आरोप है कि बदमाशों ने गनपॉइंट पर पूरे परिवार को बंधक बना लिया। घर में घुसते ही हथियार के बल पर सभी को काबू में कर लिया और अलमारी, लॉकर और बक्सों की चाबियां देने को मजबूर किया।

विरोध करने पर मारपीट भी की गई। फिर 5 लाख रुपए नकद, 55 भर (करीब 641.52 ग्राम) सोने के गहने, हीरे के जेवरात और कॉलेज से जुड़े महत्वपूर्ण कागजात लेकर फरार हो गए।

करीब एक घंटे तक घर में उत्पात मचाने के बाद अपराधी आराम से फरार हो गए। घटना के एक दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। इलाके में दहशत का माहौल है और पुलिस जांच में जुटी है।

बताया जा रहा है कि वारदात को अंजाम देने पहुंचे सभी बदमाश अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे। उन्होंने अपने चेहरे नकाब से ढक रखे थे, जिससे उनकी पहचान न हो सके।

लूटपाट के दौरान अपराधियों ने बेहद सुनियोजित तरीके से घर में लगे सीसीटीवी का (डीवीआर)भी साथ ले गए, ताकि उनके खिलाफ कोई सबूत न बच पाए। परिजनों का कहना है कि बदमाश पूरी तैयारी और योजना के साथ पहुंचे थे।

मकान मालिक के भाई अमरीश कुमार ने बताया, "घर से सटी जमीन और कॉलेज को लेकर पड़ोसी से उनका सालों से विवाद चल रहा है। पूर्व में डॉ. झा ने अपनी जानमाल की रक्षा के लिए थाने में लिखित आवेदन भी दिया था।"

ग्रामीणों का कहना है, "गजहरा गांव अपेक्षाकृत शांत इलाका रहा है, लेकिन इस बड़ी लूट ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों ने रात में पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

## आईआईटी कानपुर में मंगेतर से झगड़े के बाद सुसाइड

### वैलेंटाइन डे पर युवती ने फोन काटा, बोली- मरने जा रही

कानपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। आईआईटी कानपुर में शनिवार को युवती का शव फंदे पर लटकता मिला। जूनियर टेक्नीशियन युवती वेलेंटाइन डे पर सुबह अपने मंगेतर से फोन पर बात कर रही थी। तभी किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। युवती ने कहा कि मैं जान देने जा रही। फिर कॉल कट कर दी।

मंगेतर ने अपने एक साथी को जब तक रूम में भेजा तब तक बहुत देर हो चुकी थी। युवती का शव पंखे के सहारे फंदे से लटकता मिला। स्टाफ से सूचना मिलते ही कल्याणपुर पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ जांच करने पहुंची। युवती के परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

झारखंड के जादूगोड़ा की रहने



वाली अंजू कुमारी (26) आईआईटी कानपुर में जूनियर टेक्नीशियन थी। वह यहां तीन साल से कार्यरत थी।

सूचना पर जांच करने पहुंचे एडीसीपी कपिलदेव सिंह ने बताया कि अंजू की शादी उड़ीसा के पावर हाउस में तैनात पंकज से तय थी। दोनों की कुछ दिनों बाद सगाई भी होनी थी। दोनों के बीच कॉल पर बात होने लगी थी। रोज की तरह वैलेंटाइन डे की सुबह भी अंजू अपने मंगेतर पंकज से बात कर रही थी। इस दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। मंगेतर ने चिल्लाकर डांट दिया। इसके बाद अंजू ने कहा- अब वह फांसी लगाकर जान दे देगी और कॉल कट कर दी।

इसके बाद पंकज ने आईआईटी कैंपस में रहने वाले अपने दोस्त सूरज को कॉल की। सूरज कहीं बिजी था तो उसने अपने भाई सुरेश को अंजू के रूम पर भेजा। सुरेश दौड़ते हुए पहुंचा तो रूम का दरवाजा बंद मिला। लगातार दरवाजा खटखटाने के बाद भी कोई रिस्पांस नहीं मिला तो वॉर्डन को जानकारी दी।

## लघु सिंचाई कार्यालय का अकाउंटेंट गिरफ्तार

गुमला, 14 फरवरी (एजेंसियां)। गुमला के लघु सिंचाई कार्यालय में कार्यरत अकाउंटेंट राहुल प्रताप को शनिवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की नौ सदस्यीय टीम ने यह कार्रवाई कार्यालय परिसर स्थित उनके आवास पर की, जहां एक ठेकेदार से रिश्वत लेते हुए उन्हें पकड़ा गया।

गिरफ्तारी के बाद एसीबी टीम ने मौके पर राहुल प्रताप से काफी देर तक पूछताछ की। इसके बाद उन्हें लघु सिंचाई कार्यालय लाया गया, जहां संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच की गई। एसीबी के कार्यालय पहुंचते ही परिसर में अफरातफरी मच गई। कई कर्मचारी कार्यालय से बाहर निकल गए, जबकि कुछ कर्मी स्थिति को लेकर असहज दिखे।

यह भी सामने आया है कि राहुल प्रताप का स्थानांतरण 31 जुलाई 2025 को लोहरदगा कर दिया गया था। हालांकि, उन्हें अब तक कार्यमुक्त नहीं किया गया था। बताया जा रहा है कि कार्यपालक अभियंता द्वारा विरमित न किए जाने के कारण वे अब भी कार्यालय से जुड़े कार्यों का निष्पादन कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार, शहर के एसएस बालिका विद्यालय, गुमला में संचालित एक योजना के भुगतान से संबंधित चेक काटने के एवज में राहुल प्रताप ने रिश्वत की मांग की थी। इससे परेशान होकर संबंधित ठेकेदार ने एसीबी से संपर्क कर लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।



# एलन मस्क ने सबसे ज्यादा कमाया

## गंवाने में लैरी एलिसन नंबर 1, क्या है अंबानी-अडानी का हाल?



नई दिल्ली,14 फरवरी (एजेंसियां)। इस साल दुनिया के टॉप रईसों की नेटवर्थ में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक दुनिया के टॉप 10 रईसों में से केवल 4 की नेटवर्थ में इस साल तेजी आई है।

दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में इस साल सबसे ज्यादा 57.2 अरब डॉलर की तेजी आई है। उनकी नेटवर्थ 677 अरब डॉलर पहुंच चुकी है। मस्क के अलावा जिम वॉल्टन,रॉब वॉल्टन और एलिस वॉल्टन की नेटवर्थ में तेजी आई है।

दूसरी ओर लैरी पेज, सर्गेई ब्रिन, मार्क जकरबर्ग, जेफ बेजोस, लैरी एलिसन और बर्नार्ड आरनॉल्ट की नेटवर्थ में गिरावट आई है। गूगल के को-फाउंडर लैरी पेज की नेटवर्थ में इस साल 5.54 अरब डॉलर की गिरावट आई है। वह 263 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं।

उनके जोड़ीदार सर्गेइ ब्रिन ने इस साल 5.08 अरब डॉलर की नेटवर्थ गंवाई है।

वह 245 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया में तीसरे नंबर पर हैं। फेसबुक के फाउंडर मार्क जकरबर्ग की नेटवर्थ इस साल 6.86 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 226 अरब डॉलर रह गई है।

**अंबानी-अडानी का हाल**

भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में इस साल 11.3 अरब डॉलर की गिरावट आई है।

देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन 96.4 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 18वें नंबर पर हैं।

अडानी ग्रुप की चेयरमैन गौतम अडानी 81.7 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में 21वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 2.8 अरब डॉलर की गिरावट आई है।

# दुनिया के सबसे बड़े बाजार पर भारत का कब्जा!

## पीयूष गोयल का दावा- यूएस और ईयू डील से खुलेगा यूएसडी 60 ट्रिलियन की कमाई का रास्ता

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने कहा कि भारत ने अमेरिका के साथ अपने व्यापार समझौते में किसानों और 95 फीसदी से अधिक कृषि उत्पादों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका और यूरोपीय यूनियन मिलकर निर्यातकों के लिए लगभग 55-60 ट्रिलियन डॉलर का बाजार खोलते हैं। ग्लोबल बिजनेस समिट में बोलते हुए मंत्री ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) द्वारा जॉब के डिस्प्लेस होने की आशंकाओं को दूर करने का भी प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि एआई मनुष्यों का स्थान नहीं लेगा, यह केवल काम के स्वरूप को बदलेगा, और हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। गोयल ने विभिन्न रिफॉर्म और कई एफटीए का हवाला देते हुए कहा कि देश आज तेजी से प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिशन मोड में रिफॉर्म को आगे बढ़ाया है। भारत ने पिछले कुछ महीनों में न्यूजीलैंड, ब्रिटेन, ओमान और यूरोपीय यूनियन के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिया है और अमेरिका के साथ एक अंतरिम ट्रेड फ्रेमवर्क को भी अंतिम रूप दिया है। गोयल ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि आज भारत की वैश्विक भागीदारी मजबूती और आत्मविश्वास से भरी हुई है। उन्होंने कहा कि हमने पहले कभी ऐसा समय नहीं देखा जब भारत ने विकसित देशों के साथ बातचीत की और अपनी शर्तें मनवाईं। हमने ऐसे समझौते किए जो देश के लिए, समाज के सभी वर्गों के लिए लाभकारी थे।



हमने अभूतपूर्व नई पहल की हैं।उन्होंने यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ भारत के व्यापार समझौते का उदाहरण दिया, जिसमें चार देशों – स्विट्जरलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और आइसलैंड – ने भारत में 100 अरब डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रतिबद्धता दी, इस शर्त के साथ कि यदि वे निर्धारित समय सीमा में यह राशि निवेश नहीं करते हैं, तो भारत समझौते के तहत दी गई रियायतों को वापस ले सकता है। गोयल ने कहा कि यह दुनिया के लिए एक अभूतपूर्व घटना है। दुनिया ने ऐसा पहले कभी नहीं देखा।

गोयल ने हर समझौते में संतुलन बनाए रखने और निष्पक्ष एवं न्यायसंगत होने पर जोर दिया ताकि दोनों पक्षों को लाभ हो। उन्होंने कहा कि आज जब हम दुनिया के साथ बातचीत करते हैं, तो हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हम उनकी संवेदनशीलता का सम्मान करें और वे हमारी संवेदनशीलता का सम्मान करें। इसलिए, जब हमने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ समझौता किया, तो यह स्पष्ट था कि हमें अपने किसानों की रक्षा करनी होगी।

# बाजार में प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के लिए क्या है सेबी की तैयारी?

## तुहिन पांडे बोले अनुपालन का बोझ करना होगा कम

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। सेबी और राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान ने आईआईएम मुंबई, महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, मुंबई और एनएसई के सहयोग से प्रतिभूति बाजार के छठे वार्षिक अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन 2026 का आयोजन किया। यहां सेबी चैयरमैन तुहिन कांत पांडे ने संवाददातओं को जानकारी देते हुए बताया कि, अनुपालन की ऊंची लागत देश की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त में बाधा डाल सकती है। इसलिए हमारे सभी उपायों की दक्षता, लागत दक्षता महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अगर आपकों प्रतिस्पर्धात्मकता का निर्माण करना है, तो नियमों के अनुपालन का बोझ कम करना होगा, नहीं तो इसकी गति कम हो जाती है। इसलिए नियामक भारतीय प्रतिभूति बाजार की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए अनुपालन के बोझ और विनियामक लागत को कम करने पर ध्यान दे रहा है। पांडे ने कहा इन कोशिशों से देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कितनी बढ़ोतरी होगी, इसका अनुमान लगाना संभव नहीं है। लेकिन पूंजी की लागत को कम करना हमारी प्राथमिकता बना हुआ है। उन्होंने बताया बाजार नियामक वर्तमान में विनियामक प्रभाव आकलन के लिए एक



ढांचा तैयार कर रहा है। इसका संकेत केंद्रीय बजट में भी दिया गया है। सरकार की इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए सेबी एक नियामक अध्ययन केंद्र शुरू कर रहा है। सेबी अध्यक्ष ने बताया कि यह एक उच्च स्तरीय केंद्र होगा जो लगातार काम करेगा और रिसर्च में सहायता करेगा। इस पहल से नीति निर्माण संस्थाओं और अनुसंधानों को यह समझने में मदद होगी कि नियमन बाजार को कैसे प्रभावित करते हैं, क्योंकि नियमों पर सदैव एक अंतर्निहित खर्च होता है। उन्होंने कहा कि इन सभी विषयों पर एक वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद स्तर पर चर्चा होती है। उन्होंने इस पर जानकारी देते हुए बताया कि, मुझे लगता है यह पूरी एक प्रक्रिया है और विकास परिषद के जरिए अंतर नियामक निकायों का समन्वय स्थापित किया जाता है। साथ ही डेटा एकत्र करना, अनुसंधान को बढ़ावा देने और पहुंच में सुधार लाने व इसकी लागत को कम करने के तरिकों पर विचार किया जा रहा है।

# 5,000 फ्लाइट्स कैंसिल होने के बाद जागी इंडिगो! 1,000 पायलटों की करेगी भर्ती

नई दिल्ली,14 फरवरी (एजेंसियां)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो 1,000 से अधिक पायलटों की भर्ती करने की तैयारी में है। यह भारत के एविएशन इतिहास में सबसे बड़ी भर्तियों में से एक है।



दिसबंर में इंडिगों को सात दिन में 5,000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल करने पड़ी थी। पायलटों के लिए नए रेस्ट रूल्स लागू होने के बाद कंपनी के पास क्रू की कमी हो गई थी। कंपनी ट्रेनी फर्स्ट ऑफिसर्स, सीनियर फर्स्ट ऑफिसर्स और कैप्टंस की भर्ती करेगी। कंपनी ऐसे पायलटों की भर्ती के लिए भी तैयार है जिनके पास एयरबस ए320 एयरक्राफ्ट उड़ाने का अनुभव नहीं है। कंपनी के बेड़े में ज्यादातर यही विमान हैं। एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए की एक जांच के मुताबिक इंडिगो ने नए नियमों का पालन करने के लिए पायलटों की पर्याप्त भर्ती नहीं की और न ही ट्रेनिंग की गति तेज की। इससे पायलटों पर काम का बोझ बढ़ गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एयरलाइन तेजी से अपने बेड़े का विस्तार कर रही है और उसी के मुताबिक पायलटों की भर्ती कर रही है। साथ ही कंपनी हर महीने 20 से 25 फर्स्ट ऑफिसर्स को कैप्टन में अपग्रेड करने के लिए इंटरनल ट्रेनिंग प्रोग्राम चला रही है। इंडिगो हर महीने करीब चार नए एयरक्राफ्ट अपने बेड़े में जोड़ रही है।

**क्या कहते हैं नियम?**

पायलटों की संख्या बढ़ाने के लिए एयरलाइन कंपनियों के लिए लगातार ट्रेनिंग प्रोसेस चलानी पड़ती है। ट्रेनी फर्स्ट ऑफिसर को फर्स्ट ऑफिसर बनने के लिए छह महीने तक ट्रेनिंग करनी पड़ती है। कम से कम 1,500 घंटे उड़ान का अनुभव रखने वाले फर्स्ट ऑफिसर को ही कैप्टन के रूप में अपग्रेड किया जा सकता है। किसी एयरलाइन में यह लिमिट और ज्यादा हो सकती है। डीजीसीए के नियमों के मुताबिक हर एयरक्राफ्ट के लिए एयरलाइन कंपनियों के पास पायलट्स के तीन सेट होने चाहिए। इनमें एक कैप्टन और एक फर्स्ट ऑफिसर शामिल है। लेकिन इंडिगो के लिए यह जरूरत दोगुना से भी ज्यादा हो जाती है क्योंकि कंपनी अपने एयरक्राफ्ट का बहुत ज्यादा इस्तेमाल करती है। डीजीसीए की दिसंबर की एक जांच के मुताबिक इंडिगो को 2,422 कैप्टंस की जरूरत थी जबकि उसके पास केवल 2,357 कैप्टन थे। इसके बाद डीजीसीए ने इंडिगो को 10 फरवरी तक नियमों में कुछ छूट दी थी।

# ऐमजॉन ने 9 दिन में खो दिया एक 'पाकिस्तान'

## 20 साल में पहली बार कंपनी के साथ हो गया खेला




नई दिल्ली,14 फरवरी (एजेंसियां)। दुनिया की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी ऐमजॉन के शेयरों में शुक्रवार को लगातार नौवें दिन गिरावट रही। साल 2006 के बाद कंपनी के शेयरों में गिरावट का सबसे लंबा सिलसिला है। इस दौरान कंपनी के मार्केट कैप में 470 अरब डॉलर की भारी गिरावट आई है जो पाकिस्तान की जीडीपी से ज्यादा है। पाकिस्तान की जीडीपी इस साल 410 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। इस गिरावट के साथ ही ऐमजॉन का मार्केट कैप 2.133 ट्रिलियन डॉलर रह गई है। ऐमजॉन के शेयरों में गिरावट से कंपनी के फाउंडर जेफ बेजोस की नेटवर्थ में भी काफी गिरावट आई है। बेजोस की कंपनी में 9 फीसदी के करीब हिस्सेदारी है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक बेजोस की नेटवर्थ मे इस साल 27.8 अरब डॉलर की गिरावट आई है। वह 225 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 5वें नंबर पर हैं। इस साल केवल दो रईसों लैरी एलिसन (34.8 अरब डॉलर) और बर्नार्ड आरनॉल्ट (34.2 अरब डॉलर) ने बेजोस से ज्यादा नेटवर्थ गंवाई है।

**टॉप 10 वैल्यूएबल कंपनियां**

ऐमजॉन भी दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनियों की लिस्ट में पांचवें नंबर पर है। इस लिस्ट में एआई चिप्स बनाने वाली कंपनी 4.450 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ पहले नंबर पर है। आईफोन बनाने वाली ऐपल 3.759 ट्रिलियन डॉलर के साथ दूसरे, गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट 3.701 ट्रिलियन डॉलर के साथ तीसरे और माइक्रोसॉफ्ट 2.982 ट्रिलियन डॉलर के साथ चौथे नंबर पर है। ताइवान की टीएसएमसी, सऊदी अरामको, मेटा प्लेटफॉर्म्स, टेस्ला और ब्रॉडकॉम को भी टॉप 10 में जगह मिली है।

# रेलवे में रिफॉर्म एक्सप्रेस : पहली बार जनरल डिब्बों की लाइव क्लीनिंग, फर्स्ट क्लास की तर्ज पर साफ-सफाई

नई दिल्ली,14 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे में बड़ा बदलाव आने वाला है। रेलवे में 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' की लहर चल पड़ी है। नई पहल के तहत 52 तरह के सुधार किए जाएंगे। इसका मकसद यात्रियों को बेहतर सुविधा देना है। इस पहल में सभी कोचों की सफाई पर खास ध्यान दिया जाएगा। अगर सफाई नहीं हुई तो संबंधित कंपनी पर कार्रवाई होगी। पहली बार जनरल कोच की लाइव क्लीनिंग भी होगी। शुरुआत में 80 ट्रेनों से यह सुविधा शुरू हो रही है। साथ ही, गतिशक्ति कार्गो पर भी फोकस



किया जाएगा। इसमें 124 मल्टी-मॉडल कार्गो शामिल हैं। जनरल कोचों की सफाई फर्स्ट क्लास की तर्ज पर की जाएगी। रेल मंत्री अश्वनिी वैष्णव ने यह जानकारी दी। इस 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' के तहत भारतीय रेलवे में कुल 52 सुधार लागू किए जाएंगे। इन सुधारों का मुख्य उद्देश्य यात्रियों के सफर को आरामदायक और स्वच्छ बनाना है। अब हर ट्रेन के सभी कोचों की सफाई का खास ख्याल रखा जाएगा। अगर किसी कंपनी ने सफाई का काम ठीक से नहीं किया तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एक और खास बात यह है कि पहली बार जनरल कोचों की सफाई को लाइव दिखाया जाएगा। इससे पारदर्शिता बनी रहेगी और यात्रियों को भी पता चलेगा कि सफाई कैसी हो रही है। अभी यह सुविधा 80 ट्रेनों से शुरू की जा रही है। धीरे-धीरे इसे सभी ट्रेनों में लागू किया जाएगा। इसके अलावा, रेलवे गतिशक्ति कार्गो पर भी जोर दे रहा है। इसके तहत 124 मल्टी-मॉडल कार्गो की सुविधा दी जाएगी। इसका मतलब है कि सामान को अलग-अलग तरीकों से, जैसे ट्रेन और सड़क, दोनों का इस्तेमाल करके पहुंचाया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए जनरल कोचों की सफाई भी अब फर्स्ट क्लास कोचों की तरह ही की जाएगी। इससे आम यात्रियों को भी बेहतर अनुभव मिलेगा।

# अध्यक्ष जस्टिस रामलिंगम सुधाकर का चार साल का कार्यकाल पूरा, ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन ने दी विदाई




नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष जस्टिस रामलिंगम सुधाकर रिटायर हो चुके हैं। उनकी सेवानिवृत्ति के मौके पर एनसीएलटी की तरफ से एक रिपोर्ट जारी की गई। इस रिपोर्ट में एनसीएलटी प्रेसिडेंट जस्टिस रामलिंगम के कार्यकाल में किए गए काम और उल्लेखनीय बदलावों पर विस्तार से चर्चा की गई है। रिटायर्ड एनसीएलटी प्रमुख जस्टिस रामालिंगम ने अपनी सेवानिवृत्ति के मौके पर आयोजित समारोह के लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस संस्था में अध्यक्ष पद पर रहते हुए उन्हें कई अहम कार्यों को करने का अवसर मिला। वे संतोष के साथ इस सांविधानिक दायित्व से मुक्त हो रहे हैं।

**चार साल की सेवा पर रिपोर्ट जारी**

नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने जस्टिस रामलिंगम सुधाकर के चार वर्षों के कार्यकाल में किए गए काम पर जारी रिपोर्ट में बताया है कि कैसे गत 48 महीने की अवधि में संस्था में अहम बदलाव किए गए। ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित विदाई समारोह में जस्टिस सुधाकर ने अपने कार्यकाल का 'रिपोर्ट कार्ड' पेश किया, जो दिवालिया कानून यानी आईबीसी के तहत मामलों को निपटाने की रफ्तार में आए ऐतिहासिक बदलाव के बारे में बताता है।

**एनसीएलटी की दक्षता में हुआ जबरदस्त सुधार**

जस्टिस सुधाकर द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले चार वर्षों में एनसीएलटी की दक्षता में जबरदस्त सुधार हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 में आईबीसी मामलों का निपटान प्रतिशत बढ़कर 59.02% हो गया है, जो 2021-22 में महज 26.94% था। 31 दिसंबर 2025 तक कुल 47,898 टीआईबीसी मामलों का निपटारा किया जा चुका है, जो कुल दायर मामलों का 87.3% है।

**कुल 19.75 लाख करोड़ रुपये के मामलों का समाधान**

रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि दिवालिया प्रक्रिया के जरिए बड़ी मात्रा में फंसी हुई पूंजी को मुक्त कराया गया है। 31 दिसंबर 2025 तक कुल 19.75 लाख करोड़ रुपये के मामलों का समाधान किया गया है। मार्च 2021 से दिसंबर 2025 के बीच स्वीकृत रेजोल्यूशन प्लान की संख्या में 312% की बढ़ोतरी हुई है। अब तक कुल 1,501 रेजोल्यूशन प्लान को मंजूरी दी जा चुकी है, जिसके जरिए 4.52 लाख करोड़ रुपये की राशि को अप्रूव किया गया है।

# टेक वर्ल्ड का नया 'जी-15'! जियो की अगुआई में बना ग्लोबल अलायंस, भारत तय करेगा तकनीक की दुनिया के नियम

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। अफ्रीका, एशिया, यूरोप और नॉर्थ अमेरिका की 15 अग्रणी कंपनियों ने ट्रस्टेड टेक अलायंस के गठन की घोषणा की है। यह समान सोच वाले ग्लोबल टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर्स का एक समूह है। जो कनेक्टिविटी, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, सेमीकंडक्टर, सॉफ्टवेयर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक फैले टेक्नोलॉजी स्टैक के लिए भरोसेमंद और सत्यापित मानक विकसित करने के लिए साथ आए हैं। एलायंस में भारत की ओर से जियो प्लेटफॉर्म्स शामिल है। जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के दौरान इस एलायंस का ऐलान किया गया। एलायंस के फाउंडर मेंबर्स में अमेजन, वेब सर्विसेज, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल क्लाउड, एरिक्सन, नोकिया, एसएपी और एनटीटी जैसी कुल 15 वैश्विक टेक कंपनियां शामिल हैं। एलायंस ने संकेत दिया है कि आगे और कंपनियों को इससे जोड़ा जाएगा तथा नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर तकनीकी संप्रभुता, प्रतिस्पर्धात्मकता और लचीले डिजिटल ढांचे को मजबूत करने की दिशा में काम जारी रहेगा। लॉन्च के मौके पर जियो प्लेटफॉर्म्स के सीईओ किरण थॉमस ने कहा कि ग्लोबल लेवल पर डिजिटल विकास को गति देने के लिए भरोसेमंद, सुरक्षित और पारदर्शी टेक्नोलॉजी जरूरी है। जियो प्लेटफॉर्म्स को टेक्नोलॉजी स्टैक में साझा मानक और सत्यापित किए जा सकने वाले तौर-तरीकों को आगे बढ़ाने के लिए ट्रस्टेड टेक एलायंस में शामिल होने पर गर्व है। हम इस पहल के जरिए वैश्विक साझेदारों के साथ मिलकर अगली पीढ़ी की कनेक्टिविटी, क्लाउड और एआई प्रणालियों में दीर्घकालिक भरोसा कायम करना चाहते हैं। माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयर और प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ ने कहा कि मौजूदा वैश्विक माहौल में समान सोच वाली कंपनियों का साथ आना जरूरी है, ताकि सीमाओं के पार तकनीक में भरोसा और उच्च मानक कायम रह सकें। वहीं एरिक्सन के सीईओ बोर्ये एकहोम ने कहा कि कोई एक कंपनी या देश अकेले सुरक्षित और भरोसेमंद डिजिटल ढांचा नहीं बना सकता, इसके लिए वैश्विक सहयोग अनिवार्य है।एलायंस के तहत सदस्य कंपनियों ने पांच प्रमुख सिद्धांतों पर सहमति जताई है। इनमें पारदर्शी कॉरपोरेट गवर्नेंस और नैतिक आचरण, सुरक्षित विकास प्रक्रिया और स्वतंत्र मूल्यांकन, मजबूत सप्लाई चेन व सुरक्षा निगरानी, खुला व सहयोगी तथा लचीला डिजिटल इकोसिस्टम को बढ़ावा देना और कानून के शासन के साथ डेटा सुरक्षा का सम्मान शामिल है। इन सिद्धांतों के माध्यम से कंपनियां यह सुनिश्चित करेंगी कि तकनीक सुरक्षित, विश्वसनीय और जिम्मेदारी के साथ संचालित हो, चाहे उसका विकास या उपयोग कहीं भी हो।

# दैनिक पंचांग

### गृह गोचर




| गृह स्थिति | | | लग्नारम्भ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सुर्य | कुंभ | मे | कुंभ.... | 05-38 बजे |
| चंद्र | धनु | मे | मीन.... | 06-38 बजे |
| मंगल | मकर | मे | मेष..... | 08-17 बजे |
| बुध | कुंभ | मे | वृष.... | 09-53 बजे |
| गुरु | मिथुन | मे | मिथुन.. | 11-37 बजे |
| शुक्र | कुंभ | मे | कर्क... | 13-37 बजे |
| शनि | मीन | मे | सिंह--- | 15-50 बजे |
| राहु | कुंभ | मे | कन्या-- | 18-02 बजे |
| केतु | सिंह | मे | तुला---- | 20-09 बजे |
| | | | वृश्चिक.. | 22-14 बजे |
| | | | धनु..... | 00-24 बजे |
| | | | मकर.... | 02-37 बजे |

श्री सिद्धार्थी (विश्वावसु) नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे ,ऋतु- शिशिर
महावीर निर्वाण संवत् -2551 सूर्योदय 06-47 सूर्यास्त. 18 -12
कलियुग अवधि - 432000
भोग्य कलि वर्ष. - 426874
कलियुग संवत् - 5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् - 1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् - 1955885126
दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
मास - फाल्गुन कृष्ण पक्ष रविवार 15 February 2026
तिथि - त्रयोदशी 17-05 तक उपरान्त चतुर्दशी
नक्षत्र - उत्तराषाढ़ा 19-48 तक उप श्रवण
योग - व्यतिपात 02-46 रात तक उप. वरियान
करण - वणिज 17-05 तक विष्टी ( भद्रा)
महाशिवरात्रि व्रत
सर्वार्थ सिद्धि योग 07-17 से

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल 16-50 से 18-17 तक**

**पं.महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| उत्पात06-47 - 08-11 अशुभ | शुभ। 17-39 - 19-50 शुभ |
| चंचल 08-11 - 09-37 शुभ | अमृत 19-50 - 21-23 शुभ |
| लाभ 09-37 - 11-04 शुभ | चंचल 21-23 - 22-57 शुभ |
| अमृत 11-04 - 12-30 शुभ | रोग 22-57 - 00-30 अशुभ |
| काल 12-30 - 13-57 अशुभ | काल 00-30 - 02-04 अशुभ |
| शुभ 13-57 - 15-24 शुभ | लाभ 02-04 - 03-37 शुभ |
| रोग 15-24 - 16-50 अशुभ | उत्पात03-37 - 05-10 अशुभ |
| उत्पात16-50 - 18-12 अशुभ | शुभ 05-10 - 06-19- शुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,) — आज आपको अपने दृष्टिकोण को सांसारिक वास्तविकता के साथ संतुलित करने की जरुरत को समझने और इस कला में पारंगत होने की आवशयकता महसूस होगी ।आपकी योजनायें महत्वाकांक्षी हैं,लेकिन आपको इसके लिए वास्तविक समस्याओं को समझना होगा नही तो आप अपने अच्छे इरादे के बावजूद टकराव महसूस करेंगे ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,) — आपके सामने इन दिनों कुछ नई चीजें आई हैं। अपने सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें । पूछे गये प्रश्नों का जवाब दें । आपको अभी और भी प्रयास करने हैं और इससे आपकी तरक्की की मजबूत नींव पड़ेगी । इन सबके बीच खुद को तरोताजा करना और खुश रखना न भूलें ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,) — आज आप खुद को उलझन में फंसा हुआ महसूस करेंगे । अपना भला चाहने वाले लोगों से उन चीजों के बारे में भी खुलकर बात करें,जो आपको परेशान कर रही हैं । अनिश्चितत्ता के बादल एक सप्ताह में छंट जायेंगे । किसी परिजन या अन्तरंग दोस्त का साथ मिलेगा ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,) — आपका कोई करीबी शायद आपके कारण भावनात्मक उथल-पुथल के दायरे में है । आप एकदम से निष्कर्ष पर पहुच जाते हैं और इस बार भी आपने सही से समझे बिना ही इस व्यक्ति पर वफादार न होने का आरोप लगा दिया है । आपके लिए अच्छा यही होगा कि आप पहले शांति से बैठकर सही समय तक का इन्तजार करें और अच्छे से सोच लें ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,) — आप आसानी से आगे होने वाली बातों का अनुमान लगा लेते हैं । आपकी संचार क्षमता भी प्रभावशाली और नजरिया खुला है,इसीलिए जो आप चाहते हैं उसके लिए बहुत मेहनत करें । हमेशा गलतियाँ ढूँढने की फिराक में रहने वाले आक्रामक लोगों के साथ उलझने से बचें ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — वित्तीय लाभ की सूचना से आपको और आपके परिजनों को ख़ुशी होगी । इससे ये भावना आएगी कि सब अच्छा हो रहा है । आप खुशमिजाज और आकर्षक हैं,नए लोगों से मिलें । इससे आपको नए अवसर मिलेंगे जो अंतत आपके लिए फायदे का सौदा साबित होंगे । आप परिवार या घर की बनावट में कोई बदलाव लाने के बारे में सोच सकते हैं ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,) — एकरसता आपको अच्छी न लगती । इससे आप बोर अनुभव करते हैं ।आज आप काफी खुश और फ्लर्ट वाले मूड में होंगे ।अपनी दिनचर्या बदलें । इसमें फिटनेस को जगह दें । किसी मनोरंजक गतिविधि में शामिल हो सकते हैं । आपके नए विचार से वरिष्ठ अधिकारी प्रभावित होंगें ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,) — आप आज आत्मविश्वास से भरे रहेंगे और किसी अधूरे पड़े काम को हाथ में लेंगे । समस्याएं आएँगी लेकिन आपका रास्ता नही रोक पाएंगी । कोई अच्छा दोस्त आपका साथ देगा । कार्यस्थल पर मिलने वाले एक महत्वपूरण सम्बन्ध की सहायता से नया मौका मिलेगा । अतीत के फेर से निकलकर आगे की सोचें ।


**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे) — आज अपमनी दार्शनिकताओं तथा विचारों को किसी के साथ बाँट लेने का मौका देखें ,आपकी मुलाकात एक बेहतरीन व्यक्ति से हो सकती है । इससे एक ख़ूबसूरत दोस्ती या अच्छी साझेदारी भी जन्म ले सकती है । थोड़े से ध्यान से देखने से,आप अपने आसपास से बहुत सारी चीजें सीख पायेंगेऔर यह ज्ञान आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगा ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी) — आज का दिन आपकी वित्तीय स्थिति एवं करियर में तरक्की का दिन है ,लेकिन इन सबके लालच में अपने परिवार की उपेक्षा ना करें । दरअसल आज आप अपने भीतर आध्यात्मिकता का भी अनुभव करेंगे । इन दोनों शक्तियों के बीच उलझा हुआ अनुभव भी करेंगे लेकिन अंतत दोनों में संतुलन बना पाने में कामयाब होंगे।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,) — आपकी निजी और कामकाजी जिन्दगी में कुछ बदलाव आने वाले हैं जिनसे आप असुरक्षित और चिंतित महसूस करेंगे । लेकिन इसे अपने ऊपर हावी ना होने दें और संतुलन बनाये रखें । कोई आपसे बदला लेने की कोशिश में है,इससे स्थिति और भी खराब हो सकती है ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची) — आपको कोई अप्रत्याशित खुशखबरी मिलेगी । यह आपके करियर या निजी जीवन से जुडी हो सकती है लेकिन इससे आपको वित्तीय लाभ भी होंगें । इससे आपको भविष्य में भी इसी प्रकार के लाभ उठाने का रास्ता दिखाई देगा । आप आज बहुत अच्छे मूड में हैं और आपकी आशावादिता और खुशमिजाजी से सभी प्रभावित होंगे । दोस्तों और परिवार के साथ आनंद लें ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**



# ट्रेलर में घुसी तेज रफ्तार कार, खाटूश्यामजी जा रहे एमपी के 5 लोगों की मौत





जयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। शनिवार की सुबह जब पूरा शहर नींद के आगोश में था, तब मध्य प्रदेश से बाबा खाटूश्यामजी के दरबार में हाजिरी लगाने आ रहे पांच श्रद्धालुओं के लिए हाईवे काल बन गया। जयपुर के चाकसू क्षेत्र में नेशनल हाईवे-52 पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक महिला सहित पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोगों को चीखने तक का मौका नहीं मिला।

हादसा सुबह करीब 5:30 बजे कोटा-जयपुर नेशनल हाईवे पर टिगरिया मोड़ के पास हुआ। मध्य प्रदेश के जबलपुर से आए ये श्रद्धालु कार में सवार होकर जयपुर की ओर बढ़ रहे थे। शुरुआती जांच में सामने आया है कि लंबी यात्रा के कारण संभवतः चालक को नींद की झपकी आ गई। रफ्तार इतनी तेज थी कि बेकाबू कार आगे चल रहे बजरी से भरे एक ट्रेलर के पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा ट्रेलर के नीचे दबकर पूरी तरह पिचक गया। राहगीरों की सूचना पर चाकसू थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे में एक महिला सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक युवक ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

मृतकों की पहचान जबलपुर (एमपी) निवासी रेशमा श्रीवास्तव, पीयूष राय, रजक राहुल और ड्राइवर अनुराग के रूप में हुई है। पांचवें मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। इन सभी की आंखों में बाबा श्याम के दर्शन की अभिलाषा थी, लेकिन मंजिल से पहले ही मौत ने अपना जाल बिछा दिया। पुलिस ने सभी शवों को चाकसू के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर परिजनों को सूचना दे दी है।

हादसे के बाद ट्रेलर में भरी बजरी सड़क पर बिखर गई, जिससे नेशनल हाईवे-52 पर वाहनों की रफ्तार थम गई। हादसे और बिखरी बजरी के कारण करीब 2 घंटे तक हाईवे पर लंबा जाम लगा रहा। चाकसू थानाधिकारी मनोहर लाल मेघवाल ने बताया कि क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर और बजरी साफ करवाकर यातायात सुचारू करवाया गया।

## पीडब्ल्यूडी कैंपस में 4 ड्राइवरों ने की थी शराब-नॉनवेज पार्टी

**नौकरी से निकाले गए, नई टैक्सी खरीदने पर परिचित ने दी थी पार्टी**

अजमेर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। अजमेर में पीडब्ल्यूडी ऑफिस के कैंपस में शराब और नॉन-वेज खाने की पार्टी करने वाले चार ड्राइवरों को नौकरी से निकाल दिया गया है। यह कार्रवाई सुपरिटेंडेंट इंजीनियर अशोक तंवर ने की है। जांच में ड्राइवर दोषी पाए गए है। 7 दिन पहले सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यालय के कैंपस में अधिकारियों के ड्राइवर का नॉनवेज और शराब पार्टी का वीडियो सामने आया था। इसी मामले में अधीक्षण अभियंता की ओर से मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच के आदेश दिए थे। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता अशोक तंवर ने बताया- कैंपस में शराब और नॉनवेज पार्टी का वीडियो सामने आया था। वीडियो की जांच करवाई गई। चार ड्राइवर दोषी पाए गए।

# राजस्थान के 64% हेल्थ केयर सेंटर्स पर एम्बुलेंस ही नहीं

## 2% सेंटरों का स्टाफ गायब मिला, हेल्थ डिपार्टमेंट ने 560 सेंटरों पर किया सर्वे




जयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में निचले स्तर पर बने हेल्थ इंस्टीट्यूशन में स्थिति विकट है। इन सेंटर्स पर न तो पर्याप्त फेकल्टी है और न ही पर्याप्त मात्रा में दवाईयां। हाल ही में हेल्थ डिपार्टमेंट की टीमों ने इन सेंटर्स का रैंडम सर्वे किया तो इसमें चौकाने वाला खुलासा हुआ। इन सेंटर्स में से 64 फीसदी पर तो एम्बुलेंस ही नहीं है। वहीं स्वच्छता के मामले में भी 9 फीसदी की स्थिति खराब मिली है। यह सर्वे जोनल ज्वाइंट डायरेक्टर, सीएमएचओ, डिप्टी सीएमएचओ, पीएमओ, ब्लॉक सीएमएचओ और मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज समेत 500 से ज्यादा सदस्यों की टीम ने किया। जांच के दायरे में 321 सब सेंटर, 161 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 56 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 1 सैटेलाइट हॉस्पिटल, 17 उप-जिला हॉस्पिटल और 3 जिला हॉस्पिटल शामिल थे।

मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट के सूत्रों के मुताबिक 560 सेंटर्स पर ये रैंडम सर्वे करवाया। इसमें से जब टीम के सदस्यों ने 239 सेंटरों पर सर्वे करके एम्बुलेंस की उपलब्धता जानी तो पता चला केवल 36 फीसदी (85 सेंटर्स) पर ही एम्बुलेंस हैं। जबकि 154 सेंटर पर एम्बुलेंस ही नहीं है। इस स्थिति में अगर कोई गंभीर मरीज यहां प्राथमिक उपचार के लिए आता है तो उसे रैफर करने की सुविधा तक नहीं है। भले ही सरकार प्रदेश के हर हाइवे के रेस्ट एरिया में एम्बुलेंस तैनात करने की घोषणा कर रही हो, लेकिन पहले सरकार को इन सेंटरों की स्थिति में भी सुधार करने की जरूरत है।

जिन 85 सेंटर पर टीमों को एंबुलेंस मिली उनमें से 4 फीसदी यानी 3 तो काम की ही नहीं थी। उनमें मरीज को लाना या ले-जाने की सुविधा नहीं है। केवल 82 ही एंबुलेंस ही उस स्थिति में मिली जिसे मरीजों की सुविधा के लिए उपयोग किया जा सकता है।

सर्वे टीम ने 560 केंद्रों की सुबह 9 बजे जांच की, तो 2 प्रतिशत केंद्र बंद पड़े मिले। न डॉक्टर, न पैरामेडिकल स्टाफ, कुछ भी नहीं।

# स्टूडेंट को कम हाइट पर चिढ़ाते थे बच्चे

## परेशान होकर तालाब में लगा दी छलांग

अजमेर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। अजमेर में सरकारी स्कूल की 9th क्लास की स्टूडेंट ने तालाब में कूदकर सुसाइड की कोशिश की। बच्ची कम हाइट के कारण उसे दिए जाते तानों से परेशान थी। समय रहते एक युवक ने छलांग लगाकर उसकी जान बचा ली। घटना शुक्रवार शाम नसीराबाद सिटी थाना इलाके की है।

परिजन और नसीराबाद सिटी थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि 14 साल की बच्ची को उसकी क्लास में पढ़ने वाले स्टूडेंट कम हाइट के कारण चिढ़ाते थे। बार-बार ऐसे कमेंट से उसके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाई गई। इस कारण वो तनाव में थी।

ऐसे में फ्रामजी चौक स्थित लाल डिग्गी में जाकर छलांग लगा दी। वहां से गुजर रहे लोगों ने उसे कूदते हुए देखा। तब एक युवक ने समय रहते पानी में कूदकर बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला। युवक की सूचना पर पुलिस भी पहुंची। बच्ची के आईडी कार्ड से उसकी पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई।

थाना प्रभारी ने बताया- बच्ची को हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई है। बच्ची को पहले कभी ऐसी परेशानी का सामना करने की बात से परिजनों ने मना किया है। शिकायत नहीं दी है।

# फर्जीवाड़ा करने वाले 7 डॉक्टर सस्पेंड

**प्राइवेट सेंटर को फायदा पहुंचाने के लिए की गड़बड़ी; बिना जरूरत जांचें की गई**

जयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान गर्वमेंट हेल्थ स्कीम में फर्जीवाड़ा करने और सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के मामले में 7 डॉक्टर्स को सस्पेंड किया है। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को परियोजना निदेशक की अनुशंसा पर इन डॉक्टर्स पर एक्शन लिया है। ये सभी डॉक्टर सीकर मेडिकल कॉलेज से अटैच हॉस्पिटल और सीकर में ही पीएचसी-सीएचसी पर नियुक्त है। इसमें मेडिकल कॉलेज से अटैच हॉस्पिटल के अधीक्षक भी हैं।

सूत्रों के मुताबिक परियोजना निदेशक डॉ. निधि पटेल ने मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट को अनुशंसा की थी। जांच में इन डॉक्टर्स के खिलाफ प्राइवेट डायग्नोसिस सेंटर को फायदा पहुंचाने के लिए की गई गड़बड़ी का जिक्र किया है।

सीकर मेडिकल कॉलेज से अटैच अस्पताल के अधीक्षक डॉ. कमल कुमार अग्रवाल, सह आचार्य डॉ. सुनील कुमार ढाका, डॉ. मुकेश वर्मा के अलावा सीकर के एसके हॉस्पिटल के डॉ. गजराज सिंह, डॉ. एस.एस. राठौड़, डॉ. सुनील शर्मा और सीकर के किरवा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियुक्त डॉ. राकेश कुमार को निलंबित किया है।

# विधायक से बहस करने वाले तहसीलदार के खिलाफ नोटिस

**दीनदयाल बैरवा बोले- उसे सरकार का संरक्षण वरना क्या औकात एमएलए से उलझे**



जयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। दौसा से कांग्रेस विधायक दीनदयाल बैरवा के साथ तहसीलदार गजानंद मीणा की बदसलूकी के मामले ने तूल पकड़ लिया है। बैरवा ने कांग्रेस विधायकों के साथ विधानसभा स्पीकर को तहसीलदार (दौसा) के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाने का नोटिस दिया। स्पीकर ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए नोटिस मंजूर कर लिया है।

अब स्पीकर इस मामले को विधानसभा की विशेषाधिकार हनन कमेटी को सौंप सकते हैं। कमेटी पूरे मामले में तहसीलदार और संबंधित पक्षों को पूछताछ के लिए तलब कर सकती है। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर स्पीकर फैसला लेंगे। तहसीलदार जांच में दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। उसमें निलंबन से लेकर इंक्रीमेंट रोकने सहित कानून सम्मत कोई भी एक्शन हो सकता है।

दीनदयाल बैरवा ने कहा- 2 फरवरी को दौसा तहसीलदार ने बदतमीजी की थी। कई दिनों से हम तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। हमने विधानसभा में भी प्रदर्शन किया था। विधानसभा स्पीकर ने दौसा कलेक्टर और तहसीलदार को बुलाया। ताज्जुब की बात है कि स्पीकर के बुलाने के बावजूद कलेक्टर नहीं आए।

स्पीकर के बुलाने के बावजूद कलेक्टर का नहीं आना दर्शाता है कि ब्यूरोक्रेसी किस कदर हावी है। हमारी पार्टी ने इसके बाद विशेषधिकार हनन प्रस्ताव लाने का फैसला किया। इसके बाद हमने दौसा तहसीलदार के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। स्पीकर ने नोटिस स्वीकार करके उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

बैरवा ने कहा- यह केवल मेरा अपमान नहीं है। सभी 200 विधायकों का अपमान है। यह स्पीकर का भी अपमान है, क्योंकि वो भी विधायक हैं। एक अधिकारी के तौर पर विधायक के साथ इस तरह का बर्ताव गंभीर है। अब देखते हैं क्या कार्रवाई करते हैं? ब्यूरोक्रेसी पूरी तरह हावी है। क्या अफसर इसी तरह दलित विधायकों के साथ बदतमीजी करते रहेंगे, दलितों के मकान तोड़ते रहेंगे? तहसीलदार को राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है नहीं तो अब तक कार्रवाई हो जाती। तहसीलदार को सीएम और बीजेपी का संरक्षण मिला हुआ है, वरना तो तहसीलदार की औकात क्या है कि विधायक से उलझ जाए।

# 2 बाइक की भिड़ंत में स्टूडेंट समेत 3 की मौत

## गाड़ियों के परखच्चे उड़े, सड़क पर बिखरा खून; हादसा देख बेहोश हो गया युवक

पाली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। पाली के फालना थाना क्षेत्र में 2 बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में 3 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 1 घायल को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर खून बिखर गया। सड़क पर घायल युवक पड़े थे। हादसा रानी-खीमेल रोड पर पवन वाटिका के पास रात करीब 8.30 बजे हुआ।

रानी थाना SHO अरुण कुमार ने बताया- एक बाइक पर अजय (21) पुत्र मदनलाल और अजय पुत्र मोडाराम निवासी रानी गांव थे, जो फालना की तरफ जा रहे थे। वहीं दूसरी बाइक पर प्रेमकुमार (27) पुत्र गणेशराम बावरी और श्रवण (30) पुत्र हजाराराम निवासी खीमेल थे, जो रानी की तरफ जा रहे थे।

रात करीब 8.30 बजे रानी-खीमेल रोड पर पवन वाटिका के पास दोनों बाइक की आमने सामने की टक्कर हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर गाड़ी के पार्ट्स बिखर गए। दोनों बाइक पर बैठे 4 लोग सड़क पर गिर गए और घायल हो गए।

# डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा के काफिले की गाड़ियां भिड़ीं





***भाजपा नेता की कार अचानक बीच में घुसी; प्राइवेट स्कूल के कार्यक्रम में जा रहे थे***

झुंझुनूं, 14 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के काफिले में शामिल गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। डिप्टी सीएम पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी को भी चोट नहीं आई है।

मामला झुंझुनूं जिले के उदयपुरवाटी घाट क्षेत्र में शनिवार सुबह 10:45 का है। डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा गुढ़ागौड़जी के एक प्राइवेट स्कूल के कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे थे, इसी दौरान ये हादसा हो गया। यहां से स्कूल की दूरी करीब 16 किमी रह गई थी। उपमुख्यमंत्री का काफिला उदयपुरवाटी घाट क्षेत्र से गुजर रहा था। इसी दौरान भाजपा नेता जेपी खटाना अपनी कार लेकर अचानक काफिले के बीच में घुस गए। खटाना अपनी गाड़ी को पास के ही एक रिसॉर्ट के अंदर ले जाने का प्रयास कर रहे थे। इतने में काफिले में चल रही एस्कॉर्ट गाड़ी (सुरक्षा वाहन) अनियंत्रित होकर टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों और अधिकारियों के अनुसार, हादसे के वक्त डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा की गाड़ी सुरक्षित रूप से आगे निकल चुकी थी।

टक्कर मुख्य रूप से एस्कॉर्ट वाहन और भाजपा नेता की कार के बीच हुई। दोनों गाड़ियों की हेडलाइट्स और अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है, लेकिन कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। टक्कर के तुरंत बाद सुरक्षा कारणों से काफिले को कुछ देर के लिए मौके पर ही रोकना पड़ा।

# 58 साल की शादी को तोड़ने से हाईकोर्ट का इनकार

**कहा- मामूली अनबन, झगड़े सबके होते हैं; तलाक मंजूर करने से पूरा परिवार आहत होगा**

जयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान हाईकोर्ट ने 75 साल से अधिक आयु के दंपती की 58 साल पुरानी शादी को तोड़ने से इनकार करते हुए अहम टिप्पणी की है। जस्टिस सुदेश बंसल और जस्टिस अनिल कुमार उपमन की खंडपीठ ने पति की अपील खारिज करते हुए कहा कि वैवाहिक जीवन में मामूली अनबन, झगड़े और उतार-चढ़ाव को तलाक के लिए क्रूरता का आधार नहीं माना जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस स्तर पर तलाक की मंजूरी से न केवल पत्नी, बल्कि पूरे परिवार की गरिमा और प्रतिष्ठा प्रभावित हो सकती है। कोर्ट ने यह आदेश फैमिली कोर्ट, भरतपुर के आदेश के खिलाफ दायर पति की अपील को खारिज करते हुए दिया।

अदालत ने कहा कि दंपती की शादी 29 जून 1967 को हुई थी। इन्होने साल 2013 तक बिना किसी शिकायत के अपना वैवाहिक जीवन साथ-साथ बिताया। इस बात को पति ने खुद 26 मई 2014 को फैमिली कोर्ट,भरतपुर में दायर तलाक याचिका में स्वीकार भी किया। ऐसे में हमारी राय में जब तलाक की याचिका दायर करने से पहले पति-पत्नी लगभग 46 सालों से अधिक समय तक बिना किसी शिकायत के अपना वैवाहिक जीवन साथ बिता चुके हों, तो यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि इतने सालों और उनकी बढ़ती आयु के साथ उनकी मानसिक सहनशीलता और समझ का स्तर भी अवश्य बढ़ा होगा।

# अनोखी लव स्टोरी, न सुन पाते हैं न बोल

**बैडमिंटन प्लेयर आकाश की सादगी पर फिदा मुस्कान, अब लेंगे फेरे, ट्रांसलेटर समझाएगा मंत्र**



जयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। वैलेंटाइन डे। आज हर तरफ प्यार की कहानियां हैं। प्यार के इजहार की बातें हैं। इस बीच जयपुर (मानसरोवर) के आकाश (27) और धौलपुर की मुस्कान की प्रेम कहानी भी बेहद खास है। दोनों न सुन सकते हैं, न बोल सकते हैं। फिर भी इनकी मोहब्बत शब्दों और आवाज की मोहताज नहीं। आंखों और इशारों से एक-दूसरे का दर्द, प्यार, नाराजगी, सब कुछ समझ लेते हैं।

ये लव स्टोरी परवान चढ़ी सोशल मीडिया से। चैट हुई। मुलाकातें हुईं। बैडमिंटन में मेडलिस्ट प्लेयर आकाश की सादगी ने मुस्कान का दिल जीत लिया। मुस्कान ने भी कैनवास पर पेंटिंग्स के जरिए अपनी मोहब्बत का इजहार किया। एक साल की दोस्ती के बाद अब ये कपल वैलेंटाइन-डे के 5 दिन बाद (19 फरवरी) शादी के बंधन में बंधन जा रहा है। शादी की पवित्र रस्मों को समझाने के लिए एक खास ट्रांसलेटर को बुलाया गया है। देशभर से 100 से ज्यादा डेफ बच्चों को शादी का निमंत्रण भेजा गया है। इस खास शादी से पहले भास्कर ने कपल से बात कर उनकी लव स्टोरी को जाना...

पोस्ट ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई करने वाले आकाश अपनी ही तरह डेफ स्टूडेंट्स को पढ़ाते हैं। बैडमिंटन की इंटरनेशनल प्रतियोगिता में ब्रांज मेडल जीत चुके हैं। मुस्कान धौलपुर जिले के बाड़ी की रहने वाली हैं। फिलहाल अपने परिवार के साथ जयपुर के जनता कॉलोनी में ही रहती हैं। मुस्कान के पिता का अपना रिजॉर्ट है।

आकाश और मुस्कान की पहचान एक परिचित के जरिए हुई थी। बाद में सोशल मीडिया के माध्यम से दोनों की बातचीत शुरू हुई। धीरे-धीरे दोस्ती गहरी होती चली गई। वीडियो कॉल के जरिए दोनों एक-दूसरे को समझने लगे।

# खेत में झोपड़ी बनाकर तैयार कर रहे थे ड्रग्स

**60 लाख की एमडी पकड़ी, दो गिरफ्तार**

प्रतापगढ़ , 14 फरवरी (एजेंसियां)। प्रतापगढ़ में खेत में झोपड़ी बनाकर एमडी तैयार की जा रही थी। पुलिस ने दबिश देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो मौके से फरार हो गए। मौके से 60 लाख की एमडी, एमडी बनाने व सूखाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं। प्रतापगढ़ की हथुनिया पुलिस ने 13 फरवरी को गश्त के दौरान ये कार्रवाई की। एसपी बी आदित्य ने बताया- हथुनिया पुलिस टीम असावता से कुलमाना जाने वाले रास्ते पर गश्त कर रही थी। असावता गांव से लगभग डेढ़ से दो किलोमीटर दूर सड़क से करीब 150 मीटर अंदर खेत में एक मोटरसाइकिल और एक कार खड़ी मिली। पास ही सीमेंट की चादरों से बनी एक झोपड़ी में बिजली का बल्ब जल रहा था, जिससे संदिग्ध गतिविधि का संदेह हुआ। घेराबंदी करने पर झोपड़ी के अंदर चार व्यक्ति बैठे मिले।

# पुलिस और वनकर्मियों ने आदिवासी महिलाओं को पीटा

## घर में घुसकर सामान सड़क पर फेंका; डरकर जंगल में भागे दो बच्चे

उदयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। उदयपुर जिले के पानरवा क्षेत्र की महिलाओं ने पुलिस और वनकर्मियों पर मारपीट करने और झोपड़ों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। महिलाओं का कहना है कि वे घर के बाहर बैठी थी। तब ही दो पुलिसकर्मी और कुछ वनकर्मी जीप में आए और गाली-गलौच कर मारपीट करना शुरू कर दिया। एक महिला को लात भी मारी। मामले को लेकर महिलाएं शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंची। संभागीय आयुक्त और कलेक्टर को ज्ञापन देकर शिकायत की, जिसमें दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं रेंजर राजेश कुमार का कहना है कि परिवार दूसरी जगह से आकर वन भूमि पर झोपड़े बनाकर रह रहा है। उन्हें हटाने की प्रक्रिया शुरू की तो वन कर्मियों और पुलिस पर हमला कर दिया।

अंबासा गांव की कोदरनाल फला निवासी मोरी बुम्बडिया के साथ महिलाएं और रिश्तेदारों का एक प्रतिनिधिमंडल ज्ञापन देने पहुंचा। ज्ञापन में बताया कि मामला 12 फरवरी की दोपहर करीब 3 बजे का है। महिला ने आरोप लगाया कि दो पुलिसकर्मियों ने उसे लाठी से मारा और एक वनकर्मी ने एक अन्य महिला को लात भी मारी। घरों के अंदर घुसकर बर्तन,आटा, बिस्तर, कपड़े इत्यादि भी बाहर फेंक दिए। झोपड़ों को भी नुकसान पहुंचाया। ज्ञापन में बताया कि एक वनकर्मी ने 2 महीने के बच्चे को भी नीचे गिरा दिया। इस दौरान डरकर 3 साल और 2 साल का बच्चा जंगल में भाग गए। करीब 26 घंटे बाद बच्चे मिले। महिला के रिश्तेदार बाबूलाल ने बताया कि करीब 25 से 30 परिवार कोदरनाल की जमीन पर सालों से रह रहे है।

# *रिसॉर्ट से 3 लाख रुपए-गहनों से भरा बैग चोरी*

**लुधियाना से शादी के लिए जयपुर आया था परिवार, कोट में छिपा कर ले गया चोर**

जयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। जयपुर के एक नामी रिसॉर्ट में शादी की रौनक के बीच चोरी का मामला सामने आया है। लुधियाना से आए एक परिवार की बेटी की शादी समारोह के दौरान बदमाशों ने लाखों रुपए कीमत के गहने और कैश से भरा बैग चुरा लिया। पीड़ित परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, और अब फुटेज के आधार पर चोर की तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, लुधियाना निवासी व्यक्ति अपनी बेटी की शादी के लिए परिवार और रिश्तेदारों के साथ जयपुर पहुंचे थे। समारोह हरमाड़ा इलाके के 'दा ओएसिस रिसॉर्ट' में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान पीड़ित ने अपना बैग पास की एक कुर्सी पर रख दिया। कुछ ही देर में बैग गायब हो गया। काफी तलाश करने के बावजूद बैग नहीं मिला, तो रिसॉर्ट के कैमरों की जांच की गई। फुटेज में एक नाबालिग लड़का बैग को कंधे पर लटकाकर कोट के नीचे छिपाते हुए तेजी से रिसॉर्ट से बाहर निकलता दिखाई दिया।

# सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अधिकारियों का संयुक्त निरीक्षण

## > सड़क विस्तार कार्यों में तेजी के निर्देश



हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में बढ़ती यातायात समस्या के समाधान तथा प्रस्तावित सड़क विस्तार कार्यों को शीघ्र गति देने के उद्देश्य से शनिवार को साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय के अधिकार क्षेत्र में संयुक्त निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर साइबराबाद नगर निगम की आयुक्त सृजना, भारतीय प्रशासनिक सेवा, जलापूर्ति एवं मल-निकास मंडल के प्रबंध निदेशक अशोक रेड्डी, सेरिलिंगमपल्ली के क्षेत्रीय आयुक्त भोरखड़े हेमंत सहदेवराव, सेरिलिंगमपल्ली यातायात प्रभाग के पुलिस उपायुक्त जे. रंजन रत्न कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण दल ने कई मार्ग का अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त दुर्गम चेरुवु तथा नेक्टर गार्डन क्षेत्र में यातायात अवरोधों की समीक्षा की गई। दल ने मार्ग की वर्तमान चौड़ाई का आकलन करते हुए अतिक्रमणों की पहचान की तथा विद्युत, जलापूर्ति और अन्य सार्वजनिक सेवाओं से संबंधित बाधाओं की जांच की। महत्वपूर्ण स्थानों पर सड़क विस्तार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर सेवाओं के स्थानांतरण, अवरोध हटाने और कार्यान्वयन की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि आमजन को न्यूनतम असुविधा हो। अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित कदम लागू होने पर सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी, नागरिकों की सुरक्षा सुदृढ़ होगी तथा क्षेत्र की बढ़ती आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायता मिलेगी।

# 'कैश के लिए वोट' के आरोप में एसईसी में शिकायत दर्ज

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मोइनाबाद नगरपालिका चुनावों में बड़े पैमाने पर चुनावी धांधली के गंभीर आरोप सामने आए हैं, जिसके बाद तेलंगाना राज्य निर्वाचन आयोग (टीएसईसी ) में औपचारिक शिकायत दाखिल की गई है। शिकायत में काले धन का व्यापक उपयोग, मतदाताओं को रिश्वत देना और प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का उल्लंघन शामिल बताया गया है।

शिकायत बीआरएस एमएलसी दासोजु श्रवण कुमार द्वारा दायर की गई है। इसमें दावा किया गया कि एक स्वतंत्र उम्मीदवार ने लगभग 7 करोड़ रुपये खर्च किए और मतदाताओं को प्रति वोट 70 हजार रुपये और प्रत्येक घर को 25 किलो चावल के साथ रिश्वत दी, ताकि 200 से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल की जा सके।

# तेलंगाना निकाय चुनाव में कांग्रेस की शानदार जीत

## राहुल गांधी बोले-जनता ने हमारी नीतियों पर लगाई मुहर



तेलंगाना निकाय चुनाव में जीत कांग्रेस सरकार की पीपल-फर्स्ट यानी जनता को प्राथमिकता देने वाली नीतियों की पुष्टि है। पार्टी का लक्ष्य प्रजाला तेलंगाना बनाना है।

राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के स्थानीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को मिली बड़ी जीत को लेकर पार्टी ने इसे राज्य सरकार की जनहित वाली नीतियों की मंजूरी बताया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह नतीजा साफ दिखाता है कि जनता ने सामाजिक न्याय, सम्मान और सबको साथ लेकर विकास की सोच को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि यह जीत सीधे तौर पर लोगों के भरोसे की जीत है। राहुल गांधी ने चुनाव नतीजों के बाद बयान जारी कर कहा कि तेलंगाना निकाय चुनाव में जीत कांग्रेस सरकार की पीपल-फर्स्ट यानी जनता को प्राथमिकता देने वाली नीतियों की पुष्टि है। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य प्रजाला तेलंगाना बनाना है, जहां विकास का लाभ हर परिवार तक पहुंचे। राहुल गांधी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह जीत जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं और राज्य की जनता की है। तेलंगाना में 11 फरवरी को 116 नगरपालिकाओं के 2,582 वार्डों में मतदान हुआ था। आए नतीजों में कांग्रेस ने 1,300 से ज्यादा वार्डों पर जीत दर्ज की। यह सबसे बड़ा आंकड़ा रहा। भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस करीब 700 वार्डों पर रही। वहीं भाजपा ने भी मौजूदगी दर्ज कराते हुए लगभग 275 वार्ड जीते। इस तरह कांग्रेस ने स्पष्ट बढ़त के साथ स्थानीय निकायों में मजबूत पकड़ बनाई। इन नतीजों को ए रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के लिए बड़ा राजनीतिक बल माना जा रहा है। निकाय चुनाव को अक्सर सरकार के कामकाज पर जनता की सीधी राय के रूप में देखा जाता है। कांग्रेस की बड़ी जीत से यह संकेत गया है कि शहरी और स्थानीय स्तर पर पार्टी का आधार मजबूत हुआ है।

# टीजी ईएपीसीईटी 2026 की अधिसूचना जारी, आवेदन 19 फरवरी से

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हैदराबाद ने तेलंगाना इंजीनियरिंग कृषि और फार्मेसी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (टीजी ईएपीसीईटी) 2026 की अधिसूचना जारी कर दी है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 19 फरवरी से शुरू होगी और बिना विलंब शुल्क के आवेदन की अंतिम तिथि 4 अप्रैल तय की गई है। 250 और 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ उम्मीदवार 10 और 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे, जबकि 2,500 और 5,000 रुपये विलंब शुल्क के साथ 20 और 24 अप्रैल तक आवेदन स्वीकार होंगे। परीक्षा से दो दिन पहले तक 10,000 रुपये विलंब शुल्क के साथ पंजीकरण का विशेष प्रावधान भी रखा गया है। पूर्वी या आंध्र प्रदेश स्ट्रीम के लिए शुल्क 900 रुपये (एससी/एसटी व पीएच के लिए 500 रुपये) तथा दोनों स्ट्रीम के लिए 1,800 रुपये (एससी/एसटी व पीएच के लिए 1,000 रुपये) निर्धारित किया गया है। विलंब शुल्क के साथ आवेदन करने वालों को परीक्षा केंद्र हैदराबाद पश्चिम क्षेत्र में आवंटित किया जाएगा। कृषि और फार्मेसी परीक्षा 4 व 5 मई को तथा इंजीनियरिंग परीक्षा 9, 10 और 11 मई को दो सत्रों–सुबह 9 से 12 बजे और दोपहर 3 से 6 बजे–के बीच आयोजित होगी। परीक्षा संयोजक के. विजय कुमार रेड्डी ने बताया कि परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों के अंक प्रारंभिक कुंजी के आधार पर स्क्रीन पर दिखाए जाएंगे और अंतिम रैंक सामान्यीकृत अंकों के आधार पर जारी की जाएगी।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें X@SCRailwayindia पर फालो करें। दक्षिण मध्य रेलवे-दमरे की निविदा सूचनाओं का विवरण हमारे वेबसाइट:www.scऑ.indianऑailways.gov.in पर भी देखें।

**खुली ई-निविदा सूचना सं. बी/इ.इजीएस /20/2025-26 दि.12-02-2026**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु विवरित तिथिनुसार 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**1.निविदा संख्याः** बी/इ.29/I/इजीएस/ 36/25-26 दि.12-02-2026 **कार्य विवरणः** विजयवाडा डिवीजनः बीजेडए डिवीजन के सीओपीज, स्टेशन बिल्डिंग्स & सर्विस बिल्डिंग्स पर विभिन्न क्षमताओं के सोलार प्लांट्स या सौर ऊर्जा संयंत्रों (रूफटाप) का प्रावधान। **कार्य पूरा करने की अवधिः** 6 महिने, **निविदा मूल्य रु.** 8,93,63,326.50, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा/बोली सुरक्षा रु.5,96,800.00, **निविदा दस्तावेज मूल्य रु. शून्य, बंद करने की तिथिः 6-3-2026**

1.वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर प्रकाशित निविदा दस्तावेजों में निविदा शर्तें/अन्य विवरण जैसे संपूर्ण कार्य की जानकारी, उपरोक्त कार्यों का तत्समान स्वभाव का कार्य, अर्हता मानदंड आदि दिया गया है।
2. भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, किसी भी निविदा के कोई भी परिवर्तनों/शुद्धिपत्रों को नोट करने हेतु निविदा बंद करने की तिथि से पहले वेबसाइटः www.ireps.gov.in देखें।
3. इस निविदा सूचना को, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, रखरखाव, द.म.रेलवे, विजयवाडा कार्यालय पर स्थित नोटिस बोर्ड पर भी दर्शाया गया है, जिसे देखा जा सकता है।
4.रेल प्रशासन के पास कोई भी कारण न देते हुए निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**विभागीय रेल प्रबंधक, (बिजली) /विजयवाडा**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (http://iऑeps.gov.in द्वारा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु निविदा की एकल पैकेट प्रणाली में ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

1.**एनआइटी संख्याः सी/इ.29/टीआरडी/ एससी/ 69/2025-26 कार्य विवरणः** सी/इ.29/ टीआरडी/ एससी/69/2025-26 **दि.10-02-2026** एससी डिवीजन-1. एससी डिवीजन में जंग लगे एन्टि क्रीप्स का प्रतिस्थापन या रिप्लेसमेंट कार्य। 2. एससी डिवीजन पर विश्वसनीयता सुधार के दृष्टिगत जंग लगे कैन्टिलेवर्स का प्रतिस्थापन या रिप्लेसमेंट कार्य। **अनुमानित मूल्य रु.4,12,70,364.00, कार्य पूरा करने की अवधिः** 180 दिन, **बंद करने की तिथिः** 12-03-2026 के 15.00 बजे

1. बोली दस्तावेज तथा अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइटः http:/ireps.gov.in पर लॉगिन करें।
2. निविदाकारों को केवल ई-टेंडरिंग द्वारा ही भाग लेना चाहिए तथा किसी भी मैन्युएल आफर्स पर विचार नही किया जायेगा।
3.आईआरईपीएस वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर प्रकाशित निविदा दस्तावेजों में निविदा शर्तें/अन्य विवरण उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड किया जा सकता है, जिसमें भाग लिया जा सकता है तथा यदि कोई परिवर्तन हो तो उसे देखा जा सकता है।
4. सभी भावी निविदाकारों से अनुरोध है कि, केवल आनलाइन पेमेन्ट्स के माध्यम से निविदा प्रपत्र व पूर्व धरोहर राशि-पूधरा जमा करें।
5. सभी भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, जीएसटीआइएन पहचान संख्याएं प्राप्त करें तथा इसे अपने आफर्स सहित प्रस्तुत करें।
6. निविदाकार, किसी भी शुद्धिपत्र (केवल आनलाइन पर जारी) को निविदा प्रस्तुति अवधि की प्रारंभिक तिथि तक ही देख सकते हैं।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन/सिकंदराबाद**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (https://ireps.gov.in द्वारा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, सीइ/सी-II/एससी कंस्ट्रक्शन आर्गनाइजेशन, द.म.रेलवे, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**1. एनआइटी संख्याः** 06-सीएओ-सी-एससी-2026 दि.10-02-2026 **कार्य विवरणः दमरे निर्माण संगठन-सिकंदराबाद डिवीजनः** मोटुमारी स्टेशन पर रेल ओवर रेल (आरओआर)- आरडीएसओ मानकों नुसार नदीघाटी में मिट्टी का कार्य व कटिंग, ब्लैंकेटिंग कार्य पूरा करना, छोटे पुलों, पुलों के नीचे सडकों (आरयुबी) का निर्माण कार्य, बाल्लास्ट की आपूर्ति व डंपिंग, पी.वे सामग्रियों का परिवहन, बीजी ट्रैक को बिछाना व जोडना, पी&सी की एसेंब्लिंग & इन्सर्शन तथा बोनाकालु और मोटुमारी स्टेशनों के बीच रेल ओवर रेल लाइन सहित तत्संबंधित छिटपुट सिविल कार्यों का निष्पादन इसके साथ बोनकालु स्टेशन यार्ड पर प्रि-एनआइ/एनआइ कार्य। **अनुमानित मूल्य रु. 65,81,97,832.24, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा** रु. 34,41,000.00, **कार्य पूरा करने की अवधिः 18 (अठारह) महिने, खोलने की तिथिः** 05-03-2026 के 15.00 बजे

**2. एनआइटी संख्याः 09-सीएओ-सी-एससी-2026 दि.12-02-2026 कार्य विवरणः** दमरे निर्माण संगठन-सिकंदराबाद डिवीजनः (I) मोटुमारी स्टेशन पर रेल ओवर रेल (आरओआर) पुल का निर्माण कार्य। (II) सीएचः8795.00 एम से सीएचः 9100.00 एम तक वायाडक्ट का निर्माण कार्य। (III) बोनकालु तथा मोटुमारी स्टेशनों के बीच मोटुमारी लाइन पर आरओआर सहित तत्संबंधित सीएचः6711.800एम तथा सीएचः8265.00एम पर दो मुख्य पुलों का निर्माण कार्य। **अनुमानित मूल्य रु.83,01,93,131.00, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.**43,01,000.00, **कार्य पूरा करने की अवधिः 18 (अठारह) महिने, खोलने की तिथिः** 9-3-2026 के 15.00 बजे

**3. एनआइटी संख्याः 11-सीएओ-सी-एससी-2026 दि.12-02-2026 कार्य विवरणः दमरे निर्माण संगठन-सिकंदराबाद डिवीजनः** (I) मोटुमारी-विष्णुपुरम सेक्शनः आरडीएसओ मानकों नुसार नदीघाटी में मिट्टी कार्य का निर्माण व कटिंग, ब्लैंकेटिंग, छोटे पुलों, पुलों के नीचे सडक (आरयुबीज), बल्लास्ट की आपूर्ति व डम्पिंग, पी.वे सामग्रियों का परिवहन, बीजी ट्रैक को बिछाना व जोडना, पीएण्डसीज की एसेंब्लिंग व इंसर्शन सहित कट एण्ड कनेक्शन कार्य एवं जग्गय्यापेटा टाउन से रेवूरू रामापुरम स्टेशनों के बीच सीएचः27300.00एम से **सीएचः 36600.00एम संबंधित सहायक कार्य (सीएचः28130.00एम** से सीएचः 28630.00 एम से जुडे महत्वपूर्ण ब्रिज स्ट्रक्चर, तत्संबंधित एप्रोचेस एण्ड ट्रैक जोडने के कार्यों को छोडकर) मोटुमारी विष्णुपुरम दोहरीकरण परियोजना या डबलिंग प्रोजेक्ट तत्संबंधित उक्त कार्य। **अनुमानित मूल्य रु.57,89,61,208.20, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.30,44,800.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 18 (अठारह) महिने, खोलने की तिथिः** 11-03-2026 के 15.00 बजे

I) बोली दस्तावेज तथा अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइटः https://iऑeps.gov.in पर लॉगिन करें।
II) निविदाकार अपने आफर्स आनलाइन में निविदा प्रस्तुति अवधि के दौरान निविदा बंद करने की तिथि से पहले पंद्रह दिनों की अवधि में प्रस्तुत कर सकते हैं।
III) निविदाकार, किसी शुद्धिपत्र (केवल आनलाइन पर जारी) को निविदा प्रस्तुति अवधि की प्रारंभिक तिथि तक ही अवलोकन कर सकते हैं।

**मुख्य प्रशासन अधिकारी/निर्माण/सिकंदराबाद**

A2463

**निविदा नियम शर्तें/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइटसः https://www.ireps.gov.in अथवा www.scrindianrail-ways.gov.in देखें।**


# महाप्रबंधक ने हैदराबाद रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया

## > सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य करने के निर्देश



हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को दक्षिण मध्य रेलवे के अंतर्गत हैदराबाद (नामपल्ली) रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस अवसर पर सिकंदराबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक डॉ. गोपालकृष्णन आर. तथा अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबंधक ने लगभग 327.27 करोड़ रुपये की लागत से चल रही अमृत स्टेशन परियोजना के कार्यों की समीक्षा की। अधिकारियों ने स्टेशन के नवीनीकरण योजना की जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने कार्यस्थल का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना को समय से पूरा करने के लिए कार्यों में तीव्रता लाई जाए, ताकि यात्रियों को नए स्टेशन की आधुनिक सुविधाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि बड़े ढांचागत परिवर्तनों के दौरान यात्रियों को असुविधा न हो, इसके लिए प्रभावी भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और यात्री सहायता तंत्र को मजबूत किया जाए।

इसके बाद महाप्रबंधक ने स्टेशन के पश्चिमी भाग में स्थित डिब्बा अनुरक्षण केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की कार्यप्रणाली और कर्मचारियों को उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत अध्ययन किया। इस दौरान कर्मचारियों से संवाद कर कार्य के दौरान अपनाए जा रहे सुरक्षा उपायों की जानकारी भी ली गई। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करते हुए कार्य संपन्न करने के निर्देश दिए।

# नगर निगम चुनावों से भाजपा-बीआरएस गठबंधन की राह पर : कविता



हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना जागृति अध्यक्ष काविता ने कहा कि नगर निगम चुनावों का परिणाम भाजपा और बीआरएस के बीच गठबंधन की दिशा में प्रारंभिक कदम है। शनिवार को मीडिया से बातचीत में काविता ने कहा कि उत्तर तेलंगाना में बीआरएस की ताकत में गिरावट आई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा स्थिति में बीआरएस को आगामी चुनावों के लिए भाजपा के साथ गठबंधन पर विचार करना चाहिए। कविता ने कहा, "बीआरएस नेताओं ने जो कम्युनिस्टों को टेल पार्टी बताया था, अब वे सीपीआई का समर्थन कर रहे हैं। बीआरएस नेता अब टेल पार्टियों के लिए टेल पार्टी बन गए हैं। कोत्तागुड़ेम में केटीआर का सीपीआई को बिना पूछे खुला प्रस्ताव निंदनीय था।"

उन्होंने सवाल किया कि क्या बीआरएस कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव को याद है कि कुणामनेनी संबाशिवा राव ने पूर्व मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और बीआरएस के बारे में विधानसभा में कितने शब्द कहे थे। कविता ने यह भी कहा कि केटीआर खुद को धोखा दे रहे हैं जब वह मजदूरों के लिए सीपीआई का समर्थन करने का दावा करते हैं। कविता ने आगे कहा, "जो लोग जागृति पर टिप्पणी कर रहे हैं, उन्हें बताना चाहती हूँ कि यह केवल ट्रेलर है, पूरी तस्वीर अभी बाकी है।" उन्होंने कहा कि भाजपा करीमनगर निगम के लिए पूरी मेहनत कर रही है और भाजपा करीमनगर निगम के अलावा कहीं सक्रिय नहीं है।



करीमनगर निगम चुनाव में भाजपा के भारी बहुमत से जीतने पर गृहराज्य मंत्री बंडी संजय का शॉल द्वारा सम्मान करते बीजेपी लीडर एवं वाइस चेयरमेन महेश बैंक गोविंद राठी, बीजेपी संगठन मंत्री चंद्रशेखर एवं विरेंद्र गौड।

# विवाद के बाद हमला आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अत्तापुर पुलिस ने अकबर हिल्स, अत्तापुर में मामूली विवाद के बाद एक व्यक्ति पर कथित हमला करने के आरोप में एक कार चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, संदिग्ध एमए सलमान उर्फ छोटा सलमान (24), निवासी सुलेमाननगर, ने गुरुवार को अत्तापुर स्थित सैयद फुरखान की दुकान में घुसकर उस पर लाठी से हमला किया। इसके बाद उसने दुकान में खड़ी कार का शीशा तोड़ दिया और मौके से फरार हो गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर सलमान को गिरफ्तार कर लिया।



अलियाबाद सीरवी क्रिकेट ग्राउंड स्थित सीरवी समाज पारसीगुटा प्रीमियर लीग-1 के भव्य शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष मोहनलाल हाम्बड़, सचिव नारायणलाल काग, शिक्षा समिति अध्यक्ष लाबूराम पंवार, सचिव चेलाराम भायल, महिला मंडल अध्यक्षा सुशीला देवड़ा, सचिव निर्मला देवड़ा, खेल मंत्री हिमताराम हाम्बड़, पदाधिकारी, सदस्य, खिलाड़ी व समाज बन्धु

# कांग्रेस उच्च कमान ने चुनावों में जीत पर मुख्यमंत्री की प्रशंसा की

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में हाल ही में संपन्न नगर निगम चुनावों में कांग्रेस पार्टी की व्यापक जीत के बाद मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को पार्टी की उच्च कमान से व्यापक प्रशंसा मिली। सीनियर पार्टी नेताओं ने चुनाव परिणाम को राज्य सरकार की कल्याण केंद्रित शासन प्रणाली, विकास एजेंडा और सामाजिक सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता का मजबूत समर्थन बताया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह परिणाम जनता के विश्वास को दर्शाता है कि पार्टी सामाजिक न्याय और आर्थिक प्रगति पर केंद्रित है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह परिणाम कांग्रेस के समावेशी विकास दृष्टिकोण को स्पष्ट अनुमोदन देता है और पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रयासों को बधाई दी। एआईसीसी महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि यह जीत सरकार में जनता के विश्वास को दिखाती है और तेलंगाना को समृद्ध बनाने के पार्टी के संकल्प को मजबूत करेगी। कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने इसे कांग्रेस शासन मॉडल की स्वीकृति बताया, जबकि सांसद मनिक्कम टैगोर और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने मजबूत नेतृत्व और समन्वय को जीत का श्रेय दिया। पार्टी नेताओं ने कहा कि यह परिणाम राज्य भर में कांग्रेस के बढ़ते जमीनी समर्थन को फिर से पुष्ट करता है।

# किशन रेड्डी ने युवाओं को एसटीईएम अपनाने की सलाह दी

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शनिवार को हैदराबाद में आयोजित स्मार्ट जीनियस ग्लोबल लेवल प्रतियोगिता में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम ) के महत्व पर जोर दिया। इस प्रतियोगिता में दुनिया भर से 10,000 से अधिक छात्र भाग ले रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में विश्लेषणात्मक सोच और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्रों की सराहना की कि वे जटिल गणितीय समस्याओं को मिनटों में हल कर रहे थे। किशन रेड्डी ने भारत की समृद्ध गणितीय परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि आधुनिक पहल जैसे अटल टिंकरिंग लैब्स और विज्ञान में लड़कियों को प्रोत्साहित करने वाले कार्यक्रम नवाचार को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने प्राचीन काल से ही गणित में दुनिया में अग्रणी भूमिका निभाई है। आर्यभट्ट, भास्कराचार्य और श्रीनिवास रामानुजन जैसे महान गणितज्ञ और सूर्य सिद्धांत जैसे प्राचीन ग्रंथ त्रिकोणमिति की नींव रख चुके हैं। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि नई शिक्षा प्रणाली ने स्थानीय भाषाओं में विज्ञान और इंजीनियरिंग पढ़ने के अवसर बढ़ाए हैं और 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स के माध्यम से कोडिंग और रचनात्मकता को बढ़ावा दिया जा रहा है। विज्ञान ज्योति जैसे कार्यक्रम लड़कियों को विज्ञान के क्षेत्र में प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में भारत का अनुसंधान खर्च दोगुना हो गया है और 2026 में भारत एआई इम्पैक्ट समिट आयोजित करेगा। किशन रेड्डी ने युवाओं से 2047 तक विकसित भारत बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# आंध्र प्रदेश सरकार ने 3.32 लाख करोड़ का बजट पेश किया

## शिक्षा, कल्याण और कृषि को प्राथमिकता



अमरावती , 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 3,32,205 करोड़ का व्यापक और दूरदर्शी बजट पेश किया, जिसमें शिक्षा, कल्याण, कृषि और दीर्घकालिक विकास परियोजनाओं को प्राथमिकता दी गई है।

बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री पय्यावुला केशव ने कहा कि राज्य का यह बजट समावेशी विकास, सतत विकास और राजकोषीय अनुशासन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। उन्होंने मानव संसाधन और शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए बताया कि स्कूली शिक्षा को 32,300 करोड़ रुपए , पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए 23,651 करोड़ रुपए , सामाजिक कल्याण के लिए 11,119 करोड़, और ईडब्लूएस कल्याण के लिए 10,699 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। कृषि और सिंचाई क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य ने प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं के लिए 9,906 करोड़ रुपए, जिसमें पोलावरम परियोजना के लिए 6,105 करोड़ रुपए, आवंटित किए हैं। किसान कल्याण के तहत अन्नदाता सुखीभव योजना के लिए 6,600 करोड़ रुपए, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लिए 1,927 करोड़, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लिए 190 करोड़, मूल्य स्थिरीकरण कोष के लिए 500 करोड़, फसल बीमा के लिए 250 करोड़, और मत्स्य पालन कल्याणकारी योजनाओं के लिए 260 करोड़ रुपए रखे गए हैं। कल्याणकारी क्षेत्र में वीजी जीराम-जी योजना के लिए 8,365 करोड़ रुपए , ग्रामीण एवं शहरी आवास कार्यक्रमों के लिए 5,451 करोड़, स्वास्थ्य कवरेज बढ़ाने के लिए डा. एनटीआर विद्या सेवा को 4,000 करोड़ रुपए और सुरक्षित पेयजल आपूर्ति के लिए जल जीवन मिशन को 4,000 करोड़ आवंटित किए गए हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य के लिए 2,144 करोड़, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत 838 करोड़, स्वच्छ भारत मिशन के लिए 1,037 करोड़ और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लिए 955 करोड़ आवंटित किए गए। ऋण सुधार पर बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने उच्च ब्याज दरों पर 12.37 तक का ऋण लिया था। वर्तमान सरकार ने 43,298 करोड़ का ऋण पुनर्गठन किया, जिससे प्रति वर्ष 327 करोड़ की बचत हुई। अब अगले चरण में अतिरिक्त 1.2 लाख करोड़ के ऋण को पुनर्गठित करने का लक्ष्य है, जिससे प्रति वर्ष लगभग 1,658 करोड़ रुपए की बचत होगी।

आंध्र प्रदेश वेल्थ फंड के गठन का प्रस्ताव भी पेश किया गया, जिसमें 100 करोड़ रुपए की प्रारंभिक निधि होगी और निजी इक्विटी कंपनियों को दीर्घकालिक संपत्ति सृजित करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। वित्त मंत्री पय्यावुला केशव ने कहा, 'यह बजट आंध्र प्रदेश को एक मजबूत, आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।'

# एआईएमआईएम का समर्थन कांग्रेस को दिलाएगा मेयर : महेश गौड़

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी प्रमुख महेश कुमार गौड़ ने भरोसा व्यक्त किया कि कांग्रेस पार्टी निज़ामाबाद मेयर पद हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि निज़ामाबाद में एआईएमआईएम पार्टी की जिला इकाई कांग्रेस को समर्थन देगी, जिससे कांग्रेस को मेयर पद हासिल करने में मदद मिलेगी। कांग्रेस नेता ने कहा, "हमारी पार्टी का प्रतिनिधि निज़ामाबाद मेयर की सीट पर होगा। हम उन नगर पालिकाओं के बारे में रणनीतिक योजना बनाएंगे, जिनमें समान संख्या में सीटें हैं। हम वर्तमान में सीपीआई नेताओं के साथ विचार-विमर्श कर रहे हैं और कोत्तागुड़ेम निगम मामले में न्यायसंगत निर्णय लिया जाएगा।" उन्होंने आगे कहा, "बीआरएस आगामी समय में सक्रिय नहीं होगी। हमें भरोसा है कि हम जेडपीटीसी और एमपीटीसी चुनावों में भी सफलता हासिल करेंगे और बड़े पैमाने पर होने वाले नगर निगम चुनावों में भी।"


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. WATTRD9324-25DTD060226

**स्थान सहित कार्य का नाम :** कोरापुट दिशा में सीधे ग्रहण एवं प्रेषण (Reception and Dispatch) की सुविधा के लिए आम्बागाँव (AGB) एवं आमागुडा (AGZ) से NMAG साइडिंग के बीच मिड सेक्शन (Mid Section) कनेक्टिविटी के प्रावधान के लिए TRD कार्य।

**निविदा मूल्य :** ₹ 1,22,27,298.70, EMD : ₹ 2,11,100/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 11 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 04.03.2026 को 1500 बजे।

संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRD), वाल्टियर

PR-1119/Q/25-26

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सं.SANDT_WAT_26_S_ZONAL_VSKP

**कार्य का नाम :** वाल्टियर मंडल के विशाखापट्नम कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में सीनियर सेक्शन इंजीनियर / संकेत के अधिकार क्षेत्र के अधीन सिग्नल जोनल कार्य।

**विज्ञापित मूल्य :** ₹ 64,45,520.80, EMD : ₹ 1,28,900/-, पूरा होने की अवधि : 12 महीने।

बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक 16.02.2026

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 02.03.2026 को 1700 बजे।

ऐसी निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता, वाल्टियर

PR-1122/Q/25-26

# तीन स्पिनरों के साथ उतरेगा भारत? अभिषेक के अस्वस्थ होने से बढ़ी टीम इंडिया की चिंता



कोलंबो, 14 फरवरी (एजेंसियां)। इस मैच के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11क्रिकेट में सियासत के घालमेल के कारण पैदा हुआ गतिरोध अस्थायी तौर पर दूर होने के बाद टी20 विश्व कप के सबसे चर्चित मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी आमने सामने होंगे तो भारत के मध्यक्रम के सामने पाकिस्तान के स्पिनरों की चुनौती होगी और मैच की पृष्ठभूमि को देखते हुए अब दोनों टीमें किसी तरह की कोताही बरतना नहीं चाहेगी। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का अनफिट होना चिंता का विषय है और यह देखना दिलचस्प होगा कि वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच में खेल पाते हैं या नहीं।

भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप का महामुकाबला रविवार को कोलंबो में खेला जाएगा। यह मैच आर प्रेमादासा स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां की पिच आमतौर पर स्पिनरों के मददगार मानी जाती है। भारत के पास मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल मौजूद हैं, लेकिन पाकिस्तान भी इस मामले में कम नहीं है क्योंकि उसकी टीम में अबरार अहमद और उस्मान तारिक हैं जो भारतीय बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश कर सकते हैं। भारतीय टीम शुरुआती दो मैचों में दो स्पिनरों के साथ उतरी है। भारत के लिए अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने स्पिन विभाग का जिम्मा संभाला है। कोलंबो में स्पिनरों की मददगार पिच को देखते हुए इस संभावना को भी खारिज नहीं किया जा सकता कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ तीन स्पिनरों के साथ उतरे।

अगर अभिषेक शर्मा नहीं खेलते हैं संजू सैमसन को दोबारा मौका मिलेगा, इसकी संभावना कम है। भारतीय टीम प्रबंधन चाहेगा कि इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए अभिषेक चयन के लिए उपलब्ध हों जिससे शीर्ष क्रम पर स्थिरता आ सके। हालांकि, भारतीय थिंक टैंक के दिमाग में यह भी चिंता होगी कि सैमसन को ही उतारा जाए या ईशान किशन के साथ पारी की शुरुआत के लिए वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया जाए जो फिट हो गए हैं। सुंदर प्रेमादासा स्टेडियम की धीमी पिच पर अच्छी ऑफ स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। पिच को देखते हुए बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को भी उतारा जा सकता है। ऐसे में रिंकू सिंह या अर्शदीप सिंह को बाहर रहना पड़ सकता है। बाबर आजम के खिलाफ कुलदीप के शानदार रिकॉर्ड और एशिया कप फाइनल में उनके चार विकेट को देखते हुए उन्हें इस मैच में मौका देना अच्छा विकल्प होगा। कुलदीप को अब तक विश्व कप के शुरुआती दो मैचों में एकादश में जगह नहीं मिली है। अगर कुलदीप इस मुकाबले में खेलते हैं तो भारत संभवतः तीन स्पिनरों के साथ खेलने उतरे क्योंकि उसके पास कुलदीप के अलावा वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल के रूप में दो अच्छे स्पिनर भी मौजूद हैं। विश्व कप से पहले भारत की बल्लेबाजी काफी मजबूत लग रही थी लेकिन टूर्नामेंट के दो मैचों में बल्लेबाजों का प्रदर्शन चिंता का सबब है। अमेरिका के खिलाफ भारत के छह विकेट 77 रन पर गिर गए थे, जबकि नामीबिया के खिलाफ डैथ ओवरों में मेजबान टीम ने चार रन के भीतर पांच विकेट गंवा दिए थे, लेकिन 200 रन से अधिक का स्कोर और 93 रन से जीत के कारण यह कमजोरियां दब गई। दोनों मैचों में सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन और हार्दिक पांड्या ने संकटमोचक की भूमिका निभाई। लेकिन बड़े टूर्नामेंट में एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन जरूरी है।

# नौ दिन की नौटंकी : दुनिया से थू-थू कराने के बाद पाकिस्तान का यू-टर्न अपने बुने जाल में किस तरह फंसा था पीसीबी

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। टी20 विश्व कप 2026 का आयोजन सफलतापूर्वक न हो सके, इसके लिए पहले बांग्लादेश ने भरपूर कोशिश की और उसके बाद पाकिस्तान ने पूरा जोर लगाया। लेकिन दोनों ही अपने मंसूबों में नाकाम रहे। अब जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच कोलंबो में रविवार को टी20 विश्व कप का मुकाबला होने जा रहा है तो यह नहीं भूलने चाहिए कि किस तरह पाकिस्तान ने ड्रामा किया और अपने ही बुने जाल में फंसता चला गया।




**मैच से ज्यादा विवाद की हुई चर्चा**

भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर हमेशा ही हाइप रहा है, लेकिन इस बार तो मैच की चर्चा प्रतिद्वंद्विता से ज्यादा विवाद की रही। बांग्लादेश मामले पर बीच में कूदते हुए पाकिस्तान ने दुनिया के सामने अपनी थू-थू कराई और नौ दिन की नौटंकी के बाद अपने ही फैसले पर यू-टर्न ले लिया था। भारत और पाकिस्तान की टीमें मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं, लेकिन इससे पहले हम यहां आपको पूरे विवाद के बारे में बता रहे हैं। आइए जानते हैं किस तरह पाकिस्तान ने गीदड़भभकी दी और विश्व कप में खलल डालने की नाकाम कोशिश की...

**बांग्लादेश से हुई विवाद की शुरुआत**

बांग्लादेश विवाद की शुरुआत मुस्तफिजुर रहमान से हुई। मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल नीलामी में खरीदे जाने पर विरोध हुआ जिसके बाद बीसीसीआई ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से मुस्तफिजुर को बाहर करने कहा।

**बांग्लादेश विवाद में बेवजह कूदा पाकिस्तान**

जब बांग्लादेश ने आईसीसी से अपने मुकाबले भारत से स्थानांतरित कर श्रीलंका में कराने की मांग की थी तब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) इस पूरे मामले में अचानक कूद पड़ा था। उसने आईसीसी को ईमेल लिखकर कहा था कि वह बांग्लादेश की मांग का समर्थन करता है, जिसमें भारत में मैच खेलने पर सुरक्षा और राजनीतिक स्थिति को लेकर चिंता जताई गई है।

पीसीबी ने आईसीसी बोर्ड के अन्य सदस्यों को भी ईमेल की कॉपी भेजी। पीसीबी ने साथ ही बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी करने की पेशकश भी की थी। आईसीसी के बीसीबी पर फैसले के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाय-तौबा मचाना शुरू कर दिया।

पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने आईसीसी पर बांग्लादेश मामले में पक्षपात का आरोप लगाया और संकेत दिया कि उनकी टीम भी विश्व कप का बहिष्कार कर सकती है। इसके बाद मोहसिन नकवी की पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात हुई। इस दौरान नकवी ने शरीफ को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।

**आईसीसी के चाबुक से ढीले पड़ गए पाकिस्तान के तेवर**

आईसीसी ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लिया और पाकिस्तान को संभावित कार्रवाई की चेतावनी दे दी थी।

पाकिस्तान पर भी लगातार दबाव बढ़ रहा था। अगर पाकिस्तान भारत के खिलाफ नहीं खेलता तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ते और करोड़ों रुपये का जुर्माना भरना पड़ता। मामले को सुलझाने के लिए आठ फरवरी को आईसीसी के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा के साथ पीसीबी की बैठक हुई थी। बैठक के बाद यह तय हो गया था कि पाकिस्तान यू-टर्न लेगा और इसके 24 घंटे बाद ही पाकिस्तान सरकार ने मैच खेलने का एलान कर दिया था। इन सबके बीच सवाल यही उठता है कि अगर पाकिस्तान को यू-टर्न ही लेना था तो उसने बहिष्कार का ड्रामा किया ही क्यों?

# 'हम हाथ मिलाने को तैयार हैं', सलमान अली आगा ने पहना खेल भावना का नकाब, भारत से मैच से पहले ऐसा बयान



नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने रविवार को होने वाले टी20 विश्व कप मुकाबले से पहले भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाने के सवाल पर कोई सीधा जवाब नहीं दिया।


लेकिन उम्मीद जताई कि दोनों टीमों के खिलाड़ी खेल की भावना को बनाए रखेंगे। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पिछले साल सितंबर में दुबई में एशिया कप के दौरान घोषणा की थी कि उनकी टीम अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले भारतीय नागरिकों के सम्मान में पाकिस्तान के साथ हाथ नहीं मिलाएगी। इस फैसले को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सेना के प्रति एकजुटता के प्रतीक के रूप में भी देखा गया था। सूत्रों के अनुसार, रविवार को भी यही प्रोटोकॉल अपनाए जाने की संभावना है और टॉस के समय या मैच समाप्ति पर दोनों कप्तानों के हाथ मिलाने की उम्मीद नहीं है।

हाथ मिलाने की परंपरा को लेकर पूछे गए सवाल पर आगा ने कहा, इस बारे में हम कल देखेंगे। पाकिस्तान के शुरुआती बहिष्कार के बाद मैच को लेकर बनी संवेदनशील स्थिति के बीच सलमान ने किसी भी विवाद से दूर रहने की कोशिश की और कहा कि वह चाहते हैं कि मुकाबला क्रिकेट की भावना के अनुरूप खेला जाए। आगा ने कहा, मैं उम्मीद करता हूं कि यह खेल उसी भावना के साथ खेला जाए, जिस भावना के साथ इसे शुरुआत से खेला जाता रहा है।'

# धोनी की कप्तानी खत्म करने का फैसला बीसीसीआई का था

## चयनकर्ताओं ने कहा-अब बदलाव का समय, धोनी ने खुद लिखा, मैं पद छोड़ना चाहता हूं

स्पोर्ट्स डेस्क, 14 फरवरी (एजेंसियां)। महेंद्र सिंह धोनी ने साल 2017 में टी-20 और वनडे की कप्तानी खुद नहीं छोड़ा था, बल्कि सिलेक्शन कमेटी ने उन्हें कप्तानी छोड़ने का सुझाव दिया था। चयनकर्ताओं ने धोनी से यह भी कहा था कि वे लिखित में मेल में अपना इस्तीफा दें ताकि ट्रांजिशन को औपचारिक रूप दिया जा सके। पूर्व चयनकर्ता जतिन परांजपे ने 'द ग्रेट इंडियन क्रिकेट शो' में बताया कि उस समय के मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने धोनी से इस विषय पर बातचीत की थी। पूर्व चयनकर्ता जतिन परांजपे ने 'द ग्रेट इंडियन क्रिकेट शो' में बताया कि वह और उस समय के मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद नेट्स में बल्लेबाजी कर रहे धोनी से मिलने पहुंचे। उन्होंने सम्मान के साथ कहा



कि अब बदलाव का समय आ गया है। धोनी ने बिना किसी विरोध के फैसले पर सहमति जताई और कहा कि यह सही निर्णय है। एमएसके ने उनसे कहा कि आपको लिखकर देना होगा कि आप आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। इस पर उन्होंने कहा, ठीक है, मैं कर दूंगा। परांजपे के मुताबिक, देर रात धोनी की ओर से ईमेल आया "मैं पद छोड़ना चाहता हूं।" इस फैसले की आलोचना भी हुई, लेकिन चयनकर्ताओं ने इसे टीम के भविष्य के लिए जरूरी बताया।

# पहले ठोके 235 रन, फिर ओमान को 139 रन पर किया ढेर, कोलंबो में आयरलैंड की विशाल जीत

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। कोलंबो में आज यानी 14 फरवरी को ओमान के खिलाफ आयरलैंड ने शानदार प्रदर्शन किया और 96 रन से मैच को अपने नाम कर लिया। आयरलैंड की यह इस टी20 वर्ल्ड कप में पहली जीत थी। इससे पहले वे 2 मुकाबले हारकर आए थे।

लेकिन, ओमान के खिलाफ उन्होंने गजब कर दिया। ओमान 236 रन के बड़े टारगेट का पीछा करते हुए सिर्फ 139 रन बनाकर ही ऑल आउट हो गई।

ओमान ने पावरप्ले में शुरुआत तो अच्छी की थी। लेकिन, उसके बाद ओमान का बैटिंग लाइन अप कॉलैप्स कर गया। ओमान के लिए सबसे ज्यादा 50 रन ओपनिंग करने उतरे आमिर कलीम ने बनाए। हम्माद मिर्जा ने भी 46 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा ओमान की ओर से बल्लेबाजी में कोई और



अपनी छाप नहीं छोड़ पाया।आयरलैंड की तरफ से तेज गेंदबाज जोशुआ लिटल ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए। 2 विकेट मैथ्यू हम्फ्रीज और बैरी मैक्कार्थी ने लिए। 1 विकेट जॉर्ज डॉकरेल को भी मिला।

**कुछ ऐसी रही आयरलैंड की पारी**

ओमान के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। ऐसे में आयरलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 235 रन बना दिए। कार्यवाहक कप्तान लोर्कन टकर 94 रन बनाकर नाबाद रहे। जॉर्ज डॉकरेल ने अंत में 9 गेंद में आकर 5 छक्के की मदद से 35 रन ठोके। गेरथ डिलेनी ने भी फिफ्टी जड़ी और 56 रन बनाए।

ओमान के लिए सबसे सफल गेंदबाज शकील अहमद रहे, जिन्होंने 3 विकेट लिए। 1-1 विकेट फैसल शाह और आमिर कलीम ने लिए। बता दें कि आयरलैंड का यह टी20 में सबसे बड़ा स्कोर है। इसके अलावा टी20 वर्ल्ड कप में यह दूसरा सबसे बड़ा टीम टोटल है।

# चिन्नास्वामी स्टेडियम में 2 स्टैंड हुए नाम, भावुक हो गए राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले ने भी कही दिल की बात

बैंगलुरू, 14 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के दो दिग्गज खिलाड़ी राहुल द्रविड़ और अनिल कुंबले को केसीए यानी कर्नाटक स्टेट क्रिकेट ऐसोसिएशन द्वारा खास सम्मान दिया गया है। दोनों लीजेंड प्लेयर्स के नाम पर बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दो स्टैंड का नाम रखने का फैसला केएससीए ने किया है। कर्नाटक स्टेट क्रिकेट ऐसोसिएशन के अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद का यह फैसला था। बता दें कि वेंकटेश भारत के पूर्व खिलाड़ी हैं और राहुल और कुंबले के साथ खेल भी चुके हैं।एम. चिन्नास्वामी में अपने नाम पर स्टैंड का नाम रखे जाने के फैसले के बाद राहुल द्रविड़ शुक्रिया व्यक्त करते हुए काफी इमोशनल नजर आए। एक इवेंट में उन्होंने कहा, 'करियर के शुरुआती दिनों में यह मैदान मेरे लिए दूसरे घर जैसा था। मैं घर से ज्यादा समय यहां बिताता था। बहुत खुशी और बड़ी निराशा दोनों का अनुभव इस मैदान पर हुआ है।' द्रविड़ ने कहा, 'मैं आज जो कुछ भी हूं उसमें इस जगह का सबसे बड़ा योगदान है। इस ग्राउंड ने मेरी जिंदगी में जो कुछ भी दिया है उसे बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है।' इस अवसर पर द्रविड़ ने अपने बचपन को याद करते हुए बताया कि कैसे पिता के साथ ग्राउंड पर जाने से क्रिकेट के साथ उनका जिंदगी भर का रिश्ता बना और उसके बाद के सफर को दिशा मिली।द्रविड़ ने कहा, 'मैं सच में शुक्रगुजार हूं कि वेंकटेश प्रसाद और उनकी कमेटी ने मेरे नाम पर एक स्टैंड का नाम रखने का सोचा। मुझे पता है कि यह बहुत मायने रखेगा। यह मेरे परिवार के लिए बहुत बड़ी बात होगी। मेरे पिता, आप में से बहुत से लोग जानते होंगे, खेल से प्यार करते हैं। और खेल के लिए जो प्यार मुझमें है, उसे बनाने में उनका बहुत बड़ा हाथ है। वह मुझे यहां कई मैचों में ले आए, सिर्फ टेस्ट मैच ही नहीं बल्कि रणजी ट्रॉफी के मैच भी। जब भी वह छुट्टी लेते, तो वह मुझे हर मैच में कम से कम एक दिन क्रिकेट



खेलने के लिए लाते थे, जब मैं छोटा बच्चा था। मुझे लगता है कि आज उन्हें यह जानकर बहुत गर्व होगा कि उनके बेटे के नाम पर एक एंड का नाम रखा गया है।'

मीडिया रिलीज में कुंबले के हवाले से कहा गया, 'मुझे नहीं लगता कि यह कहना गलत होगा कि हमारे सभी योगदानों ने कर्नाटक क्रिकेट को वह बनाया है जो वह है, ठीक वैसे ही जैसे कर्नाटक क्रिकेट ने हम सभी को बनाया है। यह असल में इस बारे में नहीं है कि किसका नाम किस स्टैंड पर है। यह सच में खास है कि सभी योगदानों को पहचान मिली है और अब वे स्टेडियम में हमेशा के लिए अंकित हो गए हैं।'

बता दें कि राहुल द्रविड़ और अनिल कुंबले दोनों ही भारत के कप्तान रह चुके हैं। राहुल द्रविड़ ने भारत के लिए 164 टेस्ट, 344 वनडे और एकमात्र टी20 मुकाबला खेला है। टेस्ट में उन्होंने 36 शतक और 63 फिफ्टी के साथ 13288 रन बनाए हैं। वनडे में 12 शतक और 83 अर्धशतक के चलते 10889 रन बनाए हैं। टी20 में उनके नाम 31 रन हैं। अनिल कुंबले ने भारत के लिए 132 टेस्ट और 271 वनडे मुकाबले खेले हैं।

# भारत-पाक महामुकाबले पर हरभजन की सलाह

## टीम इंडिया को स्पिनर उस्मान तारिक से सावधान रहना होगा ; मोंगिया ने हार्दिक पंड्या को गेम चेंजर बताया

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले हाई-वोल्टेज मैच से पहले पूर्व क्रिकेटरों ने टीम इंडिया की जीत का भरोसा जताया है। दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि भारतीय टीम पाकिस्तान को हराने में सक्षम है, हालांकि उन्होंने भारतीय बल्लेबाजों को पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक से सावधान रहने की सलाह भी दी है। वहीं, पूर्व विकेटकीपर नयन मोंगिया ने कहा कि भारतीय युवा अब निडर होकर खेलते हैं और पाकिस्तान पर लगातार हार का मनोवैज्ञानिक दबाव रहेगा। हरभजन सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भारत की टीम मजबूत और संतुलित है, लेकिन मैच के दौरान धैर्य और आत्मविश्वास बनाए



रखना जरूरी होगा। उन्होंने कहा,'भारत यह मैच जीतेगा। पाकिस्तान के पास उस्मान तारिक जैसा अच्छा स्पिनर है, इसलिए उसे संभलकर खेलना होगा। भारतीय टीम बहुत अच्छी है। हमें उम्मीद है कि खिलाड़ी बिना दबाव के अपना स्वाभाविक खेल दिखाएं और जीत हासिल करें।' पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक हाल के टी-20 मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कम औसत से कई विकेट लिए हैं और विरोधी बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। हालांकि, उनके बॉलिंग एक्शन को लेकर कुछ लोगों ने सवाल उठाए हैं और इसकी नियमों के अनुरूप होने पर विवाद भी बना हुआ है।

पूर्व भारतीय विकेटकीपर नयन मोंगिया ने भी भारत की जीत की उम्मीद जताई है। उनका मानना है कि मौजूदा समय में भारतीय टीम का आत्मविश्वास काफी ऊंचा है। मोंगिया ने कहा,'यह मुकाबला रोमांचक होगा और हमें उम्मीद है कि भारत जीतेगा। जिस तरह टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर रही है और कप्तान आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं, उससे टीम का आत्मविश्वास साफ दिखता है। पाकिस्तान लगातार सात-आठ बार आईसीसी टूर्नामेंट में हार चुका है, इसलिए उन पर ज्यादा दबाव रहेगा।' उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक क्रिकेट में मैच का रुख कभी भी बदल सकता है। 'अब क्रिकेट बहुत बदल गया है। भारत के युवा खिलाड़ी निडर हो गए हैं। एक ओवर, एक चौका या एक छक्का भी मैच पलट सकता है।' मोंगिया को ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या से भी शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। हार्दिक का पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड अच्छा रहा है और वे दबाव भरे मैचों में टीम के लिए अहम भूमिका निभा सकते हैं। कुल मिलाकर, पूर्व खिलाड़ियों का मानना है कि अगर भारतीय टीम बिना दबाव के अपना स्वाभाविक खेल दिखाती है और प्रमुख खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा रहता है, तो पाकिस्तान के खिलाफ जीत हासिल करना मुश्किल नहीं होगा।

# 153 रन चेज करने में फूली सांसे, नेपाल के बाद स्कॉटलैंड ने भी दिया इंग्लैंड को झटका, बाल-बाल बचे अंग्रेज

कोलकाता, 14 फरवरी (एजेंसियां)। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 23वें मुकाबले में इंग्लैंड की टीम ने स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हराकर लगातार अपनी दूसरी जीत दर्ज की है। इस मैच में स्कॉटलैंड की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 152 रन बोर्ड पर लगाए थे। जवाब में इंग्लैंड की टीम ने 19वें ओवर तक आते-आते इस स्कोर को चेज कर लिया।इंग्लैंड ने आदिल रशीद के तीन विकेट और लियाम डॉसन के दो विकेट से शनिवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप सी के अहम मैच में स्कॉटलैंड की पूरी टीम को 19.4 ओवर में 152 रन पर समेट दिया। अनुभवी लेग स्पिनर रशीद ने 36 रन देकर तीन विकेट झटके और बाएं हाथ के स्पिनर डॉसन ने 34 रन देकर दो विकेट हासिल किए। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को दो विकेट मिले। स्कॉटलैंड तीन विकेट पर 113 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था और ऐसा लग रहा था कि टीम 200 रन का आंकड़ा पार कर लेगी जिसमें कप्तान रिकी बेरिंगटन (49 रन) और टॉम ब्रूस (24 रन) अच्छी लय में दिख रहे थे। लेकिन इंग्लैंड की स्पिन जोड़ी ने बीच ओवरों में पारी का रूख ही बदल दिया जिससे जो बड़ा स्कोर बनने की उम्मीद थी, वह उम्मीद से कम रह गया।अपने पहले दो ओवर में 26 रन देने के बाद रशीद ने मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने बेरिंगटन को अर्धशतक से एक रन पहले आउट किया। अपने अगले ओवर में रशीद ने तीन गेंद में मैथ्यू क्रॉस और मार्क वाट के रूप में दो विकेट लिए। इंग्लैंड की स्पिन जोड़ी ने चार ओवर में पांच विकेट झटके जिससे स्कॉटलैंड का स्कोर तीन विकेट प 113 रन से 8 विकेट पर 127 रन हो गया। टीम ने बीच के ओवर में 14 रन पर पांच विकेट गंवा दिए। जेमी ओवरटन (23 रन देकर एक विकेट) ने भी कसी गेंदबाजी की जिससे स्कॉटलैंड उबरने में नाकाम रहा।

# भारत-पाक मैच से पहले फिंच ने कहा अभिषेक फिट हों तो टीम और खतरनाक, स्पिन से निपटने की क्षमता भारत में

स्पोर्ट्स डेस्क , 14 फरवरी (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एरॉन फिंच ने कई अहम मुद्दों पर बात की। शुक्रवार को मीडिया-डे पर जियोस्टार एक्सपर्ट फिंच ने कहा कि अगर अभिषेक शर्मा फिट होकर वापसी करते हैं तो भारत की टीम और भी मजबूत हो जाएगी। फिंच के मुताबिक, अभिषेक गेंद की पहली ही डिलीवरी से अटैक पर हावी होने की क्षमता रखते हैं और दुनिया में बहुत कम खिलाड़ी हैं जो इस अंदाज में लगातार दबाव बना सकें। हालांकि उन्होंने यह भी जोड़ा कि टूर्नामेंट के आगे के स्टेज को ध्यान में रखते हुए टीम मैनेजमेंट को जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। दैनिक भास्कर के सवाल पर फिंच ने कहा, पाकिस्तान के खिलाफ भारत स्पिन अटैक से निपटने के लिए काफी समझदारी दिखाएगा। दिल्ली में खेले गए मुकाबले में इरास्मस ने चार विकेट लिए थे, जहां पिच मैच के आगे बढ़ने के साथ थोड़ी धीमी हो गई थी। हालांकि भारतीय बल्लेबाज स्पिन खेलने में माहिर हैं, लेकिन कोलंबो में उन्हें अपनी रणनीति बदलनी होगी। कोलंबो की परिस्थितियां भारत से अलग हैं। यहां के मैदान बड़े हैं और बाउंड्री लंबी है, जबकि पिचें आमतौर पर खासकर मिडिल ओवरों में बल्लेबाजी के लिए सपाट रहती हैं। ऐसी परिस्थितियों में बल्लेबाजों को हर गेंदबाज पर हमला करने के बजाय अपने खास मैच-अप को टारगेट करना होगा। बड़ी बाउंड्री के कारण हल्की सी गलती भी कैच में बदल सकती है। इसलिए शॉट सिलेक्शन और धैर्य दोनों



महत्वपूर्ण होंगे। भारत के पास अनुभव की कमी नहीं है। टीम में बाएं और दाएं हाथ के बल्लेबाजों का अच्छा संतुलन है, जो स्पिन के खिलाफ काफी अहम साबित होता है। एक जैसे हाथ के दो बल्लेबाज क्रीज पर होने से विपक्षी टीम स्पिन का फायदा उठा सकती है, लेकिन भारत ने इस पहलू को भी संतुलित रखा है।

# 'वेलेंटाइन्स डे' पर 30 देशी पिल्लों को नया घर मिला

## ✻ मंत्रियों और सांसद ने पिल्लों को गोद लेने की अपील की



हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहरवासियों से 'खरीदें नहीं, गोद लें' का संदेश देते हुए मंत्रियों सीतक्का और कोंडा सुरेखा तथा सांसद रेणुका चौधरी ने नागरिकों से भारतीय देशी नस्ल के पिल्लों को अपनाकर उन्हें सुरक्षित और स्नेहपूर्ण घर देने का आह्वान किया। यह अपील ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम द्वारा शनिवार सुबह केबीआर पार्क, बंजारा हिल्स में आयोजित विशेष गोद लेने शिविर के दौरान की गई।

यह कार्यक्रम 'वेलेंटाइन्स डे' के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य जिम्मेदार पालतू पालन को प्रोत्साहित करना और सड़कों पर आवारा कुत्तों की संख्या कम करना था। मंत्रियों और सांसद ने शिविर का शुभारंभ किया, आगंतुकों से बातचीत की और स्वयं आगे आकर पिल्लों को गोद लेने वाले नागरिकों को सौंपा। उन्होंने नगर निगम की इस पहल की सराहना करते हुए सुझाव दिया कि ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए। सभा को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कुत्तों को लंबे समय से मनुष्य का वफादार साथी माना जाता है। देशी पिल्लों को गोद लेने से न केवल उन्हें आश्रय मिलेगा, बल्कि मनुष्य और पशु के बीच स्नेह का संबंध भी मजबूत होगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि गोद लिए गए पिल्लों को परिवार के सदस्य की तरह रखें। उन्होंने यह भी जोर दिया कि पालतू पशुओं की समय पर टीकाकरण और नसबंदी कराना अत्यंत आवश्यक है, ताकि उनकी सेहत और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

शिविर में विभिन्न प्रकार के 50 स्वस्थ, कृमिनाशक दवा दिए गए और टीकाकृत देशी पिल्लों को गोद लेने के लिए रखा गया था, जिनमें से 30 पिल्लों को नया घर मिल गया। कार्यक्रम में पशु प्रेमियों और परिवारों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। 'वेलेंटाइन्स डे' पर आयोजित यह गोद लेने अभियान करुणा, अपनत्व और मनुष्य तथा उसके चार पैरों वाले साथी के बीच अटूट संबंध का प्रतीक बना। इस अवसर पर खैरताबाद क्षेत्रीय आयुक्त प्रियंका आला, निगम के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अब्दुल वकील, उपनिदेशक डॉ. रामकृष्ण तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नुमाइश का समापन 15 फरवरी को, समय नहीं बढ़ेगा

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारतीय औद्योगिक प्रदर्शनी (नुमाइश) रविवार को नामपल्ली में समाप्त हो जाएगी और इसके समय में कोई विस्तार नहीं किया जाएगा। यह वार्षिक मेला 1 जनवरी को शुरू हुआ था और 46वें दिन यानी 15 फरवरी को खत्म होगा। आयोजकों के अनुसार शहर और आसपास के जिलों से लाखों लोग मेले में पहुंच चुके हैं। सप्ताहांत पर विशेष रूप से परिवारों की भारी भीड़ देखी जा रही है। देशभर से करीब 1,050 व्यापारी इस आयोजन में भाग लेकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं।

## देश का पहला 'डिफ्रीज अकाउंट्स मेला' आयोजित



हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने देश में पहली बार 'डिफ्रीज अकाउंट्स मेला' का आयोजन कर एक नई पहल की। यह विशेष कार्यक्रम साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय के सभागार में आयोजित किया गया, जहां साइबर धोखाधड़ी की जांच के दौरान फ्रीज किए गए बैंक खातों के पात्र खाताधारकों को नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी ) सौंपे गए।

इस अवसर पर साइबर क्राइम डीसीपी टी. साई मनोहर ने बताया कि साइबर ठगी के मामलों में पीड़ित जब 1930 हेल्पलाइन या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी)के माध्यम से शिकायत दर्ज कराते हैं, तो संदिग्ध लेन-देन से जुड़े बैंक खातों को तुरंत फ्रीज कर दिया जाता है, ताकि धनराशि के दुरुपयोग को रोका जा सके। हालांकि जांच के दौरान यह पाया गया कि कुछ फ्रीज किए गए खाते ऐसे व्यक्तियों के थे जिनका किसी भी आपराधिक गतिविधि से कोई संबंध नहीं था।

डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने विशेष सत्यापन अभियान चलाते हुए एनसीआरपी प्रणाली के माध्यम से फ्रीज किए गए लगभग 110 खातों की जांच की। खाताधारकों की पहचान, लेन-देन का विवरण और संबंधित दस्तावेजों की विस्तृत जांच के बाद निर्दोष पाए गए खातों को विधिक प्रक्रिया पूरी कर डिफ्रीज किया गया। उन्होंने कहा कि इस पहल से निर्दोष नागरिकों को समय पर राहत मिली है और पुलिस को संगठित साइबर अपराधियों पर ध्यान केंद्रित करने में सुविधा होगी। कार्यक्रम में एसीपी ए. रविंदर रेड्डी सहित इंस्पेक्टर राघवेंद्र, शिवाप्रसाद, रामिरेड्डी, दुर्गा रामलिंगा प्रसाद, विजय कुमार, मधु और अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने जीएचएमसी का दौरा किया

> आयुक्त ने नगर निगम की कार्यप्रणाली की जानकारी दी



हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत शीतकालीन अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम के तहत वर्ष 2025 बैच के विभिन्न राज्यों से आए प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने शनिवार को जीएचएमसी मुख्यालय का दौरा किया।

प्रशिक्षु अधिकारियों ने आयुक्त आर.वी. कर्णन से भेंट कर अपना परिचय दिया। इसके पश्चात आयुक्त ने नगर निगम की कार्यप्रणाली, दायित्वों और प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने निगम की संरचना, वैधानिक कर्तव्यों, शहरी प्रशासन में आने वाली चुनौतियों तथा विभिन्न नीतियों के क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला। आयुक्त ने तेजी से विस्तार कर रहे महानगर में नागरिक सेवाओं को प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, अभियांत्रिकी एवं आधारभूत संरचना विकास कार्य, हस्तांतरणीय विकास अधिकार नीति का क्रियान्वयन, कल्याणकारी योजनाएं तथा सूचना प्रौद्योगिकी आधारित सेवाओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

उन्होंने भवन अनुज्ञा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से विकसित 'बिल्डनाउ' अनुप्रयोग का भी उल्लेख किया। आयुक्त ने कहा कि समग्र योजना, क्षेत्रीय स्तर पर निगरानी और प्रौद्योगिकी के उपयोग से महानगर प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। इस दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा उठाए गए विभिन्न प्रश्नों का समाधान किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्तों, क्षेत्रीय आयुक्तों और विभागाध्यक्षों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए शहरी प्रशासन में अपनाई जा रही श्रेष्ठ प्रक्रियाओं और चुनौतियों पर विस्तार से जानकारी दी।












Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.